हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 18.02.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 204 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई 'बजट' की रूपरेखा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के षष्ठम सत्र के पंचम (बजट) सत्र (18 फरवरी से 19 मार्च 2026) के सुचारु संचालन और बजट की रूपरेखा को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री कक्ष, झारखंड विधानसभा में हुई इस बैठक में राज्य की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में अपनी भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ हुई बातचीत से राज्य में निवेश के नए अवसर खुल सकते हैं। उन्होंने ट्राईबल वेलफेयर, छात्रवृत्ति और जनहित से जुड़े मुद्दों को भी बजट में प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बजट सत्र समय पर और पूरी तैयारी के साथ आयोजित हो। उन्होंने वित्त विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विभागीय तैयारी में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के लिए भी पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

इधर 18 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक आहूत बजट सत्र की तैयारियों को लेकर डॉ. श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में सत्ता पक्ष के मंत्रियों और विधायकों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं मुख्यमंत्री ने की। बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बजट सत्र को लेकर सरकार की सक्रियता से प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

## विधानसभा का बजट सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में सुचारु संचालन पर बनी सहमति



**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र बुधवार से प्रारंभ होने जा रहा है। सत्र के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन को लेकर मंगलवार को विधानसभा परिसर में अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बताया कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चले, इसके लिए सभी दलों के नेताओं एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सदन में प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों, प्रतिवेदनों और अन्य कार्यों से संबंधित सामग्रियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लंबित प्रश्नों के उत्तर समय पर उपलब्ध कराए जाएं, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और विधि-व्यवस्था की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने सभी दलों से अपील की कि इन महत्वपूर्ण विषयों पर सदन में गंभीर और सार्थक चर्चा हो, ताकि जनहित से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान निकल सके। अध्यक्ष महतो ने बताया कि 23 फरवरी को झारखंड में नगर पंचायत चुनाव निर्धारित है। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया जाएगा कि 23 फरवरी को सदन की कार्यवाही स्थगित रखी जाए, ताकि सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदन का व्यवस्थित संचालन अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों की सकारात्मक भूमिका जरूरी है।

टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन का उद्घाटन

# एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा भारत : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा-एयरबस के एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर फाइनल असेंबली का मुंबई से वर्चुअली उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में एक ऐसा हेलिकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भर सके। बता दें कि पीएम मोदी ने यह बातें तब कही जब दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। असेंबली लाइन वह जगह है जहां हेलिकॉप्टर का ढांचा, इंजन, पंखे और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अलग-अलग चरणों में जोड़े जाते हैं और यहीं पूरा हेलिकॉप्टर तैयार होता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश होने की उम्मीद है। इससे हमारी कुशल और मेहनती युवा पीढ़ी के लिए सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के मौके पैदा होंगे। फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन आज 6वीं भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा वार्ता के लिए बेंगलुरु पहुंचीं। वार्ता में रक्षा सहयोग समझौता अगले दस साल के लिए नवीनीकरण करने और हैमर मिसाइल बनाने को लेकर संयुक्त उपक्रम के लिए समझौता करने पर फोकस होगा। इससे पहले राजनाथ सिंह के साथ फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन कर्नाटक के वेमगल में एयरबस एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान जियो एआई पवेलियन का दौरा किया, जहां जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और स्मार्ट होम सॉल्यूशंस में कंपनी के एआई-आधारित परिवर्तन को प्रदर्शित किया।

## एक नजर

### सुनेत्रा पवार ने की अजित पवार विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग

**मुंबई :** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर अजित पवार विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। इस मौके पर राकांपा एपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, मंत्री हसन मुश्रीफ और पार्थ पवार मौजूद थे। मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात के बाद राकांपा एपी अध्यक्ष सुनील तटकरे ने पत्रकारों को बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद कुछ शंका व्यक्त की जा रही है और विमान हादसे की सच्चाई आम जनता जानना चाहती है। इसलिए इस घटना की गहन छानबीन और हर तरह के तथ्यों की जांच देश की उच्च स्तरीय जांच एजेंसी सीबीआई से करवाना जरुरी है।

# पाकिस्तान में सुरक्षा चौकी से टकराई बारूद से भरी गाड़ी, 11 जवानों की मौत, 12 आतंकी ढेर



एजेंसी

**बाजौर :** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में मंगलवार को एक भीषण आतंकवादी हमले ने पूरे देश को दहला दिया। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक संयुक्त चौकी को निशाना बनाते हुए विस्फोटकों से भरी गाड़ी से आत्मघाती हमला किया, जिसमें 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इस हमले की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची की भी जान चली गई और सात अन्य नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, यह हमला 16 फरवरी को सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की एक साझा चेक पोस्ट पर हुआ। आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम होने के बाद हताशा में विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को चेक पोस्ट की दीवार से टकरा दिया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि चेक पोस्ट की पूरी इमारत ढह गई, जिसके मलबे में दबने से 11 जवानों की शहादत हो गई।

इस कायरतापूर्ण हमले का असर केवल सैन्य चौकी तक सीमित नहीं रहा। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पास के नागरिक आवासों को भी भारी नुकसान पहुंचा। मलबे और धमाके की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। महिलाओं और बच्चों समेत 7 अन्य नागरिक घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेना ने इस हमले के पीछे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का हाथ बताया है। करढफ के बयान के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने त्वरित जवाबी कार्रवाई की और भागते हुए हमलावरों पर सटीक निशाना साधा, जिसमें 12 आतंकवादी ढेर कर दिए गए। हमले के बाद पूरे बाजौर जिले और आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सेना ने स्पष्ट किया है कि आतंकवाद के खिलाफ यह लड़ाई अंतिम अपराधी के खात्मे तक जारी रहेगी।

# बांग्लादेश में अब 'रहमान राज', राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ



एजेंसी

**ढाका :** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के प्रमुख तारिक रहमान ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 49 अन्य सांसदों को मंत्री बनाया गया है। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने श्री रहमान और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाग लिया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी थे।

देश में 36 सालों के बाद कोई पुरुष देश का प्रधानमंत्री बना है। मंत्रिमंडल में 25 कैबिनेट मंत्री तथा 24 राज्य मंत्री शामिल किए गए हैं। कैबिनेट मंत्रियों में मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खुसरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद, मेजर (सेवानिवृत्त) हाफिज उद्दीन अहमद, अबू जफर मोहम्मद जाहिद हुसैन, डॉ. खलीलुर रहमान, अफरोजा खानम रीता और निताई रॉय चौधरी शामिल हैं।

राज्य मंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में एम राशिदुज्जमां मिल्लत, अनिंद्य इस्लाम अमित, मोहम्मद शरीफुल आलम, शमा ओबैद इस्लाम, सुल्तान सलाहुद्दीन टुकू, बैरिस्टर कैसर कमाल और फरजाना शरमीन शामिल हैं। इससे पहले ढाका के एयरबेस पर बंगलादेश विदेश मंत्रालय के सचिव डॉ. मोहम्मद नजरुल इस्लाम, बंगलादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा और भारत में बंगलादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद रियाज हमीदुल्ला ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ विद्रोह के कारण सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के सलाहकार के तौर पर देश की बागडोर संभाल रहे थे। श्री रहमान गत दिसम्बर में 17 साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे थे। उनकी मां खालिदा जिया कई वर्षों तक देश की प्रधानमंत्री रहीं थीं। उनका 30 दिसम्बर 2025 को निधन हो गया था।

श्री यूनुस की देखरेख में करीब आठ महीने चले शासन के बाद 12 फरवरी को आम चुनाव हुए, जिसमें बीएनपी ने 299 में से 209 सीटें जीतकर कर इतिहास रच दिया।

## ओम बिड़ला ने बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात



**ढाका :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। बिड़ला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भेजे गया पत्र भी तारिक रहमान को सौंपा। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की।

# देश में एआई की पांचों परतों में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर का निवेश : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।




वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षा संस्थान कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे तकनीकी समाधान तैयार कर रहा है, जो एआई के दुष्प्रभावों को रोक सकें। एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसन हुआंग के सम्मेलन में शामिल न होने पर वैष्णव ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से आने में असमर्थता जताई, लेकिन अपनी वरिष्ठ टीम को भेजा है। एनवीडिया भारत की कई कंपनियों के साथ मिलकर एआई ढांचा और सॉफ्टवेयर के बड़े निवेश कर रहा है।

वैष्णव ने कहा कि भारत अपने मजबूत आईटी सेक्टर में तकनीकी बदलाव को रणनीतिक रूप से संभाल रहा है। सरकार, उद्योग और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से कर्मचारियों की प्रतिभाओं को निखारना, नई प्रतिभा तैयार करना और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करना प्रमुख उद्देश्य है। एआई आधारित रीस्किलिंग और 100 से अधिक कॉलेजों में पाठ्यक्रम सुधारों के जरिए युवाओं को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार किया जा रहा है।

## एआई भारत को बनाएगा ज्ञान महाशक्ति : धर्मेंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को "इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026" में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत की तकनीकी प्रगति की यात्रा में नया अध्याय जोड़ेगा और देश को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत मंडपम में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित "पुशिंग द फ्रंटियर ऑफ एआई इन इंडिया" विषयक विशेष सत्र में प्रधान ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य भारत में एआई के विकास को प्रोत्साहित करना और वैश्विक मंच पर देश की क्षमता को प्रदर्शित करना है। भारत तीव्र गति से एआई को अपनाते हुए वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है और "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य की प्राप्ति में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रधान ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में एआई का उपयोग और एआई आधारित शिक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। आज की युवा पीढ़ी नई सोच और नवाचार की क्षमता से परिपूर्ण है।

# बारिश से ऑस्ट्रेलिया का ग्रुप चरण में थमा सफर, जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पल्लेकेले में 17 फरवरी को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच होने वाला अहम मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, लेकिन इस रद्द मैच ने पूरे ग्रुप इ की तस्वीर बदल दी। मुकाबला धुलने से जिम्बाब्वे को एक महत्वपूर्ण अंक मिला, जिसके साथ उसने सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस नतीजे ने पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के अभियान पर फुल स्टाप लगा दिया और टी20 विश्व कप से बाहर हो गई। आयरलैंड और ओमान भी अब टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

2021 का टी20 वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया इस बार सुपर 8 में जगह बनाने में नाकाम रहा। अपने पहले तीन मुकाबलों में से दो हारने के बाद टीम को अन्य परिणामों पर निर्भर रहना पड़ा। लेकिन पल्लेकेले में बारिश से रद्द हुए मैच ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



जिम्बाब्वे को मिले एक अंक ने अंक तालिका में उसे मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया गणितीय रूप से बाहर हो गया। 17 साल में यह पहला मौका है जब ऑस्ट्रेलियाई टीम सुपर 8 चरण तक नहीं पहुंच सकी।

ऑस्ट्रेलिया का अभियान पहले ही कमजोर पड़ चुका था। श्रीलंका से आठ विकेट की करारी हार ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी थीं। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार भी निर्णायक साबित हुई। इन नतीजों के चलते ओमान के खिलाफ उनका आखिरी ग्रुप मैच अब सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है। टीम के पास अब सिर्फ सम्मान बचाने का मौका है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर 8 में जगह बनाई। यह टीम पिछली बार वेस्ट इंडीज और अमेरिका में आयोजित टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी, लेकिन इस बार उसने दमदार वापसी की है। सिकंदर रजा की अगुआई में जिम्बाब्वे ने ग्रुप इ में मजबूती दिखाई। अब उसके पास ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने का भी मौका है, जब वह 19 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका से भिड़ेगा।

## एक नजर

### दनुआ घाटी में पलटा कोयला लदा ट्रक पुलिस की तत्परता से टला जाम

**चौपारण :** जीटी रोड स्थित दनुआ घाटी में मंगलवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। कोयला लदा 14 चक्का ट्रक (संख्या एनएल 01 ए ए 0187) अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक और खलासी को मामूली चोटें आईं, हालांकि दोनों पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद ट्रक सड़क पर आड़े गिर जाने से जीटी रोड की एक लेन पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे कुछ देर के लिए यातायात जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए दूसरी लेन से दोनों ओर के वाहनों का आवागमन शुरू कराया। इससे यातायात की गति धीमी रही, लेकिन सड़क पूरी तरह बंद होने से बच गई। पुलिस द्वारा क्रेन मंगाकर सड़क से ट्रक हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई, ताकि जल्द से जल्द यातायात सामान्य किया जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घाटी क्षेत्र में तीखा मोड़ और ढलान होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे यह दुर्घटना हुई।

### डीजे संचालकों एवं अखाड़ा कमेटी के सदस्यों के साथ प्रशासन की बैठक



**बरही :** आने वाले त्योहारों को लेकर बरही थाना परिसर में डीजे संचालकों और अखाड़ा कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सीओ चंद्रशेखर कुणाल और संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया। बैठक में बरही के दर्जनों अखाड़ा कमेटी सदस्य एवं डीजे संचालक शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने अखाड़ा कमेटी के सदस्यों से रामनवमी पूजा और रामनवमी जुलूस के रूट चार्ट की जानकारी ली। थानाप्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि रामनवमी पूजा के लिए कोई कमेटी का लाइसेंस नहीं बन सका है तो वह थाना में आवेदन देकर लाइसेंस बनवा सकते है। बरही प्रशासन ने रामनवमी में डीजे नहीं बजाने की लोगों से अपील की है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मोतीलाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कांग्रेस नेता मो तौकीर समेत सैकड़ो अन्य लोग मौजूद थे।

### वृद्ध दंपति की हत्या को लेकर पुत्र ने अज्ञात के खिलाफ थाने में दिया आवेदन

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत के बाबूपारा गांव में रविवार को रात में अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर वृद्ध दंपति रिटायर्ड सीसीएल कर्मी 80 वर्षीय वकील राम एवं उनकी पत्नी 65 वर्षीय झुनिया देवी की गला रेत कर हत्या कर देने मामले को लेकर पुत्र रामविलास राम ने अज्ञात के खिलाफ बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में हत्या के पश्चात हत्यारों के द्वारा जेवरात चोरी कर ले जाने का जिक्र किया गया है । जिसमें 200 ग्राम चांदी का कड़ा (पहूंची), 200 ग्राम चांदी का चूड़ी, 150 ग्राम चांदी का गले का चेन ( सिकड़ी) गायब है । घटना को लेकर बाबूपारा पूरा गांव में मातम पसर गया है और लोग डर एवं भय के साए में जी रहे हैं। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस जांच कमेटी बनाई गई है आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए जांच पड़ताल की जा रही है।

# रामगढ़ में अपराध पर जीरो टॉलरेंस, आईजी ने संगठित गिरोहों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर (भा.पु.से.) के रामगढ़ आगमन पर जिला पुलिस महकमे में हलचल तेज रही। पुलिस कार्यालय, रामगढ़ में पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार तथा सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू गौरव गोस्वामी ने उनका स्वागत किया। पुलिस केंद्र, रामगढ़ में परिचारी प्रवर मंदु यादव के नेतृत्व में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ने संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा की गई फायरिंग, आगजनी और पोस्टरबाजी की घटनाओं की कांडवार समीक्षा की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना एवं ओपी प्रभारी तथा अनुसंधानकर्ताओं की उपस्थिति में लंबित मामलों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से उन अपराधियों की स्थिति की समीक्षा की गई जो जेल से रिहा हो चुके हैं या जमानत पर बाहर हैं। उनके विरुद्ध की गई सर्विलांस प्रोसीडिंग, डोजियर और सीसीए के तहत की गई कार्रवाई का भी आकलन किया गया। बैठक के उपरांत पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए। प्रत्येक दिन अलग-अलग समय और स्थान पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने तथा उसकी प्रविष्टि रक्षक ऐप में अनिवार्य रूप से दर्ज करने को कहा गया। आसूचना तंत्र को और मजबूत बनाने तथा संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। ई-प्रिजन पोर्टल के माध्यम से अपराधियों की वर्तमान स्थिति पर सतत निगरानी रखने को कहा गया। जो अपराधी जेल से बाहर आ चुके हैं, उनकी गतिविधियों का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार सीसीए के तहत निगरानी, जिला बदर, थाना हाजिरी और डोजियर जैसी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में काराधीन संगठित गिरोह के अभियुक्तों के विरुद्ध भी सीसीए के तहत निरुद्ध करने की प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया गया। अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज मामलों में साक्ष्य के आधार पर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा संगठित गिरोह से जुड़े मामलों में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से त्वरित सजा दिलाने पर जोर दिया गया। न्यायालय से समय पर वारंट, इश्तेहार और कुर्की आदेश प्राप्त कर लंबित कार्रवाई को अविलंब पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए थाना एवं ओपी क्षेत्रों के प्रवेश और निकास मार्गों पर स्लाइडिंग बैरियर एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा वाहनों की सघन जांच करने को कहा गया। ब्लैक फिल्म लगे चारपहिया वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई और सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी कर नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि घर खाली छोड़कर बाहर जाने से पहले संबंधित थाना या ओपी को सूचना दें, ताकि नियमित पेट्रोलिंग के माध्यम से निगरानी रखी जा सके। पुलिस महानिरीक्षक ने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हर स्तर पर सख्ती बरती जाएगी और कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## सुदेश कुमार के समर्थन में सड़कों पर उतरे सांसद-विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर मंगलवार को भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी सुदेश कुमार के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल और हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क किए। अभियान की शुरूआत बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद जनसंपर्क का कारवां अंबेडकर नगर, गड़ी खाना, बंशीलाल चौक, बड़ा बाजार, ग्वालटोली, मल्लाह टोली, विष्णु मंदिर गली, सरदार चौक, खिरगांव, हुरहुरु एवं पतरातु तक पहुंचा। चौक-चौराहों पर लोगों की टोलियां पहले से स्वागत के लिए मौजूद थी फूल-मालाओं, गुलदस्तों और नारों के साथ सांसद, विधायक एवं महापौर प्रत्याशी का भव्य अभिनंदन किया गया। कई स्थानों पर स्थानीय महिलाओं और बुजुर्गों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए समर्थन का आश्वासन दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और चुनावी माहौल चरम पर रहा। सड़कों पर उमड़ा जनसमर्थन इस बात का संकेत दे रहा था कि नगर निगम चुनाव को लेकर जनता पूरी तरह सक्रिय और सजग है।

## घर से निकले युवक की डोभा में डूबने से मौत, गांव में पसरा मातमी सन्नाटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड के पंचायत बच्छई निवासी भीखन यादव के 33 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार यादव की डोभा में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को सुनील कुमार यादव घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने रातभर उसकी खोजबीन की, परंतु कोई सुराग नहीं मिल सका। मंगलवार की सुबह गांव के कुछ लोग पशुओं को चराने जंगल की ओर गए, इसी दौरान जंगल स्थित डोभा में पानी के ऊपर तैरती हुई चप्पल दिखाई दी। इससे अनहोनी की आशंका गहराई। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा डोभा में झगर डालकर तलाश शुरू की। कुछ ही देर में झगर में कपड़ा फंसने पर ग्रामीणों ने बलपूर्वक खींचा, जिससे सुनील का शव पानी से बाहर निकाला गया। आशंका जताई जा रही है कि जंगल से गुजरने के दौरान सुनील का पैर फिसल गया और वह डोभा में गिर गया। अकेले होने के कारण समय पर मदद नहीं मिल सकी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच चौकीदार अशोक रविदास ने की, जिसके बाद एएसआई मो० कमरुद्दीन ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए बरही भेज दिया। वहीं पंचायत के बिरेंद्र रजक ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और प्रशासन से डोभा के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। मौके पर पंचायत सेवक उगन महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बैजनाथ यादव, वार्ड सदस्य सुजीत यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## चौपारण में साइबर ठगी का बड़ा मामला फर्जी बैंक कर्मी बनकर 2.70 लाख की ठगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। ताजा मामले में एक महिला ओटीपी साझा करने की भूल कर बैठी, जिसका फायदा उठाकर साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से 2 लाख 70 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली। घटना के बाद पीड़िता ने थाना में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौपारण निवासी शोभा कुमारी, पति सोनू राणा का खाता बैंक ऑफ इंडिया की चौपारण शाखा में संचालित है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि 11 फरवरी 2026 की शाम करीब 4:13 बजे मोबाइल नंबर 1600413345 से एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने स्वयं को बैंक कर्मी बताते हुए खाते से संबंधित जानकारी और ओटीपी मांगा। झांसे में आकर जैसे ही पीड़िता ने ओटीपी साझा किया, कुछ ही पलों में उनके खाते से 2.70 लाख रुपये की निकासी कर ली गई। मोबाइल पर लेन-देन का संदेश मिलते ही पीड़िता के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क करने के बाद थाना पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा ठगी गई राशि शीघ्र वापस दिलाने की मांग की है।

## बरही में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** बरही प्रखंड के भाजपा कार्यालय में जननायक भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यकर्ताओं ने उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, इंद्रदेव ठाकुर, संतोष शर्मा, दिलीप शर्मा, कामेश्वर रविदास, सुनील कुमार, विपिन कुमार, विनोद कुमार, सोनू कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेयर प्रत्याशी विनोद भगत के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, 'जनता के द्वार' सेवा का किया वादा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आगामी 23 फरवरी को होने वाले मतदान में अब महज सात दिन शेष हैं। ऐसे में सभी प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान को धार दे रहे हैं। कोई घर-घर जाकर समर्थन मांग रहा है तो कोई चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मेयर पद के प्रत्याशी विनोद भगत के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन उनके बड़े भाई रामावतार भगत ने किया, जो झारखंड आंदोलनकारी के रूप में विख्यात हैं और वर्षों से सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं। रामावतार भगत को खटियाणी परिवार के वरिष्ठ नेता के रूप में भी जाना जाता है। विभिन्न वार्डों में उनकी व्यक्तिगत पहचान और सक्रियता का लाभ विनोद भगत के चुनाव अभियान को मिल रहा है। उद्घाटन समारोह में सैकड़ों वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में विनोद भगत ने अपनी प्राथमिकताओं को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि वे जनता के सुझाव और समर्थन से ही मेयर पद का चुनाव लड़ रहे हैं और जीत सुनिश्चित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद आम लोगों को नगर निगम के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि मेयर स्वयं वार्डवासियों के दरवाजे पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान करेंगे। विनोद भगत ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा और नगर निगम के सफाई कर्मियों की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सफाई कर्मियों का वेतन समय पर भुगतान किया जाएगा। फुटपाथ दुकानदारों के लिए अस्थायी दुकानों की व्यवस्था करने की भी बात उन्होंने कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता को किसी मध्यस्थ या कर्मचारी के माध्यम से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि मेयर सीधे संवाद कर समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि मकान कर में राहत देने की दिशा में पहल की जाएगी। कार्यक्रम में रामावतार भगत के अलावा प्राइवेट स्कूल संगठन के पूर्व सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहीं पत्रकार की पत्नी से रिम्स में मिलीं टंडवा प्रमुख रीना कुमारी



**केरेडारी :** हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सलगा गांव निवासी पत्रकार पवन कुमार दास के पत्नी सरस्वती देवी को पिछले साल 2024 में ब्रेन ट्यूमर हो गई थी। लेकिन कुछ दिनों के बाद उनकी ऑपरेशन किया गया था। इसी बीच ऑपरेशन सक्सेस नहीं होने के कारण सरस्वती देवी की फिर से दोबारा तकरीबन एक साल से ब्रेन ट्यूमर हो गया है। जो की डॉक्टर के अनुसार ऑपरेशन किया जाने की बात कही गई है और दोबारा ऑपरेशन होने की तैयारी भी की जा रही है। इसी दुख की घड़ी में चतरा जिले की टंडवा प्रखंड के प्रमुख रीना कुमारी ने सोमवार को रांची रिम्स हॉस्पिटल पहुंच कर सरस्वती देवी से मिल कर रूबरू हुवे है आर्थिक सहयोग किए और उन्होंने ने सहयोग देकर ठीक होने का कामना की और पूरे परिवार को सराहना करते हुए कहीं की एक सालों से जूझते हुए इस परिवार के लिए एक भाग्यशाली की बात है। ऐसे परिवार हर किसी को मिले जो इतनी लंबा बीमारियों के बाद भी सरस्वती देवी की ससुराल वाले सालों से जुझते हुए साथ रहकर अभी तक निभाए हैं ऐसी दुनिया में कुछ लोग होते हैं। मौके पर उपस्थित लक्की राज, हंस राज,टंडवा प्रखंड के प्रमुख रीना देवी, सोनी देवी, श्रीवास्तव कुमार , आदर्श कुमार सिंह, जमेश्वर राम, बलदेव राम, रानी कुमारी, रीना देवी, बिष्णु कांत दास, लक्ष्मी कुमारी, संजय कुमार सुरेंद्र राम, नागेश्वर राम, हीरामणि देवी अवधेश राम , बिनोद उरांव, सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे।

### अचीवर्स क्लासेस के धैर्य राज 99.67 परसेंटाइल लाकर बने हजारीबाग जेईई मेन टॉपर



**हजारीबाग :** जेईई मेन, नीट जैसी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाला हजारीबाग का एक मात्र संस्थान हजारीबाग कालीबाड़ी रोड स्थित अचीवर्स क्लासेस के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। इस बार अचीवर्स क्लासेज के धैर्य राज ने जेईई मेन में 99 .67 परसेंटाइल लाकर हजारीबाग का टॉपर बना । वहीं अनय 99 .62, पूर्णिम राज 99 .09, रवि 99 .04 लाया । स्नेहा 99 .04, कल्पना 99 .03, कपिल 99 .02, शंकर 99 .01, श्रीराम 99 .01, शंभू शंकर 98 .94, शालू 98 .92, श्रेयस 98 .89, ललन 98 .02, शबनम 97 .98, गरिमा 97 .96, पवन 97 .48, श्रेष्ठा 97 .03, रिंकू 97 .02, उत्सव 97 .01, सौरभ 97 .01, पाणिनी 96 .82, गौतम 96 .81, विनय 96 .6 करण 96 .47, शरण 96 .46, शालिनी, 96 .43 ,प्रखर 96 .33, जितेंद्र 96 .21, संजीव 96 .18, गौरव 96 .02, शेखर 96 .0, तनिष्क 96, शीतल 95 .86, सार्थक 95 .82, अभिनव 95 .8, बिंदु 95 .54, गगन 95 .46, साकिल 95 .42, सूर्या 95 .38, सोहम 95 .36, आकाश 95 .34, सृष्टि 95 .21, सारांश 95 .18, सुमित 95, पावस 94 .98, श्रवण 94 .87, गोविंद 94 .82, अभिजीत 94 .62, शैलेन्द्र 94 .42, कामिनी 94 .39, सुशील 94 .32, अंशु 94 .21, मौर्य 94 .12, प्रीतम 94 .01, सृजिता 93 .43, पवित्र 93 .32, अमित 93 .31, भुवन 93 .22, सुधांशु 93 .21, वर्षा 93 .19, शुभम 93 ,रोहित 93 परसेंटाइल लाकर सफलता प्राप्त की। अचीवर्स के निदेशक अजय ठाकुर एवं अरविंद ठाकुर ने सभी बच्चों के मेहनत की तारीफ करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।अरविंद ठाकुर ने कहा कि अचीवर्स क्लासेज पूर्व की भांति इस बार भी बेहतर रिजल्ट देने से सफल रहा है। धैर्य ने जिला टॉप कर न केवल संस्थान का नाम रोशन किया। बल्कि यह साबित किया कि अचीवर्स क्लासेज से ही बेहतर रिजल्ट प्राप्त किया जा सकता है।

### सनातन हिंदू सम्मेलन की तैयारी की लेकर विभिन्न पंचायतों में विहिप की बैठक जारी



**बरही :** आगामी 22 फरवरी को रसोइया धमना में सनातन हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी को लेकर विहिप की बैठक विभिन्न पंचायतों में की जा रही है। सम्मेलन की तैयारी को लेकर सम्मेलन के अध्यक्ष बद्री साव, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार, विहिप के इंद्रदेव गुप्ता, मनोज शंकर, विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विहिप के क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव बैठक और जनसंपर्क कर रहे हैं। विहिप के सदस्यों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। स्वामी विवेकानंद के कथन को सार्थक बनाने के लिए सनातन हिन्दू सम्मेलन की तैयारी जोर–शोर से की जा रही है। कहा कि विहिप की तैयारी बरही मंडल के चारों पंचायत बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, बेंदगी एवं रसोईया धमना पंचायत के गांव–मुहल्लों में की जा रही है। सम्मेलन में आने वालों के लिए भंडारा के लिए भिक्षाटन किया जा रहा है वहीं टेंपो के साथ सघन प्रचार और जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि विश्व में सबसे अधिक सहिष्णु और सर्वे भवन्तु सुखिन का भाव सिर्फ सनातन हिंदू संस्कृति में ही है। अपने हिन्दू समाज की सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

### नौ दिवसीय शिव परिवार, राम लक्ष्मण सीता एवं राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 19 से शुरू



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयली में भगत जी के नाम से प्रसिद्ध राम किशुन यादव के द्वारा आकर्षक मंदिर बनाया गया है। जिसमें तीन भाग है। एक भाग में शिव परिवार, दूसरे भाग में राम लक्ष्मण सीता हनुमान एवं तीसरे भाग में राधा कृष्ण की प्रतिमा लगाई गई है। तीनों भाग में स्थापित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन 19 फरवरी से किया जाएगा। इस संबंध में आयोजक राम किशुन यादव एवं रविन्द्र कुमार यादव ने बताया कि आधुनिक कलाकृति से बनाई गई भव्य मंदिर में सभी देवी देवताओं को स्थान दिया गया है। यहां पूजा अर्चना के साथ साथ शादी विवाह एवं मांगलिक कार्य किया जा सकता है। इसकी पूरी व्यवस्था की गई है। नौ दिवसीय महायज्ञ में 19 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं 27 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया गया है। यज्ञाचार्य रणंजय प्रताप पांडे द्वारा महायज्ञ सारी विधि विधान संपन्न कराया जाएगा। प्रत्येक दिन कथावाचिका लाडली शरण के द्वारा प्रवचन किया जाएगा। यज्ञ स्थल पर झूला, ब्रेक डांस सहित मेला की पूरी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने में पूरे ग्रामीण लगे हुए हैं। राम किशुन यादव ने सभी सनातन श्रद्धालुओं से नौ दिवसीय महायज्ञ में शामिल होने की अपील की है।

## एक नजर

### युवक का शव बरामद ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका

**रांची :** रांची के पुंदाग थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बबलू गंजू के रूप में हुई है, जो पुंदाग इलाके में अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बबलू गंजू देर रात शौच के लिए घर से बाहर निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद उसका शव रेलवे ट्रैक के पास बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुंदाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पत्नी से भी पूछताछ की गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पूरी तरह पुष्टि हो सकेगी। पुलिस ने कहा कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रांची विश्वविद्यालय आइक्यूएसी के नए निदेशक बने डॉ. ए के डेल्टा

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के नए निदेशक के रूप में डॉ. एके डेल्टा ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण के अवसर पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। आईक्यूएसी के पूर्व निदेशक डॉ. सुदेश कुमार साहु ने डॉ. डेल्टा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं. डॉ. एके डेल्टा वर्तमान में पीजी केमिस्ट्री विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर डॉ. सुदेश कुमार साहु, डॉ. शिप्रा, केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. स्मृति सिंह, डॉ. विनोद कुमार महतो, डॉ. किशोर सुरीन, डॉ. समीर लकड़ा, सुमन और फरहान सहित अन्य शिक्षकों व कर्मियों ने नव नियुक्त निदेशक का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए बीड ओपनिंग प्रक्रिया पूरी

**रांची :** राज्य कर्मियों के लिए प्रस्तावित राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मंगलवार को इस योजना के अंतर्गत टेक्निकल बीड ओपनिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। बीड ओपनिंग कमेटी की बैठक झारखंड स्टेट आरोग्य समिति के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर कार्य निदेशक सीमा सिंह, विभागीय उप सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार ध्रुव प्रसाद, डीआईसी सिद्धार्थ सान्याल, महाप्रबंधक प्रवीण चंद्र मिश्रा, वरिष्ठ परामर्शी अंशु कुमार सिंह, वित्त प्रबंधक विवेक कुमार नायक तथा शिकायत निवारण प्रबंधक कुणाल भारती उपस्थित रहे ।नई स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को जल्द से जल्द लागू करने के उद्देश्य से बीमा कंपनियों का चयन किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों को भुगतान सीजीएचएस दरों के अनुसार किया जाएगा। इससे भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता और एकरूपता सुनिश्चित होगी। योजना के अंतर्गत राज्य कर्मियों को देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के अस्पतालों में उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें सीएमसी वेल्लोर, एआईजी हॉस्पिटल हैदराबाद, टाटा समूह के सभी अस्पताल, आईएलबीएस नई दिल्ली व अन्य शामिल हैं।

# लोक भवन में राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स और साइक्लोथोन प्रतिभागियों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को लोक भवन, रांची में आयोजित 'AT HOME' कार्यक्रम में 'गणतंत्र दिवस शिविर-2026' में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेट्स तथा 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन' के एनसीसी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस शिविर में राज्य का प्रतिनिधित्व करना अत्यंत गौरव एवं सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन' युवाओं में राष्ट्रभक्ति, फिटनेस एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन रहा। उन्होंने कैडेट्स की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए उनके प्रशिक्षकों एवं




अधिकारियों को भी बधाई दी।
राज्यपाल महोदय ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और राष्ट्रप्रेम की पाठशाला है। यह युवाओं में चरित्र निर्माण, कर्तव्यनिष्ठा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने उल्लेख किया कि एनसीसी विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है, जो 'विविधता में एकता' का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने छात्र जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहे हैं।
राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स परेड एवं शिविरों के अतिरिक्त सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में उनकी सक्रिय सहभागिता अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर लोक भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी की विशेष सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़ी संख्या में बेटियां भी एनसीसी से जुड़कर नेतृत्व एवं अनुशासन की मिसाल स्थापित कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है।
राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी से प्राप्त प्रशिक्षण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होता है। 'विकसित भारत@2047' के संकल्प को साकार करने में युवाशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा एनसीसी इस दिशा में एक सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने सभी कैडेट्स एवं प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्रनिष्ठा से राज्य एवं राष्ट्र का गौरव निरंतर बढ़ाते रहेंगे।
इस अवसर पर राज्यपाल ने 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन' के प्रतिभागियों को ₹10,000 (दस हजार रुपये) की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया।

### टीसीएस इग्नाइट में मारवाड़ी कॉलेज के चार छात्रों का चयन

**रांची :** मारवाड़ी कॉलेज रांची के चार प्रतिभाशाली छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी टीसीएस इग्नाइट के हायरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर हुआ है। चयनित छात्रों में लवकुश कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार, सौरभ पांडे और बृजेंद्र प्रणव शामिल हैं। सभी छात्रों को प्रारंभिक रूप से प्रशिक्षण अवधि के दौरान 3 लाख वार्षिक का पैकेज प्रदान किया गया है, जिसे एक वर्ष के सफल कार्य प्रदर्शन के बाद बढ़ाकर 6 लाख वार्षिक कर दिया जाएगा। कॉलेज के शिक्षकों और प्रबंधन ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था सख्त, सुबह 8 बजे से तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए रांची ट्रैफिक पुलिस ने शहर में विशेष यातायात दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अब शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी सुबह 9 बजे के बजाय सुबह 8 बजे से ही तैनात रहेंगे, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।
रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश



दिए हैं। उनके निर्देश के बाद यातायात पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक एसपी) राकेश सिंह ने नगर क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा की।
निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक एसपी ने परीक्षा केंद्रों के बाहर और आसपास के पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान यातायात को नियंत्रित रखना प्राथमिकता है, ताकि छात्रों को समय पर और सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की है। अभिभावकों से कहा गया है कि वे बच्चों को समय से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएं और अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, जिससे यातायात बाधित न हो।
पुलिस का उद्देश्य परीक्षा अवधि के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी छात्र बिना किसी बाधा के सुरक्षित और समय पर अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें।

# गोंदली पोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय हेसल में 33वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत गोंदली पोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय, हेसल (खोपीसरना) में 33वां वार्षिक महोत्सव विद्यालय के सचिव सह रांची विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के डीन एवं आईएमएस के निदेशक डॉ. अमर कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
कार्यक्रम में खिजरी विधायक राजेश कच्छप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विधायक श्री राजेश कच्छप एवं डॉ. चौधरी का विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा झारखंडी परंपरा के अनुसार पारंपरिक स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक श्री कच्छप ने कहा कि वृक्ष की छांव से शुरू हुआ यह विद्यालय आज पूरे रांची जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका



है। प्रत्येक वर्ष यहां के छात्र-छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर स्थान अर्जित करते हैं, जो उनके अनुशासन और शिक्षकों की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता है उसे सही दिशा देने की। कम संसाधनों में भी विद्यार्थियों को तराशने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयास सराहनीय हैं।
उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राज्य और देश का भविष्य हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ें, क्योंकि झारखंड की बेटियां आज हॉकी और क्रिकेट जैसे खेलों में विश्व स्तर पर परचम लहरा रही हैं।
डॉ. अमर कुमार चौधरी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेक छात्र-छात्राएं देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी झारखंडी संस्कृति और परंपराओं को भी संजोकर रखें, क्योंकि संस्कृति ही हमारी पहचान है।
इस अवसर पर विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को, जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है, सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री ब्रजेश कुमार महतो ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
कार्यक्रम में अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, जलनाथ चौधरी, एतवा उरांव, मुखिया कविता देवी, रोशन लाल मुंडा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जल जंगल जमीन के दावे फेल, राज्य में आदिवासियों की जमीन असुरक्षित : बाबूलाल

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजधानी में सीएनटी एक्ट की लगातार अवहेलना और आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर राज्य सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद भी प्रशासन जमीन पर दखल दिलाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। अरगोड़ा अंचल में महतो उरांव की 1.19 एकड़ जमीन को चार दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें दखल नहीं मिल सका है, जो बेहद चिंताजनक है। मरांडी ने आरोप लगाया कि रांची सहित पूरे राज्य में आदिवासी भूमि पर सत्ताधारी नेताओं, बिल्डरों और प्रभावशाली लोगों द्वारा सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। इन जमीनों पर अपार्टमेंट, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक निर्माण खड़े किए जा रहे हैं।

# मर्सिडीज चालक का कहर, युवक को बोनट पर घसीटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। डोरंडा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मर्सिडीज कार के चालक, एक युवक को टक्कर मारने, दोबारा जानबूझकर टक्कर देने, बोनट पर घसीटने और बाद में मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित युवक ने इसे अटेम्प्ट टू मर्डर बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक अपने भाई को परीक्षा केंद्र छोड़कर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक का ब्रेक टूट गया। युवक ने विरोध करते हुए मर्सिडीज के आगे अपनी गाड़ी लगा दी और नुकसान की भरपाई की मांग की। उसका कहना था कि "पहले गाड़ी बनवाइए, तब




जाने दूंगा।" कार चालक पेशे से हाईकोर्ट के अधिवक्ता हैं जिनका नाम मनोज टंडन है। उन्होंने कहा कि आज हाईकोर्ट में मेरी पहली केस है, अभी जाने दो, बाद में बात करेंगे। इसी बीच विवाद बढ़ गया।

#### दोबारा टक्कर और बोनट पर फंसा युवक

आरोप है कि विरोध से नाराज होकर कार चालक ने युवक को जानबूझकर दोबारा टक्कर मार दी। दूसरी टक्कर के बाद युवक कार के बोनट पर फंस गया। युवक का दावा है कि वह लगातार गाड़ी रोकने की गुहार लगाता रहा, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका। युवक का कहना है कि कार काफी तेज रफ्तार में थी और उससे पहले भी कई लोगों को टक्कर मार चुकी थी। इसका उसके पास सबूत भी है। उसने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस की एक कांस्टेबल पीड़ित का समर्थन कर रही थी और कार को साइड में लगाने के लिए कह रही थी। युवक के अनुसार, चालक ने उस कांस्टेबल को भी टक्कर मारने की कोशिश की।
मामला यहीं नहीं रुका। युवक का आरोप है कि कार चालक उसे बोनट पर एक स्थान पर ले गया। वहां पहुंचने के बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को चालक के चंगुल से मुक्त कराया। लड़का बार-बार कह रहा है कि उसे काफी चोट लगी है। उसके होठ से खून भी निकल रहा था। पीड़ित का कहना है कि जहां उसकी पिटाई हुई, वहां का सीसीटीवी फुटेज डिलीट किए जाने की आशंका है। उसने कहा कि वह जिम करता है, स्पोर्ट्स पर्सन है और शारीरिक रूप से मजबूत होने के कारण कार को पकड़कर खुद को बचा सका, अन्यथा उसकी जान जा सकती थी।

#### अधिवक्ता पक्ष ने क्या कहा

शुरूआती जानकारी के आधार पर खबर सामने आने के बाद जब अधिवक्ता संघ से संपर्क कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो संबंधित पक्ष ने फोन पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि कई मीडिया संस्थानों ने शुरूआती जानकारी के आधार पर खबर चला दी है, इसलिए अब इस मामले को कानूनी रूप से देखा जाएगा। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और घटना के वास्तविक कारणों की पड़ताल में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएसपीएमयू में मनी वीर बुधु भगत की 234 वीं जयंती



**रांची :** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) परिसर में मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत की 234 वीं जयंती बेहद श्रद्धा और समर्पण भाव से मनाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में जुटे छात्र-छात्राओं, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वीर बुधु भगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी छात्र संघ के इकाई अध्यक्ष विवेक तिर्की ने की। वक्ताओं ने कहा कि वीर बुधु भगत ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लरका आंदोलन का नेतृत्व करते हुए छोटानागपुर क्षेत्र में आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनका आंदोलन जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा और आदिवासी अस्मिता का प्रतीक रहा है। डीएसपीएमयू के छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्ल्यू) डॉ सर्वोत्तम कुमार ने कहा कि वीर बुधु भगत केवल क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के हक-अधिकार के सशक्त संरक्षक और युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने घोषणा किया कि विश्वविद्यालय के सभी प्रवेशद्वारों का नामकरण जल?द ही जनजातीय शहीदों के नाम पर किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी अपने इतिहास से प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में संघ के सचिव अमित टोप्पो, दिनेश उरांव, सीमा मुर्मू, लालेश्वर उरांव, अजीत महतो, अंशु टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे।

### जेईई मेन्स-2026 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**रांची :** अन्वेषा अग्रवाल ने 99.2957304 परसेंटाइल हासिल किए सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स जनवरी-2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। यह स्कूल के लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। अन्वेषा अग्रवाल ने अपनी शानदार कामयाबी से स्कूल का नाम रोशन किया, उन्होंने 99.2957304 परसेंटाइल हासिल किए।
अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 से अधिक छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। कई छात्रों के परिणाम अभी प्रतीक्षित है। अन्वेषा के अलावा, जानवी सिन्हा ने 97.6456917 पर्सेंटाइल, अभिषेक कुमार आयुष ने 96.9733690 पर्सेंटाइल, कुशाग्र दिव्यांश ने 96.1514559 पर्सेंटाइल, आकर्ष राज ने 95.2767511 पर्सेंटाइल, आदर्श कुमार सिंह 92.6779646 पर्सेंटाइल, दर्शित बागला 91.9669478 पर्सेंटाइल, सान्वी श्रेया 91.7186269 पर्सेंटाइल, आर्या कौशिक 90.0962635 पर्सेंटाइल, अतुल्य कुमार ने 87.9960115 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। प्राचार्या मनीषा शर्मा ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### फागण अमावस्या पर श्री श्याम मंदिर में महास्नान एवं 192वां सुंदरकांड पाठ आयोजित



**रांची :** फागण अमावस्या के अवसर पर मंगलवार को प्रातः मंगला आरती के पश्चात बाबा श्री श्याम का अमावस्या महास्नान विधि-विधान से संपन्न हुआ। यह अनुष्ठान श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में मंदिर के आचार्य द्वारा कराया गया। इसी क्रम में हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंडल द्वारा 192वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। राम सिया राम, सिया राम जय-जय राम के संगीतमय गायन और बजरंग बली के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। मंदिर के आचार्य ने यजमान सुनील मोदी से अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करवाई। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने सुंदरकांड का संगीतमय पाठ कराया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से लीन रहे। प्रसाद सेवा में श्रवण ढानढनिया द्वारा चना प्रसाद, पुष्पा देवी पोद्दार द्वारा केसरिया पेड़ा, मुकेश मित्तल द्वारा गिरिगोला एवं राजेश जायसवाल द्वारा फल प्रसाद अर्पित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, आशा मोदी, अंकित, संकेत, ऋषभ, हर्ष, प्रणव सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

### राजद कार्यालय में मनायी गयी कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि व वीर बुधु भगत की जयंती



**रांची :** राजद कार्यालय में मंगलवार को बिहार के भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि और स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर राजद नेताओं व कार्यकताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि कपूरी ठाकुर एक महान समाजवादी नेता थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने वर्ष 1970-71 और 1977-79 में दो बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें 'जननायक' की उपाधि दिलाई। रंजन यादव ने वीर बुधु भगत को याद करते हुए कहा कि वे महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनकी जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष और बलिदान को देश सदैव याद रखेगा। नेताओं ने कहा कि कपूरी ठाकुर और वीर बुधु भगत दोनों ने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा में समर्पित किया। उनके आदर्श और शिक्षा आज भी समाज को प्रेरित करती हैं। वक्ताओं ने उपस्थित कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे महापुरुषों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करें।

# संयुक्त टीम का मंडल कारा कोडरमा में औचक निरीक्षण, बंदियों की सुविधाओं की गहन समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के अलोक में आज मंगलवार को बोर्ड ऑफ विजिटर्स तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा की संयुक्त टीम के द्वारा मंडल कारा कोडरमा का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त औचक निरीक्षण माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सी ) नंबर 1404 /2023 में पारित आदेश के आलोक में किया गया । इस औचक निरीक्षण का उदेश्य जेल में बंद कैदियों की स्थिति, उनके आधिकारो की सुरक्षा तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओ की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था, निरीक्षण के दौरान टीम ने करा परिसर के विभिन्न वार्डो, बैरकों व अन्य हिस्सों का भ्रमण



किया, इस क्रम में बंदियों से सीधे सवांद कर उनके स्वस्थ, उपचार, व्यस्था, पेयजल, भोजन, नास्ता, तथा मुकदमो की पैरवी के लिए अधिवक्ता की उपलब्धता से संबधित जानकारी ली गई, टीम ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया की जेल में किसी भी प्रकार का जातिवाद भेदभाव न हो और कोई भी बंदी अन्य बंदियों को डराने-धमकाने या प्रताड़ित करने में संलिप्त न हो, इस दौरान मंडल कारा कोडरमा में अवस्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, तथा वहा बीमार बंदियों के इलाज की स्थिति की समीझा की गयी, टीम ने निर्देश दिया कि जरुरत पड़ने पर गंभीर रूप से बीमार बंदियों को अवश्यकता बेहतर उपचार के लिए उच्च स्वस्थ केंद्र रेफर किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंडल कारा कोडरमा में अवस्थित सी सी टीवी कैमरा, पुस्तकालय, रसोईघर, भोजनालय सहित जेल के प्रत्येक हिस्से में अवस्थित भवनों का भी निरीक्षण किया गया। इसके अलावा महिला एवं पुरुष वार्ड में जाकर वहा रह रहे बंदियों से उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओ के बारे में पूछ ताछ किया गया और जेल प्रशासन को व्यवस्था में सुधार लाने से सम्बंधित कई आवश्यक निर्देश दिए गये। निरीक्षण करने वाली टीम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनुदीप सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, कारा अधीक्षक राज मोहन राजन, सिविल सर्जल डॉ. अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. रेखा रानी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य कई पदाधिकारी शामिल रहे।

## एक नजर

### डोमचांच में पप्पू मेहता का जनसंपर्क अभियान तेज

**डोमचांच :** डोमचांच नगर पंचायत चुनाव को लेकर अध्यक्ष प्रत्याशी पप्पू मेहता का जनसंपर्क अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता दिख रहा है। मंगलवार को उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों, मैं व्यापक जनसंपर्क कर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। स्थानीय लोगों से मुलाकात के दौरान उन्हें भरपूर स्नेह और समर्थन मिला। डोमचांच में लोगों ने पुष्पमालाओं और नारों के साथ उनका स्वागत किया और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी अपेक्षाएं साझा कीं। विघ्न विनाशिनी मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद लेने के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों एवं बुद्धिजीवों से मुलाकात की। व्यापारियों ने बाजार, सड़क, जलनिकासी और सुरक्षा से जुड़ी समस्याएँ रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया विघ्न विनाशिनी मंदिर में दर्शन कर उन्होंने शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। विघ्न विनाशिनी मंदिर मे पूजा कर. आशीर्वाद प्राप्त कर उन्होंने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। काली मंडा में हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों ने जोरदार समर्थन व्यक्त करते हुए आवाज बुलंद की। पप्पू मेहता ने कहा डोमचांच मेरा परिवार है। आपकी हर समस्या मेरी जिम्मेदारी है। स्वच्छ शहर, बेहतर सड़कें, सुदृढ़ जलनिकासी व्यवस्था, पारदर्शी प्रशासन और युवाओं के लिए बेहतर अवसर-यह हमारा संकल्प है।

### उमेश वर्मा की जीत के लिए भाजपा की हुई रणनीतिक बैठक

**कोडरमा :** डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा समर्थित प्रत्याशी उमेश वर्मा की जीत सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को उनके आवास पर संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने की। बैठक में नगर पंचायत डोमचांच के प्रभारी के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं गोमिया विधानसभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण नायक उपस्थित रहे। उन्होंने संयोजक एवं सह-संयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने की रणनीति से अवगत कराया। बैठक का संचालन संयोजक प्रभाकर लाल रावत ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व जिला महामंत्री परमेश्वर यादव, ओबीसी के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद वर्मा, वरीय भाजपा नेता अखिल कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी सह पूर्व जिला मंत्री सुनील कुमार सिन्हा, पूर्व जिला मंत्री महेंद्र यादव, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता सिंहा, पूर्व महिला अध्यक्ष कामिनी देवी सहित कई कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकताओं ने एकजुट होकर उमेश वर्मा के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प लिया।

### पुरानी रंजिश में मारपीट में दो युवक लहूलुहान

**पूर्वी सिंहभूम :** बमार्माइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत ईस्ट प्लांट बस्ती में सोमवार देर रात हिंसक झड़प की घटना सामने आई, जहां चापड़ से किए गए हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान टिंकू सिंह और उसके एक साथी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हमलावरों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे दोनों युवक संभल नहीं सके और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने साहस दिखाते हुए दोनों को उठाकर टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों की स्थिति पर डॉक्टरों की विशेष निगरानी रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बमार्माइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी।

## सतडीहा स्वास्थ्य उपकेंद्र की सीएचओ दो दिनों से लापता

- पति ने दो युवकों पर बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र सतडीहा में सीएचओ पद पर कार्यरत सिंपी कुमारी विगत दो दिनों से लापता हो गई हैं। इस संबंध में उनके पति मुन्ना कुमार ने जयनगर थाना में आवेदन देकर दो युवकों पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में मुन्ना कुमार ने बताया कि वे वर्तमान में सतडीहा निवासी आकाश कुमार के मकान में किराए पर पत्नी के साथ रह रहे थे। सोमवार को उनकी पत्नी शिल्पी उर्फ सिंपी कुमारी अपने क्वार्टर से स्वास्थ्य उपकेंद्र जाने की बात कहकर निकली थीं। दोपहर करीब 12 बजे स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम द्वारा सूचना दी गई कि वे ड्यूटी पर नहीं पहुंची हैं। सूचना मिलते ही परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन देर शाम तक उनका कोई अता-पता नहीं चल सका। मुन्ना कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी अपना मोबाइल फोन भी घर पर ही छोड़ गई हैं। आवेदन में उन्होंने राजेश कुमार एवं राजू कुमार, ग्राम खेमन बीगहा, थाना हिलसा, जिला नालंदा पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मुन्ना कुमार ने पुलिस प्रशासन से उनकी पत्नी की शीघ्र सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## इंटर हाउस खो-खो कंपटीशन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस हाउस बना विजेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच :** श्री महेश एकेडमी, डोमचांच में मंगलवार को लड़कों के इंटर हाउस खो-खो कंपटीशन में सभी चार हाउस के खिलाड़ियों ने अपना- अपना उम्दा प्रदर्शन किया। पहले सेमीफाइनल में उद्योगपति रतन टाटा हाउस के खिलाड़ियों ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ₹ हाउस के खिलाड़ियों को 29- 25 के स्कोर से पराजित किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस हाउस के खिलाड़ियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल₹ हाउस के खिलाड़ियों को 35-16 के स्कोर से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में नेताजी सुभाष चंद्र बोस हाउस के खिलाड़ियों चंदन कुमार (कप्तान), करण कुमार (उप



कप्तान), समर कुमार, अंकित कुमार, आशीष कुमार, अंकित कुमार, आकाश कुमार, सुशांत पाण्डेय, विराज श्रीवास्तव ने उद्योगपति रतन टाटा हाउस के खिलाड़ियों प्रियांशु कुमार (कप्तान), सतीश कुमार (उप कप्तान), शिवम पाण्डेय, रौशन कुमार, सत्यम पाण्डेय, नीतीश कुमार, देव कुमार, सत्यम पांडेय, मोहम्मद इस्माइल, समीर राज को रोमांचक और आसान मुकाबले में 35-23 से हराकर विजेता हुए. शिक्षक मुकुल कुमार, रौशन कुमार, , सौरव कुमार ने निर्णायक की भूमिका और छात्र प्रिया कुमारी ने स्कोरर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने दर्शक बनकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और भरपूर आनंद लिया. इस अवसर पर निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दाराद, नकुल पाण्डेय, संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## डोमचांच में अध्यक्ष प्रत्याशी उमेश वर्मा का धुआंधार जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** भाजपा समर्थित प्रत्याशी उमेश वर्मा ने मंगलवार को डोमचांच नगर पंचायत के वार्ड नंबर- 06( अंबेडकर मोहल्ला, शिवसागर रोड ) और वार्ड नंबर 8 (गोस्वामी टोला, महेश एकेडमी रोड) में घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अनुरोध किया। डोमचांच, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी पद के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे हुए हैं और अपना-अपना जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उमेश वर्मा अपने समर्थकों के साथ चुनावी मैदान में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वे डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर जनता से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। उमेश वर्मा ने नगर पंचायत क्षेत्र की जनता से



आग्रह किया है कि 23 फरवरी को चुनाव एअर कंडीशनर छाप, क्रमांक संख्या 1 पर अपना बहुमूल्य वोट देकर उन्हें अध्यक्ष पद पर विजयी बनाएं और डोमचांच नगर पंचायत का चहुंमुखी विकास करें। जनता का कहना है कि उमेश वर्मा साफ-सुथरी और स्वच्छ छवि के व्यक्ति हैं तथा गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं। वे जनता के दुख-दर्द में हमेशा खड़े रहते हैं। लोगों का मानना है कि सही मायने में डोमचांच नगर पंचायत का विकास वही कर सकते हैं। वे समर्थकों के साथ लगातार डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने उनका स्वागत किया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों से अवगत कराया। वर्मा घर-घर जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं। क्षेत्र के कई नागरिकों ने होल्डिंग टैक्स सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए। उमेश वर्मा ने जनता को भरोसा दिलाया कि यदि जनता अवसर देती है, तो वे पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ कार्य करेंगे। जनसंपर्क के दौरान समर्थकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति से क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

## सतगावां प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रो मे हाथियों से सुरक्षा के लिए दिया सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सतगावां प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत माधोपुर, राजबार, मरचोई, के विभिन्न गाँवों जैसे डेबोडीह, गलवाती, धानुकी सरबहना लेंबो के किसानो के फसल को जंगली हाथियों ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया गया। उसी के मध्धे नजर देखते हुए जंगली एरिया किसानों को फसल की सुरक्षा के लिए एवं अन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा निम्नलिखित सामग्रियों का मुहैया कराया गया जैसे टॉर्च लोहाटी मिट्टी तेल पटाखे एवं अन्य सामाग्री ग्रामीणों को मुहैया कराया गया और हर संभव हर प्रकार से सहायता देने की वन विभाग के पदाधिकारी रेंजर साहब रविंद्र प्रसाद के द्वारा आश्वासन दिया गया। वहीं हाथियों द्वारा छती की गई फसल का मुआवजा भी देने की बात कहा हैं। और सभी ग्रामीणों से आग्रह किया है कि आप लोग चिंतित ना हो आप लोग की सुरक्षा के लिए मैं हर समय तत्पर हूं जो भी फसल का नुकसान हुआ है मैं हर प्रकार से मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा। वहीं सभी से आग्रह किया कि आप लोग जो भी दस्तावेज खाता आधार मुखिया से प्रमाणित कर अपना-अपना दस्तावेज फोटो के साथ दे मैं सभी का मुआवजा मुहैया कराऊंगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह, राजावर मुखिया नंदकिशोर साहब प्रतिनिधि किसान नौशाद आलम, रविंद्र यादव उमेश यादव डोमन यादव संजय चौधरी दिनेश यादव हीरा राय सुखदेव राय एवं सैकड़ो ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

## झुमरी तिलैया नगर परिषद चुनाव : वार्ड 7 और 8 में पंकज बर्णवाल के समर्थन में सघन जनसंपर्क, बैटरी टॉर्च पर मतदान की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एवं भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार पंकज बर्णवाल के पक्ष में वार्ड संख्या 7 एवं 8 में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. नरेश पंडित ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधा और चुनाव चिह्न क्रम संख्या 4 बैटरी टॉर्च पर मोहर लगाकर पंकज बर्णवाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय



नागरिकों से नगर की मूलभूत समस्याओं–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट तथा बाजार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था–पर विस्तार से चर्चा की गई। मतदाओं ने विभिन्न समस्याओं को सामने रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। कई स्थानों पर लोगों ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी के प्रति सकारात्मक रुख दिखाते हुए समर्थन का आश्वासन दिया। डॉ. नरेश पंडित ने कहा कि पंकज बर्णवाल एक कर्मठ, ईमानदार एवं विकासोन्मुखी सोच वाले प्रत्याशी हैं। उनके नेतृत्व में नगर परिषद पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाते हुए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में ठोस पहल करेगी। उन्होंने मतदाताओं से नगर के समग्र विकास के लिए बैटरी टॉर्च चुनाव चिह्न पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंकज बर्णवाल को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है और उनकी जीत से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य प्राथमिकता में रहेगा। अभियान में देवनारायण मोदी, सुभाष मोदी, चन्द्रशेखर जोशी, इन्द्रदेव मोदी, उपेन्द्र दुबे, महादेव दास, गौतम मोदी, ईश्वर बर्णवाल, श्रीकांत गुप्ता, विजय राम, संजय मोदी, मनोज मोदी, विश्वास राजन, पियूष सहल, अजय कुमार, राजेश गुप्ता, आयुष गुप्ता, रतन मोदी, छोटे सिंह, ललित शर्मा, अमित सिंह, मुन्ना सिंह, सुनील वर्णवाल, हरि पंडित, विनीत मोदी ,उमा देवी, मालती देवी, बबीता पंडित,आशा देवी, बबीता देवी, कुन्ती देवी, सरिता देवी, कोमल देवी,रेणु देवी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' से सम्मानित हुए सअनि जितेन्द्र राय



**सिमडेगा :** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, सिमडेगा जिला में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक( नैतिक) सोच वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिसमैन ऑफ द वीक: सिमडेगा पुलिस पुरस्कार का आरंभ किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों (आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी/पुलिस पदाधिकारी) का चयन कर अपने बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जाएगा, और उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह थाना/ओ0पी0/प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगा रहेगा। इससे पुलिस कमीर्यों/पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगी और उनका मनोबल बना रहेगा। इसी कड़ी में इस सप्ताह आज दिनांक-17/02/26 को हिन्दी शाखा (पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा) में प्रतिनियुक्त स0अ0नि0 जितेन्द्र राय को माह फरवरी 2026 के द्वितीय सप्ताह में अपने उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक (नैतिक) सोच के लिए पुलिसमैन ऑफ द वीक: सिमडेगा पुलिस पुरस्कार से पुरस्कृत एंव सम्मानित किया जाता है।

### ऑटो संघ के जनसहयोग से बुद्धाधार पुल के गड्ढों की मरम्मत, राहगीरों को मिली राहत



**केरसई :** प्रखंड में पर्यटक स्थल बुद्धाधार पुल पर बने गड्ढों की मरम्मत का कार्य आज ऑटो चालक संघ के जनसहयोग से संपन्न हुआ। यह कार्य अंचल अधिकारी देवकांत सिंह के देखरेख में किया गया। जानकारी के अनुसार, काफी दिनों से इस पुल पर बड़े वाहनों के लगातार आवागमन के कारण सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए थे। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों राहगीर, छात्र-छात्राएँ तथा छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार वाहन चालकों को पुल पार करने में जोखिम उठाना पड़ता था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केरसई ऑटो संघ के सभी ऑटो चालकों ने एकजुट होकर अपना काम बंद रखा और समस्या के समाधान के लिए आगे आए। सुबह से ही गिट्टी और सीमेंट की व्यवस्था की गई तथा चंदा एकत्र कर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। इस कार्य को सफल बनाने में ऑटो संघ के सभी लोगों ने मिलकर सहयोग किया और श्रमदान के माध्यम से पुल पर बने गड्ढों को दुरुस्त किया। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अब पुल पर आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुगम हो गया है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने ऑटो चालक संघ और प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनसहयोग से इस प्रकार के कार्य होने से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है और आम जनता को सीधा लाभ मिलता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इसी तरह प्रशासन और समाज मिलकर कार्य करते रहें, तो क्षेत्र की छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान समय पर किया जा सकता है।

### आईडीबीआई बैंक ने सीएसआर के तहत सेवई आवासीय बालिका विद्यालय को दी आवश्यक सामग्री



**सिमडेगा:** आईडीबीआई बैंक की सिमडेगा शाखा ने अपने कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, सेवई को शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। बैंक द्वारा विद्यालय को 2 अलमीरा, 20 पंखे, कुकर, इडली सांचा, एल्युमिनियम कड़ाही, झंझरा, चाकू, गमला, चौकी एवं बेलन सहित कई आवश्यक उपयोगी सामग्रियाँ उपलब्ध कराई गईं। इन सामग्रियों से विद्यालय की दैनिक शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय से रजनीश महाकुर, शाखा प्रमुख जय प्रकाश नारायण, सेल ऑफिसर राकेश कुमार चंचल, विद्यालय की प्राचार्या सुशीला मिंज तथा छात्राएँ उपस्थित थीं। प्राचार्या सुशीला मिंज ने बैंक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में इन सामग्रियों की लंबे समय से आवश्यकता थी, जिसे पूरा कर बैंक ने सराहनीय कार्य किया है। शाखा प्रमुख जय प्रकाश नारायण ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना बैंक की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज के प्रति बैंक की जिम्मेदारी और समर्पण को दर्शाती है।

### राजकुमार मेहता को लगातार वन टू वन जनसंपर्क में मिल रहा समर्थन



**डोमचांच :** नगर पंचायत क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच अध्यक्ष पद की उम्मीदवार राजकुमार मेहता को लगातार जनता का समर्थन मिलता नजर आ रहा है। राजकुमार मेहता द्वारा किए जा रहे वन टू वन जनसंपर्क अभियान के दौरान लोग खुलकर उनका स्वागत कर रहे हैं और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करा रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान राजकुमार मेहता ने लोगों को भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, बेहतर सड़क, पेयजल और सफाई व्यवस्था उनकी पहली प्राथमिकता होगी। स्थानीय लोगों ने भी आरती देवी के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए काम करने वाली उम्मीदवार हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान कई जगहों पर महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उन्हें समर्थन देने की बात कही। चुनावी माहौल में. राजकुमार मेहता का यह लगातार जनसंपर्क अभियान चर्चा का विषय बना हुआ है और इससे उनके पक्ष में माहौल मजबूत होने की बात कही जा रही है।

# किसी परिस्थिति में मतदानकर्मी नहीं करेंगे निजी वाहनों का इस्तेमाल : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** नगर निकाय चुनाव 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर मंगलवार को पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने सभी निवार्ची पदाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने सभी 246 मतदान केंद्रों पर रैंप, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, रनिंग वाटर, साइनेज, चार्जिंग प्वाइंट, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े एक-एक पदाधिकारी-कर्मी तय समय का ख्याल रखें ताकि चुनाव के किसी प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई देरी न हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में मतदान कर्मी निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जाये।

उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया साथ ही सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान के पूर्व अपने-अपने बूथ का लोकेशन देख लेने की बात कही। बैठक में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने, गश्ती दलों की सक्रियता बढ़ाने तथा मतदान कर्मियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में नगर निकाय के सभी पदों के निवार्ची पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिला कॉलेज चाईबासा में मागे पर्व का हुआआयोजन

**पश्चिमी सिंहभूम :** महिला कॉलेज चाईबासा के बीएड विभाग द्वारा मंगलवार, 17 फरवरी 2026 को मागे मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बीएड मल्टीपरपस हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला कॉलेज विश्वविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रीतिबाला सिन्हा रहीं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष मुबारक करीम हाशमी, डॉ ओनिमा मानकी, डॉ अर्पित सुमन टोप्पो, डॉ बबीता कुमारी, प्रीति देवगम, शीला सामद, डॉ राजीव लोचन नामता, सितेंद्र रंजन सिंह, मदन मोहन मिश्रा, डॉ ललिता सुंडी, डॉ दीपिका कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी और धनंजय कुमार सहित विभाग के अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे। इसके अलावा सेमेस्टर-01, सेमेस्टर-02 और सेमेस्टर-04 की सभी छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए मागे पर्व के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा उससे जुड़ी जानकारियां साझा कीं। समारोह के दौरान छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक और भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### किसी हाल में बंद न हो मध्याह्न भोजन : स्मिता



**खूंटी :** कर्रा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) स्मिता नगेशिया की अध्यक्षता में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत मध्याह्न भोजन (एमडीएम) को लेकर प्रखंड स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 18 फरवरी से रसोईया सह सहायिकाओं के हड़ताल पर जाने की संभावना को देखते हुए सभी मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बाधित नहीं होना चाहिए और सभी प्रभारी इसका सख्ती से अनुपालन करेंगे। इसके साथ ही बैठक में प्रतिदिन निर्धारित मेन्यु के अनुसार भोजन की गुणवत्ता, पाठशाला और विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शत-प्रतिशत एसएमएस रिपोर्टिंग, बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सुजीत कुमार पढ़ी, अंकित कुमार, शिक्षक विनय सिंह, स्टेफन होरो सहित विभिन्न विद्यालयों की रसोईया सह संयोजक उपस्थित थे।

## बाल कटवाने से नाराज नाबालिग घर से निकला, सकुशल किया बरामद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी परीक्षित महतो का 13 वर्षीय नाबालिग पुत्र बाल कटवाने की बात से नाराज होकर घर से निकल गया। इस संबंध में मंगलवार की सुबह परीक्षित महतो ने नीमडीह थाना पहुंचकर सूचना दी कि सोमवार की संध्या उसके मर्जी के विरुद्ध बाल कटवा देने के कारण उसका पुत्र गुस्से में घर छोड़कर कहीं चला गया है। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार के सदस्यों ने रात भर खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही नीमडीह थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की। पुलिस की सक्रियता से नाबालिग को चांडिल स्टेशन के पास सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आवश्यक पूछताछ के बाद बच्चे को उसके पिता परीक्षित महतो को सुपुर्द कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता के लिए आभार जताया।

## विधायक सरयू राय ने 'लोटस रेसिडेंसी' की वैधता पर उठाए सवाल, जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले में मानगो नगर निगम के मेयर चुनाव के बीच लोटस रेसिडेंसी नामक बहुमंजिला इमारत को लेकर विवाद गहरा गया है। विधायक सरयू राय ने मंगलवार को मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इस भवन की वैधता की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह इमारत अवैध रूप से बनाई गई है और इसमें जल-मल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे आसपास के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक राय ने अपने पत्र में कहा है कि मानगो नगर निगम क्षेत्र स्थित लोटस रेसिडेंसी को कांग्रेस समर्थित मेयर प्रत्याशी सुधा गुप्ता ने अपने नामांकन पत्र में अपने आवास के रूप में दशार्या है। उन्होंने दावा किया कि इस भवन का नक्शा विधिवत स्वीकृत नहीं है और न ही इसमें सीवरेज ट्रीटमेंट की कोई समुचित व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य को नहीं रोका गया, जो प्रशासनिक निष्क्रियता या किसी प्रकार के दबाव की ओर संकेत करता है।

सरयू राय ने आगे आरोप लगाया कि यह भवन सुमन मेमोरियल ट्रस्ट की जमीन पर बनाया गया है। उनके अनुसार, इस निर्माण कार्य को पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के चचेरे साले चंदन मित्तल ने कराया है। हालांकि, भवन में किसकी कितनी हिस्सेदारी है, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसे पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता से जुड़ा बताया जा रहा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या राज्य सरकार में पिछले पांच वर्षों तक मंत्री रहे बन्ना गुप्ता के प्रभाव के कारण नगर निगम ने इस भवन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। राय ने उपनगर आयुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## अवैध शराब पर छापेमारी, 20 लीटर महुआ शराब जब्त, 400 किलो जावा महुआ नष्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त, सरायकेला-खरसावाँ के निदेर्शानुसार अधीक्षक उत्पाद सरायकेला क्षितिज विजय मिंज के निर्देशन में प्राप्त सूचना के आलोक में मंगलवार को ईचागढ़ थाना अंतर्गत चातम ग्राम में अवैध शराब अड्डे पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में अवैध रूप से निर्मित एवं भंडारित 20.00 लीटर महुआ शराब बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। साथ ही लगभग 400 किलोग्राम जावा महुआ को नियमानुसार विनष्ट किया गया।उक्त प्रकरण में अड्डा संचालक के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज करते हुए अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।उत्पाद अधीक्षक द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन अवधि के दौरान अवैध शराब निर्माण,भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध सतत निगरानी एवं सघन अभियान जारी रहेगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## होली और ईद उल फितर को लेकर कमलपुर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** होली और ईद-उल -फितर का त्योहार के मद्देनजर मंगलवार को कमलपुर थाना में पटमदा सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ईद उल फितर एवं होली शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सीओ ने कहा कि होली और ईद उल फितर आपसी भाईचारे और सद्भाव के प्रतीक हैं। इसलिए सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं और किसी तरह अफवाह पर ध्यान न दें। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि आगामी गुरुवार से मुस्लिम समुदाय के लोगों का रोजा शुरू हो रहा है और 21 मार्च ईद-उल -फितर का त्योहार है। जबकि होली का त्योहार 3-4 मार्च को होने वाला है। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था का भंग न करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस को सूचित करें। मौके पर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने एवं गलत तरीके से दुपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार, उप मुखिया गोपाल गोराई, भाजपा नेता प्रदीप महतो,संदीप मिश्रा ,मृत्युंजय महतो, कृपासिंधु महतो, अश्विनी सिंह, सागर महतो, परीक्षित महतो, सहदेव सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कल से शुरू हो रहा है पवित्र रोजों का महीना दिलों में उमंग और इबादत का सिलसिला

**सरिया :** इस्लाम का सबसे पवित्र, आध्यात्मिक और रहमतों से भरा महीना माहे रमजान अब गुरुवार से शुरू होने जा रहा है, चांद की रौशनी के साथ-साथ मुसलमानों के दिलों में एक बार फिर वो दिव्य उत्साह और अल्लाह से जुड़ाव का जज्बा जाग उठेगा। यह महीना महज भूख-प्यास की परीक्षा नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा सुनहरा मौका है जहां इंसान अपनी रूह को पाक करने, सब्र की ताकत बढ़ाने, दया-करम की बरसात करने और अल्लाह तआला से गहरा ताल्लुक कायम करने का इरादा करता है। सुबह-सुबह सहरी की तैयारी, इफ्तार की वो खुशबूदार खुशबू, मस्जिदों से उठती तरावीह की नमाज की मधुर आवाजें, कुरान-ए-पाक की तिलावत से गूंजते घर-घर—सब कुछ इस महीने की रौनक को दोगुना कर देते हैं।रमजान में रोजा रखना इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। सुबह सादिक (फज्र) से सूरज ढलने तक खाने-पीने, बुरी बातों, गुस्से और गुनाहों से परहेज करके मुसलमान अल्लाह की रजा हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस दौरान कुरान की तिलावत को खास अहमियत दी जाती है, क्योंकि इसी महीने में कुरान-ए-करीम नाज़िल होना शुरू हुआ था। तरावीह की नमाज में कुरान की खत्म की जाती है, और लैलतुल-कद्र (शब-ए-कद्र) जैसी रात मिलती है, जो हजार महीनों से बेहतर है।यह महीना नेकी के कामों को बढ़ाने का भी बेहतरीन मौका है। सदका-ओ-खैरात बढ़ाना, गरीबों-मुहताजों की मदद करना। गुनाहों से तौबा करके नई शुरूआत करना परिवार, पड़ोसियों और समाज के साथ अच्छा सुलूक रखना। झूठ, गिबत, चुगली से दूर रहना। नमाज, ज़िक्र और दुआओं में वक्त गुजारना। सहरी में हल्का और पौष्टिक खाना खाकर दिन की शुरूआत करें, और इफ्तार खजूर और पानी से खोलकर अल्लाह का शुक्र अदा करें। मस्जिदों में तरावीह की नमाज, कुरान की महफिलें, दुआओं की मजलिसें—ये सब इस महीने की रूहानी सुकून और खुशी को बढ़ाते हैं।मुसलमान भाई-बहनों से अपील है कि इस पवित्र महीने का पूरा फायदा उठाएं। खुद को बेहतर इंसान बनाने, गुनाहों से तौबा करने, दूसरों की मदद करने और अल्लाह से मगफिरत मांगने का संकल्प लें। यह महीना रहमत, मगफिरत और नजात का महीना है—आइए, इसकी बरकतों से महक उठें और अपने आमाल को नेक बनाने की कोशिश करें।रमजान मुबारक! अल्लाह हम सबके रोजे कबूल फरमाए, दुआएं कबूल फरमाए और हमें लैलतुल-कद्र नसीब फरमाए।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निःशुल्क हाइड्रोसिल ऑपरेशन शिविर आयोजित

**पाकुड़ :** ज़िले में प्रोजेक्ट जागृति -बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम के तहत फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत नि:शुल्क हाइड्रोसिल ऑपरेशन शिविर का आयोजन सदर अस्पताल, सोनाजोड़ी, पाकुड़ में किया गया। यह शिविर उपायुक्त मनीष कुमार तथा सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर में डीएस डॉ मनीष कुमार सिन्हा की उपस्थिति में भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, सर्जन डॉ दीपांकर मिश्रा तथा उनकी टीम द्वारा 3 हाइड्रोसिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई। वहीं उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इस प्रकार के नि:शुल्क ऑपरेशन शिविर आयोजित कर जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति आगे आएं और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नि:शुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाएं। सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव एवं उपचार के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है तथा समय पर उपचार से इस बीमारी को पूर्णत: नियंत्रित किया जा सकता है।

### सरिया कॉलेज के सामने दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर, दोनों चालक घायल

**सरिया :** मंगलवार की संध्या लगभग 6:00 बजे सरिया कॉलेज के सामने सड़क पर दो बाइक सवारों के बीच जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों चालकों को हल्की-फुल्की चोटें आईं, जबकि एक चालक को कुछ अधिक चोट लगने के कारण गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे जिला परिषद सदस्य अनूप कुमार पांडे ने त्वरित सहायता प्रदान की। उन्होंने अपने निजी वाहन से अधिक घायल चालक को बगोदर अस्पताल पहुंचाकर उसका इलाज कराया। वहीं, दूसरे चालक का प्राथमिक उपचार एक निजी क्लीनिक में कराया गया, जिसके बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार और सड़क की स्थिति के कारण यह हादसा हुआ। घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी गई है और पुलिस जांच कर रही है। प्रशासन ने लोगों से सड़क नियमों का पालन करने और सतर्क रहने की अपील की है।अनूप कुमार पांडे ने कहा कि ऐसी घटनाओं में त्वरित सहायता जरूरी है और उन्होंने घायलों की मदद करके सामाजिक जिम्मेदारी निभाई।


## मोटरयान निरीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

### माह सितंबर 2024 से माह अक्टूबर 2025 तक में अप्राप्त फिटनेस पत्र आवेदन

निम्न वाहन मालिकों को शहर के प्रचालित अखबार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सुची में दर्ज वाहन संख्या से संबंधित फिटनेस आवेदन अबतक अप्राप्त है। अतः वाहन स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि निम्नाकिंत वाहन संख्या को फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए दिनांक 16.02.2026 से 28.02.2026 तक अपने वाहन को अलबर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा/ जिला परिवहन कार्यालय, कैम्पस मे पुर्वाह्न 11 बजे से 2 बजे तक वाहन के साथ आवेदन प्रस्तुत करेंगे अन्यथा आपकी आवेदन **रद्द** करते हुए मोटरयान अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई कि जाएगी।

| Sl. No. | APPLICATION NO. | APPLICATION DATE | VEHICLE NO. | VEHICLE CLASS | NAME & ADDRESS | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH240927V0891067 | 27-Sep-2024 | JH20G1272 | Bus(MPV) | SEBESTIYAN BARA, S/O- LATE AMRUS BARA | |
| 2 | JH24100519812174 | 05-Oct-2024 | JH20F6461 | Tractor (LGV) | CHARWA MUNDA,, S/O -CHAMPA MUNDA | |
| 3 | JH24101781786212 | 17-Oct-2024 | JH20E1422 | Three Wheeler | ARUNISH PRAKASH GUPTA, S/O-OM PRAKASH GUPTA | |
| 4 | JH24102182324996 | 21-Oct-2024 | JH20F2817 | Maxi Cab | PRABAL KIRO, S/O-PREM PRAKASH KIRO | |
| 5 | JH24111677452656 | 16-Nov-2024 | JH20B4922 | Tractor | MANOJ SAHU & SURENDRA SAHU, S/O-SOMRA SAHU & KASTU SAHU | |
| 6 | JH24112368635128 | 23-Nov-2024 | JH20A4911 | Tractor | SHIBU OHADAR, S/O-AMAN OHADHAR | |
| 7 | JH24112368636780 | 23-Nov-2024 | JH20A4912 | Trailer | SHIBU OHADAR, S/O AMAN OHADAR | |
| 8 | JH24121762099245 | 17-Dec-2024 | JH01BV1278 | Goods Carrier | VIJAYEE MINJ, W/O- DHARAMDAS TIRKEY | |
| 9 | JH24121772102918 | 17-Dec-2024 | JH20C1177 | Three Wheeler | MD.ANAS, S/O MD.IRSHAD | |
| 10 | JH24122412974783 | 24-Dec-2024 | JH20D8321 | Goods Carrier | SURESH SAHU, S/O-LATE RATAN SAHU | |
| 11 | JH25012818038410 | 28-Jan-2025 | JH20E7095 | Tractor | RUPESH PRASAD, S/O-SHYAM SHANKAR PRASAD | |
| 12 | JH25021029811704 | 10-Feb-2025 | JH20C7440 | Trailer | SAHADEO MAHTO, S/O LT.TEJWA MAHTO | |
| 13 | JH25021841025759 | 18-Feb-2025 | JH20E6281 | Three Wheeler | JITENDRA SAHU, S/O-GANDHI SAHU | |
| 14 | JH25021831063444 | 18-Feb-2025 | JH20A9417 | Tractor | WASHI AHMAD, S/O -SHEKH DILSHER KHAN | |
| 15 | JH25022461776330 | 24-Feb-2025 | JH20C2407 | Goods Carrier | JAMSED KURAISHI,S/O NAIMUDDIN KURAISHI | |
| 16 | JH25031194067218 | 11-Mar-2025 | JH20F9395 | Tractor | SHANKAR KUMAR RAJAK, S/O-TEJUVA BAITHA | |
| 17 | JH25032726472499 | 27-Mar-2025 | JH20B0940 | Three Wheeler | AJGAR SAHU,S/O LURKU SAHU | |
| 18 | JH25032866663781 | 28-Mar-2025 | JH20D5864 | Tractor | PRAHLAD SAHU,S/O RADHA DEVI | |
| 19 | JH25040878501073 | 08-Apr-2025 | JH20C3902 | Three Wheeler | SITARAM SAHU,S/O LT.BUDHRA SAHU | |
| 20 | JH25042202375000 | 22-Apr-2025 | JH20C3345 | Tractor | MRS DAMYANTI SAHU,W/O RAJ KUMAR SAHU | |
| 21 | JH25042209376773 | 22-Apr-2025 | JH20C7147 | Goods Carrier | MOHAMMAD IRFAN AFRIDI, S/O-MOHAMMAD NASIRUDDIN AHAMED | |
| 22 | JH25042304647250 | 23-Apr-2025 | JH20C7014 | Goods Carrier (LGV) | RAJBIR CONTRUCTION PVT LTD, I/C PUNIT KUMAR AGARWAL | |
| 23 | JH25051313362837 | 13-May-2025 | JH20E7857 | Three Wheeler (Passenger) | SHANKAR BARAIK, S/O-THIBHU BARAIK | |
| 24 | JH25051794082896 | 17-May-2025 | JH20E6448 | Three Wheeler | SUKRIT MINJ, S/O-ANTONI MINJ | |
| 25 | JH25052845519736 | 28-May-2025 | JH20D3875 | Three Wheeler | MANOJ KUMAR,S/O SUKHDEV SAHU | |
| 26 | JH25062138974573 | 21-Jun-2025 | JH05AG6036 | Motor Cab(LPV) | RASWAL TIRKEY, S/O -AMAR SINGH TIRKEY | |
| 27 | JH25070891498044 | 08-Jul-2025 | JH20E4251 | Three Wheeler | SANJIT RAM, S/O-PALU RAM | |
| 28 | JH25071011874718 | 10-Jul-2025 | JH20E3600 | Tractor | RAJESH KOWAR, S/O- MAHESH LOHRA | |
| 29 | JH25072834328974 | 28-Jul-2025 | JH20B1244 | Tractor | SHAMBHU PRASAD, S/O- NAGESHWAR SAV | |
| 30 | JH25073195006324 | 31-Jul-2025 | JH20D7584 | Tractor | SUNNY KUMAR YADAV , S/O- SHYAMRAJ YADAV | |
| 31 | JH25081186373522 | 11-Aug-2025 | JH20F7639 | Tractor | ANIL KUJUR, S/O- SELESTIN KUJUR | |
| 32 | JH25081987615581 | 19-Aug-2025 | JH20C8333 | Tractor | ASREN KIRO, S/O LT PRAMODAY KIRO | |
| 33 | JH25082939156742 | 29-Aug-2025 | JH20F8554 | Tractor | PRABHUDAN SURIN, S/O- LT NATHNIAL SURIN | |
| 34 | JH25090806272906 | 08-Sep-2025 | JH20D8329 | Bus | ANURADHA SINHA, W/O- SURAJ KANT | |
| 35 | JH25091005557604 | 10-Sep-2025 | JH20B9560 | Trailer | KRISHNA PRADHAN, S/O- LT SAWAN PRADHAN | |
| 36 | JH25091005557604 | 10-Sep-2025 | JH20B9560 | Trailer | KRISHNA PRADHAN, S/O- LT SAWAN PRADHAN | |
| 37 | JH25091003557645 | 10-Sep-2025 | JH20E9564 | Tractor | ANIL KASI. S/O- KAMAL KASI | |
| 38 | JH25091004557679 | 10-Sep-2025 | JH20E2457 | Tractor | MANOJ KUMAR SAHU, S/O- BHIM PRASAD SAHU | |
| 39 | JH25091007557863 | 10-Sep-2025 | JH20E9339 | Tractor | ARUN KUMAR NAG, S/O- SURENDRA NAG | |
| 40 | JH25091306998448 | 13-Sep-2025 | JH20D3638 | Three Wheeler | RAJKUMAR MANJHI. S/O- SUDHRAN MANJHI | |
| 41 | JH25100975434259 | 09-Oct-2025 | JH20E0931 | Three Wheeler | SIKANDAR PRADHAN, S/O- KARMU PRADHAN | |

मोटरयान निरीक्षक,
सिमडेगा

PR 373107 Simdega(25-26).D


# टाटा जू में अफ्रीकी शेरों का नया जोड़ा पहुंचा, संरक्षण प्रयासों को मिलेगी मजबूती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर के टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीव प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। पार्क में अफ्रीकी शेरों का एक नया जोड़ा शामिल किया गया है। नर शेर मनोहर और मादा शेरनी श्रीदेवी को हैदराबाद स्थित नेहरू जूलॉजिकल पार्क से स्वीकृत पशु विनिमय कार्यक्रम के तहत लाया गया है। इस आदान-प्रदान के तहत जमशेदपुर से दो नर मैंड्रिल बंदरों को हैदराबाद भेजा गया है। करीब नौ वर्ष आयु के मनोहर और श्रीदेवी प्रजनन के लिए उपयुक्त अवस्था में हैं। पार्क प्रबंधन को उम्मीद है कि आने वाले समय में यह जोड़ा सफल प्रजनन करेगा, इससे चिड़ियाघर में शेरों की आनुवंशिक विविधता बढ़ेगी और दीर्घकालिक संरक्षण कार्यक्रम को बल मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि युवा शेरों के शामिल होने से पार्क में स्वस्थ और संतुलित शेर आबादी विकसित करने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को टाटा जू की एक विशेष टीम अत्याधुनिक और सुरक्षित पशु परिवहन वाहनों के साथ हैदराबाद के लिए रवाना हुई थी। सभी जरूरी प्रक्रिया और स्वास्थ्य परीक्षण पूरा करने के बाद टीम दोनों शेरों को सुरक्षित रूप से जमशेदपुर लेकर पहुंची। पूरी प्रक्रिया केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों और विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की निगरानी में संपन्न की गई। वर्तमान में टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में पहले से तीन अफ्रीकी शेर जम्बो, एड्डु और जोया मौजूद हैं, जिनकी उम्र लगभग साढ़े 14 वर्ष है। इन्हें वर्ष 2012 में मात्र छह महीने की अवस्था में लाया गया था और तब से वे दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। नए जोड़े के आगमन के साथ अब पार्क में अफ्रीकी शेरों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मानक प्रोटोकॉल के तहत मनोहर और श्रीदेवी को 40 दिनों तक अनिवार्य क्वारंटाइन में रखा गया है। इस दौरान उनके स्वास्थ्य, आहार और नए वातावरण के प्रति अनुकूलन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। क्वारंटाइन अवधि पूरी होने के बाद उन्हें निर्धारित बाड़ों में रखा जाएगा, जहां दर्शक उन्हें देख सकेंगे।

# मौत का कारण बनते ऑनलाइन गेम

कोरियन लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुदकुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है। अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकार गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया। इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रुप में देखा व समझा जा सकता है। इस तरह की घटनाएं देश-दुनिया में आये दिन हो रही है और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती है। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हों अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रुप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कहकर इसे हल्का किया जा रहा है। हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलने वाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क से संबंधित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर-फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया। दरअसल, ऑनलाइन गेम मनोस्थिति को इस कदर प्रभावित कर देते हैं कि उठते-बैठते टास्क ही टास्क दिमाग में घूमता रहा है। इसी कारण से दुनिया के कई देशों में बच्चों के लिए इंटरनेट के उपयोग को लेकर सख्ती या रोक जैसे कदम उठाने शुरू किये हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिट्रेन, सिंगापुर दक्षिण कोरिया आदि देश इस दिषा में सक्रिय हुए हैं। दरअसल, देखा जाएं तो आनलाइन गेम की लत अन्य नशों से भी अधिक गंभीर होती जा रही है। माना जाता है कि दुनिया के देशों में 1982 में आनलाइन गेमिंग के चलते पहली मौत का मामला सामने आया था जबकि उस समय तो इंटरनेट की पहुंच एक प्रतिशत तक भी नहीं थी। 2022 के बाद ऑनलाइन गेमों की बाढ़ सी आ गई और भारत ही नहीं दुनिया के देशों में गेमिंग के चलते होने वाले दुष्प्रभावों से हिला कर रख दिया है। देखा जाए तो जहां तक बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के चस्के का प्रमुख कारण माना जाए तो इसे कोविड के साइड इफेक्ट के रुप में देखा जा सकता है। कोविड के चलते बच्चों की जिस तरह से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू हुई और जिस तरह से आज भी इसे देखा जा सकता है तो बच्चों के हाथों में एंड्रायड़ फोन आने और ऑनलाइन कक्षाओं के बाद स्क्रिन की अवधि बढ़ने और आकर्षक भ्रमित करने वाले गेमों से बच्चों के जुड़ने से हालात दिन-प्रतिदिन खराब ही हुए हैं। इस लत में बच्चे ही नहीं अपितु युवा भी आते जा रहे हैं। ब्लू व्हेल चैलेंज, पबजी, चोकिंग गेम, फार्टनाइट, फ्री फायर, पपी प्ले टाइम, द बेबी इन येलो, एविल नन, आइसक्रीम आदि गेम ने सर्वाधिक प्रभावित किया है। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया मुख्यतौर से दो दिशाओं में चलती है। एक टास्कबेस्ड गेम है तो दूसरे इमर्सिंव गेम है। टास्कबेस्ड गेम में लगातार नए नए टास्क दिए जाते हैं। यहां तक कि ऐसा भी गया है कि इस तरह के गेम में कई बार तो खेलने वाले को स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले टास्क दे दिए जाते हैं। वाइल्ड हंट, विचर 3, होरिजोन जैसे इस तरह के अनेक गेम है। यह तो केवल उदाहरण मात्र है। इसी तरह से इमर्सिंग गेमों में तकनीक और ग्राफिक्स के माध्यम से यर्थाथ दुनिया जैसे हालात दिखाते हैं। जीरो डॉन, रेड डेड, फॉलआउट और इसी तरह के अनेक गेम उपलब्ध है। खतरनाक तथ्य यह है कि 10-12 से लेकर 40 वर्ष तक के लोग इनके ज्यादा शिकार हो रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया की बात करें तो यह अपने आप में बड़ा व्यापार है। 2024 में 3.7 बिलियन के कारोबार को माना जा रहा है। साल 2029 तक इसके 9.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यानी 2029 तक लगभग तीन गुणा बढ़ जाएगा। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि ऑनलाइन गेम के कारण भले ही मौत के समाचार कभी कभार ही सामने आते हो पर इससे ज्यादा गंभीरता यह है कि मनोवैज्ञानिक असर अधिक दिखाई देने लगा है। ऑनलाइन गेम के लत वालों में डर, अकेलापन, अनिंद्रा, खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकार आम होते जा रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 7709

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7708 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

# छत्रपति शिवाजी की अमर विरासत और आधुनिक भारत की दिशा

ललित गर्ग

19 फरवरी भारत के इतिहास का वह गौरवपूर्ण दिवस है, जब हम छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हैं। यह केवल एक जन्मतिथि का स्मरण नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उस अद्भुत अध्याय का उत्सव है, जिसने पराधीनता के अंधकार में स्वराज्य का दीप प्रज्वलित किया। सत्रहवीं शताब्दी में जब भारत का बड़ा भूभाग मुगल सत्ता, विशेषतः औरंगजेब के कठोर शासन के अधीन था, तब सह्याद्रि की पर्वतमालाओं से एक युवा योद्धा ने यह उद्घोष किया कि "हिंदवी स्वराज्य" केवल स्वप्न नहीं, बल्कि संकल्प है-और उस संकल्प को साकार कर दिखाया।

शिवाजी महाराज का जन्म 1630 में शिवनेरी दुर्ग पर हुआ। उनका नाम भगवान शिव पर नहीं, बल्कि देवी शिवई के नाम पर रखा गया-यह तथ्य ही बताता है कि उनके जीवन की प्रेरणा शक्ति और साहस की आराधना में निहित थी। उनकी माता जीजाबाई ने उन्हें रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, नीति और राष्ट्रधर्म का संस्कार दिया। दादाजी कोंडदेव के मार्गदर्शन में उन्होंने शास्त्र और शस्त्र दोनों का संतुलित ज्ञान प्राप्त किया। यही संतुलन आगे चलकर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता बना-वे केवल तलवार के धनी नहीं, बल्कि नीति और दूरदर्शिता के भी अद्वितीय उदाहरण थे।

शिवाजी महाराज का सबसे बड़ा योगदान हिंदू साम्राज्य की स्थापना है, जिसे उन्होंने "हिंदवी स्वराज्य" कहा। यह किसी एक संप्रदाय का राज्य नहीं था, बल्कि भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक था। उन्होंने छोटे-छोटे किलों से शुरूआत कर एक संगठित मराठा शक्ति का निर्माण किया। तोरणा, रायगढ़, प्रतापगढ़ जैसे दुर्ग केवल पत्थरों की संरचनाएँ नहीं थे, बल्कि स्वराज्य के प्रहरी थे। गुरिल्ला युद्धकला में उनकी दक्षता अद्भुत थी। मुगल सेनापति उन्हें "पहाड़ी चूहा" कहकर उपहास करना चाहते थे, परंतु वही रणनीति मुगलों की सबसे बड़ी कमजोरी बन गई। वे भूगोल को अपनी शक्ति में बदलने की कला जानते थे-तेजी से आक्रमण, अचानक प्रहार और सुरक्षित वापसी उनकी युद्धनीति का आधार था।

उनकी वीरता का शिखर तब दिखाई देता है जब उन्होंने औरंगजेब की विशाल साम्राज्यवादी शक्ति को खुली चुनौती दी। आगरा में बंदी बनाए जाने के बाद उनका साहसिक पलायन केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मुगल सत्ता के अहंकार पर करारा प्रहार था। इसके पश्चात उन्होंने 1674 में रायगढ़ में विधिवत राज्याभिषेक कर स्वयं को "छत्रपति" घोषित किया। यह घटना केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक पुनर्स्थापन का भी प्रतीक थी-सदियों बाद किसी हिंदू राजा का वैदिक विधि से राज्याभिषेक हुआ था।

शिवाजी महाराज की शासन



व्यवस्था भी उतनी ही प्रभावशाली थी जितनी उनकी युद्धनीति। उन्होंने अष्टप्रधान मंडल की स्थापना की, जिसमें विभिन्न विभागों के मंत्री नियुक्त थे। प्रशासन में पारदर्शिता, न्याय और जनकल्याण को प्राथमिकता दी गई। भूमि राजस्व व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया ताकि किसानों पर अत्याचार न हो। महिलाओं के सम्मान की रक्षा उनके शासन का मूल सिद्धांत था-युद्ध में पकड़ी गई महिलाओं को सम्मानपूर्वक उनके घर भेजने की परंपरा उन्होंने स्थापित की। धार्मिक सहिष्णुता उनके शासन की आधारशिला थी, उनकी सेना और प्रशासन में मुस्लिम अधिकारी भी महत्वपूर्ण पदों पर थे। उन्होंने किसी भी मस्जिद या पूजा स्थल को क्षति पहुँचाने की अनुमति नहीं दी। इस प्रकार उनका हिंदू स्वराज्य संकीर्ण नहीं, बल्कि उदार और समावेशी था।

शिवाजी महाराज भारत के उन शुरूआती शासकों में थे जिन्होंने समुद्री शक्ति के महत्व को समझा। उन्होंने एक सशक्त नौसेना का निर्माण किया और कोंकण तट की सुरक्षा सुनिश्चित की। विदेशी आक्रमणकारियों-विशेषतः पुर्तगालियों और सिद्धियोंकृके विरुद्ध यह रणनीति अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई। यह दूरदर्शिता दशार्ती है कि वे केवल तत्कालीन संघर्षों तक सीमित नहीं थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी भांपने की क्षमता रखते थे।

भारतीय संस्कृति और अस्मिता के लिए उनका त्याग अतुलनीय है। उन्होंने विलासिता का जीवन त्यागकर कठिन संघर्ष का मार्ग चुना। निरंतर युद्ध, षड्यंत्र और चुनौतियों के बीच भी उन्होंने राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि स्वराज्य केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाभिमान का भी प्रश्न है। उन्होंने जनमानस में यह विश्वास जगाया कि विदेशी सत्ता अजेय नहीं है और संगठित प्रयास से स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है।

आधुनिक संदर्भ में यदि हम इस विरासत को देखें, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आज के भारत में शिवाजी के आदर्श कितने प्रासंगिक हैं। वर्तमान समय में जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका सुदृढ़ कर रहा है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सुशासन की अवधारणाएँ पुनः केंद्र में हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, सशक्त रक्षा नीति और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर विशेष बल दिया है। यहाँ तुलनात्मक विवेचना की जा सकती है, यद्यपि दोनों युगों की परिस्थितियाँ भिन्न हैं।

शिवाजी महाराज ने स्वदेशी सैन्य शक्ति पर भरोसा किया और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से साम्राज्य खड़ा किया। आधुनिक भारत में आत्मनिर्भर भारत अभियान उसी भावना का आधुनिक रूप प्रतीत होता है, जहाँ रक्षा उत्पादन और आर्थिक सशक्तिकरण पर बल दिया जा रहा है। शिवाजी ने किलों और नौसेना के माध्यम से सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की, आज भारत आधुनिक तकनीक और रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है। शिवाजी का प्रशासन जनकल्याण और पारदर्शिता पर आधारित थाय समकालीन शासन में डिजिटल पारदर्शिता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और भ्रष्टाचार-नियंत्रण की पहलें उसी आदर्श की झलक देती हैं।

सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दृष्टि से भी समानता देखी जा सकती है। शिवाजी महाराज ने हिंदू परंपराओं और प्रतीकों को पुनर्स्थापित कर जनमानस में आत्मगौरव जगाया। आज भी भारत में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, तीर्थस्थलों के विकास और ऐतिहासिक विरासत के पुनरोद्धार पर बल दिया जा रहा है। अंतर केवल इतना है कि शिवाजी का संघर्ष प्रत्यक्ष सैन्य टकराव का था, जबकि आधुनिक भारत का संघर्ष वैश्विक प्रतिस्पर्धा और कूटनीतिक संतुलन का है।

फिर भी, तुलनात्मक विवेचना करते समय यह स्मरण रखना चाहिए कि शिवाजी महाराज का युग पूर्णतः भिन्न राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियों में था। वे एक उभरते हुए स्वराज्य के संस्थापक थे, आज का भारत एक स्थापित लोकतांत्रिक गणराज्य है। अतः समानताओं को प्रेरणा के रूप में देखना चाहिए, न कि पूर्ण समानता के रूप में। शिवाजी की सबसे बड़ी सीख है-साहस, संगठन, दूरदर्शिता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना। यही मूल्य किसी भी युग में प्रासंगिक रहते हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि राष्ट्र निर्माण केवल तलवार से नहीं, बल्कि नीति, नैतिकता और जनविश्वास से होता है। उन्होंने दिखाया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि नेतृत्व दृढ़ हो तो असंभव भी संभव हो सकता है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने आचरण और राष्ट्रीय जीवन में उतारें। भारतीय अस्मिता का अर्थ किसी के प्रति द्वेष नहीं, बल्कि अपने स्वत्व का सम्मान है-और यही संदेश शिवाजी महाराज के जीवन से हमें मिलता है। उनकी 394वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हम संकल्प लें कि स्वराज्य की उस भावना को, जिसे उन्होंने सह्याद्रि की घाटियों से जगाया था, हम आधुनिक भारत की प्रगति और वैश्विक नेतृत्व में रूपांतरित करेंगे। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# डॉक्टर,भगवान का दूसरा रूप होतें हैं, इस उक्ति को डॉ. तपन ने सच कर दिखाया

विजय केसरी

डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। डॉक्टर धरती का भगवान- होतें हैं । इस युक्ति को देश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.तपन कुमार लाहिड़ी ने अपनी चिकित्सीय सेवा से सच साबित कर दिया है। उनकी बदौलत लाखों मरीजों के दिल से धड़क रहे हैं। उन्होंने कभी भी आम अथवा विआईपी मरीज में कोई फर्क नहीं किया बल्कि समान रूप से सबों का इलाज किया। वहीं दूसरी ओर चिकित्सकों के फीस सुरसा की मुंह की तरह दिन ब बढ़ते चले जा रहें हैं। मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के नाम क्या कुछ हो रहा है? यह बात किसी से छुपी नहीं रह गई है। ऐसे में तपन कुमार लाहिड़ी की चिकित्सीय सेवा से देश भर के चिकित्सकों को सबक लेने की जरूरत है। उन्होंने अब तक का जीवन हृदय रोगियों को समर्पित कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपनी चिकित्सीय सेवा के माध्यम से यह बताने की कोशिश की है कि एक चिकित्सक को कैसा होना चाहिए? रोगियों के प्रति उसका कर्तव्य कैसा होना चाहिए?

डॉ तपन कुमार लाहिड़ी का जन्म कोलकाता में हुआ था। उन्होंने सन 1969 में हृदय की शल्यचिकित्सा में इंग्लैण्ड के रॉयल क्कोलेज ऑफ सर्जन्स से फेलो रहे। सन 1972 में उसी संस्थान से वक्ष-शल्यचिकित्सा में एम सी-एच किया। इसके बाद उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में शिक्षण आरम्भ किया। वहाँ वे हृदय विभाग मे रीडर, सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापक, और विभागाध्यक्ष रहे।वहाँ से सन 2003 में वे सेवानिवृत हुए। उसके बाद वे अतिथि प्राध्यापक नियुक्त हुए। इसके लिये वे कोई वेतन नहीं लेते और अपनी सेवाएँ मानव सेवा के लिये निःशुल्क देने लगे। 2016 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। वे चिकित्सा सेवा से ऐसा जुड़ गए कि गृहस्थी बसाई ही नहीं । वे अविवाहित हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के परिसर में विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये आवास में आज भी सन्त की तरह रहते हैं। चौकी पर सोते हैं। नियत समय पर घर से कार्यस्थल पैदल जाते हैं और रोगियों को देखते हैं। अपने पेंशन का भी एक हिस्सा बीएचयू को दान दे देते हैं। बनारस के लोग उन्हें देवता की तरह मानते हैं। वे इतने स्वाभिमानी और राजनीति आदि से निर्लिप्त हैं कि जनवरी 2018 में अपने प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ से भी उन्होंने मिलने से मना कर दिया था।

डॉ कुमार लाहिड़ी को आज भी एक हाथ में बैग, दूसरे में काली छतरी लिए हुए पैदल घर या बीएचयू हास्पिटल की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। सचमुच धरती के भगवान जैसे डॉ लहरी वह चिकित्सक हैं, जो वर्ष 1994 से ही अपनी पूरी तनख्वाह गरीबों को दान करते रहे हैं। अब रिटायरमेंट के बाद उन्हें जो पेंशन मिलती है, उसमें से उतने ही रुपए लेते हैं, जिससे वह दोनो वक्त की रोटी खा सकें। बाकी राशि बीएचयू कोष में इसलिए छोड़ देते हैं कि उससे वहां के गरीबों का भला होता रहे। उन्हें किसी भी दिन शहर के अन्नपूर्णा होटल में पच्चीस रुपए की थाली का खाना खाते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही वह आज भी बीएचयू में अपनी चिकित्सा सेवा निःशुल्क जारी रखे हुए हैं। डॉ लहरी को आज भी एक हाथ में बैग, दूसरे में काली छतरी लिए हुए पैदल घर या बीएचयू हास्पिटल की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। वह इतने स्वाभिमानी और अपने पेशे के प्रति इतने समर्पित रहते है कि कभी उन्होंने बीएचयू के बीमार कुलपति को भी उनके घर जाकर देखने से मना कर दिया था।

ऐसे ही डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है। तमाम चिकित्सकों से मरीजों के लुटने के किस्से तो आए दिन सुनने को मिलते हैं लेकिन डॉ. लहरी देश के ऐसे डॉक्टर हैं, जो मरीजों का निःशुल्क इलाज करते हैं। अपनी इस सेवा के लिए डॉ. लहरी को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में चौथे सर्वश्रेष्ठ नागरिक पुरस्कार 'पद्म श्री' से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ लहरी ने सन- 1974 में प्रोफेसर के रूप में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अपना करियर शुरू किया था और आज भी वह बनारस में किसी देवदूत से कम नहीं हैं। बनारस में उन्हें लोग साक्षात भगवान की तरह जानते-मानते हैं। जिस ख्वाब को संजोकर मदन मोहन मालवीय ने बीएचयू की स्थापना की, उसको डॉ लहरी आज भी जिन्दा रखे हुए हैं। वर्ष 2003 में बीएचयू से रिटायरमेंट के बाद से भी उनका नाता वहां से नहीं टूटा है। आज, जबकि ज्यादातर डॉक्टर चमक-दमक, ऐशोआराम की जिंदगी जी रहे हैं, लंबी-लंबी मंहगी कारों से चलते हैं, मामूली कमीशन के लिए दवा कंपनियों और पैथालॉजी सेंटरों से सांठ-गांठ करते रहते हैं, वही मेडिकल कॉलेज में तीन दशक तक पढ़ा-लिखाकर सैकड़ों डॉक्टर तैयार करने वाले डॉ लाहिड़ी के पास खुद का चारपहिया वाहन नहीं है। उनमें जैसी योग्यता है, उनकी जितनी शोहरत और इज्जत है, चाहते तो वह भी आलीशान हास्पिटल खोलकर करोड़ों की कमाई कर सकते थे लेकिन वह नौकरी से रिटायर होने के बाद भी स्वयं को मात्र चिकित्सक के रूप में गरीब-असहाय मरीजों का सामान्य सेवक बनाए रखना चाहते हैं। वह आज भी अपने आवास से अस्पताल तक पैदल ही आते जाते हैं। उनकी बदौलत आज लाखों गरीब मरीजों का दिल धड़क रहा है, जो पैसे के अभाव में महंगा इलाज कराने में लाचार थे। गंभीर हृदय रोगों का शिकार होकर जब तमाम गरीब मौत के मुंह में समा रहे थे, तब डॉ. लाहिड़ी ने फरिश्ता बनकर उन्हें बचाया।

डॉ लाहिड़ी जितने अपने पेशे के साथ प्रतिबद्ध हैं, उतने ही अपने समय के पाबंद भी। आज उनकी उम्र लगभग 75 साल हो चुकी है लेकिन उन्हें देखकर बीएचयू के लोग अपनी घड़ी की सूइयां मिलाते हैं। वे हर रोज नियत समय पर बीएचयू आते हैं और जाते हैं। रिटायर्ड होने के बाद विश्वविद्यालय ने उन्हें इमेरिटस प्रोफेसर का दर्जा दिया था। वह वर्ष 2003 से 2011 तक वहां इमेरिटस प्रोफेसर रहे। इसके बाद भी उनकी कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उनकी सेवा इमेरिटस प्रोफेसर के तौर पर अब तक ली जा रही है। जिस दौर में लाशों को भी वेंटीलेटर पर रखकर बिल भुनाने से कई डॉक्टर नहीं चूकते, उस दौर में इस देवतुल्य चिकित्सक की कहानी किसी भी व्यक्ति को श्रद्धानत कर सकती है।

रिटायर्ड होने के बाद भी मरीजों के लिए दिलोजान से लगे रहने वाले डॉ. टीके लहरी को ओपन हार्ट सर्जरी में महारत हासिल है। वाराणसी के लोग उन्हें महापुरुष कहते हैं। अमेरिका से डॉक्टरी की पढ़ाई करने के बाद 1974 में वह बीएचयू में 250 रुपए महीने पर लेक्चरर नियुक्त हुए थे। गरीब मरीजों की सेवा के लिए उन्होंने शादी तक नहीं की। सन-1997 से ही उन्होंने वेतन लेना बंद कर दिया था। उस समय उनकी कुल सैलरी एक लाख रुपए से ऊपर थी। रिटायर होने के बाद जो पीएफ मिला, वह भी उन्होंने बीएचयू के लिए छोड़ दिया। डॉ. लाहिड़ी बताते हैं कि रिटायरमेंट के बाद उन्हें अमेरिका के कई बड़े हॉस्पिटल्स से ऑफर मिला, लेकिन वह अपने देश के मरीजों की ही जीवन भर सेवा करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। वह प्रतिदिन सुबह छह बजे बीएचयू पहुंच जाते हैं और तीन घंटे ड्यूटी करने के बाद वापस घर लौट आते हैं। इसी तरह हर शाम अपनी ड्यूटी बजाते हैं। इसके बदले वह बीएचयू से आवास के अलावा और कोई सुविधा नहीं लेते हैं। सच्चे अर्थों में डॉक्टर लाहिड़ी सहजता, सरलता, सेवा और त्याग के प्रतिमूर्ति हैं। उनका अब तक का जीवन सकल समाज के लिए अनुकरणीय है।

# यूपी में कांग्रेस के सूखे की जड़ में गांधी परिवार की बेरूखी


संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने लम्बे समय के बाद लखनऊ में मनरेगा के नियमों में बदलाव के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजाया। कांग्रेस मनरेगा को अपना मास्टरस्ट्रोक समझती रही है। इसी लिये मोदी सरकार ने जब श्रमिकों के लिये कांग्रेस सरकार में लाये गये मनरेगा कानून को बदलक जी राम जी किया तो कांग्रेस आग बबूला हो गई। इसको लेकर कांग्रेस और गांधी परिवार मोदी सरकार पर हमलावर हो गई,लेकिन कांग्रेस का आंदोलन थोथा साबित हुआ। कांग्रेस के किसी केन्द्रीय नेता ने हिस्सा नहीं लियात तो प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं ने भी फोटोशूट करके अपने कर्तव्य की आहूति दे दी। आश्चर्य की बात है कि चार दशक से यूपी की सत्ता से बाहर कांग्रेस अभी तक यह समझ नहीं पाई है कि प्रदेश की राजनीति का मैदान हमेशा से ही तलवारों की टक्कर का अखाड़ा रहा है। यहां सत्ता का रथ वही चला पाता है जो जनता की नब्ज को पकड़ ले और जमीन पर मजबूत जड़ें जमा ले। लेकिन पिछले 40 बरसों से कांग्रेस इस मैदान से बाहर खड़ी सिसक रही है। कभी इस सूबे के रास्ते ही पूरे देश पर राज करने वाली यह पार्टी आज अपनी पहचान बचाने को छटपटा रही है। बीते दस वर्षो की ही बात कि जाये तो 2017 के विधानसभा चुनाव से लेकर अब 2027 की आहट तक कांग्रेस ने जो खेल खेला, वह नाकामी की इबारत बन गया। न रणनीति बनी, न जमीन पर उतरी, बस सहारे तलाशते रहे। गांधी परिवार की दूरी ने तो जैसे अंतिम कील ठोक दी। आइए इस दस साल के पतन की पूरी दास्तान को जोड़कर देखें।

2017 के चुनाव कांग्रेस के लिए उम्मीदों का इंद्रधनुष थे। राहुल गांधी ने जोरशोर से प्रचार संभाला। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ। नारा गूंजा- दो लड़कों की जोड़ी। अखिलेश यादव और राहुल गांधी को युवा जोड़ी के रूप में पेश किया गया। कांग्रेस ने खुद को समाजवादी पार्टी का सहयोगी बनाया। लेकिन यह गठबंधन जमीन पर न चला। समाजवादी पार्टी का परंपरागत वोट बैंक मुस्लिम और पिछड़े वर्गों से था, लेकिन हिंदू मतदाता भाजपा की ओर खिंचे चले गए। राम मंदिर का मुद्दा, विकास का वादा और नरेंद्र मोदी की लहर ने कांग्रेस-सपा गठबंधन को धराशायी कर दिया। नतीजा? भाजपा ने 300 से ज्यादा सीटें जीतीं। कांग्रेस को महज सात विधायक मिले। राहुल गांधी ने यूपी से नाता तोड़ लिया। उसके बाद वे दुबारा लौटे ही नहीं। परिवार ने सूबे को भुला दिया। इस हार ने कांग्रेस को झकझोर दिया। लेकिन सबक लेने के बजाय वे फिर सहारों की तलाश में भटकने लगे। 2019 के लोकसभा चुनाव आए। कांग्रेस ने फिर गठबंधन की राह पकड़ी। इस बार पश्चिमी यूपी में राष्ट्रीय लोक दल के साथ हाथ मिलाया। पूर्वी यूपी में अपना उत्साह जुटाया। लेकिन नतीजे शर्मनाक रहे। पूरे सूबे में 80 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस सिर्फ दो पर सिमट गई। रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से स्मृति ईरानी के खिलाफ किशोरी लाल शर्मा जीते। अमेठी की हार ने तो जैसे कांग्रेस का घमंड तोड़ दिया। राहुल गांधी अमेठी छोड़कर रायबरेली चले गए। सूबे में विधायकों की तादाद उंगलियों पर गिनी जाने लायक रह गई। जनाधार? वह तो 1980 के दशक से ही खिसक चुका था। ब्राह्मण, दलित, मुस्लिम- सबके वोट बंट चुके थे। भाजपा ने संगठन खड़ा कर लिया था, सपा-बसपा अपनी-अपनी पूरानी जमीन पर कायम थे। कांग्रेस के पास न नेता थे, न मुद्दे। 2020 आया। महामारी ने सबको लाक किया। लेकिन राजनीति रुकी नहीं। कांग्रेस ने संगठन को जगाने की कोशिश की। प्रियंका वाड्रा को महासचिव बनाया गया। वे लखनऊ में घर ले आईं। लेकिन जमीन पर उतरना मुश्किल था। किसान आंदोलन चला। दिल्ली की सीमाओं पर धरने हुए। कांग्रेस ने समर्थन दिया। लेकिन यूपी के किसानों का गुस्सा भाजपा पर था, कांग्रेस को फायदा न हुआ। उल्टा आंदोलन के दौरान हिंसा ने कांग्रेस की छवि खराब की। प्रियंका वाड्रा ने लखनऊ से सक्रियता दिखाई। मीटिंगें कीं, वादे किए। लेकिन स्थानीय नेता कमजोर पड़ गए। अजय कुमार लल्लू जैसे नेताओं ने कोशिश की, पर संगठन जर्जर था।फिर आया 2022 का विधानसभा चुनाव। यह कांग्रेस का अंतिम मौका था। प्रियंका वाड्रा ने नारा दिया- लड़की हूं, लड़ सकती हूं। उन्होंने 100 से ज्यादा सीटों पर महिलाओं को टिकट दिए। लखनऊ में घर से प्रचार संभाला। राहुल गांधी भी कुछ रैलियां कीं। लेकिन गठबंधन का अभाव महंगा पड़ा। सपा ने अकेले चुनाव लड़ा। बसपा ने अपनी राह पकड़ी। भाजपा ने योगी आदित्यनाथ की लहर पर सवार होकर फिर भारी जीत हासिल की। कांग्रेस को दो विधायक ही मिले। प्रियंका वाड्रा की मेहनत रंग न लाई। मतदाताओं ने भरोसा न किया। क्यों? क्योंकि कांग्रेस के पास न स्थानीय चेहरा था, न मुद्दा। महंगाई, बेरोजगारी पर बोलते, लेकिन जनता को याद आता 1989 के बाद का सूखा। गांधी परिवार सूबे से दूर था। राहुल दिल्ली में थे, प्रियंका लखनऊ में रहकर भी संगठन न जगा पाईं। हार के बाद कांग्रेस फिर अनाथ हो गई। नेता घरों में कैद, कार्यकर्ता निराश। 2024 के लोकसभा चुनाव ने घाव पर नमक छिड़का। प्रियंका वाड्रा ने राहुल गांधी के वायनाड जाने पर यूपी फोकस किया। लेकिन नतीजे निराशाजनक। यूपी में कांग्रेस को सात लोकसभा सीटें मिलीं। इंडिया गठबंधन में सपा के साथ हाथ मिलाया। सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दीं। नतीजा? कांग्रेस ने सभी सात जीतीं। लेकिन यह सपा की लहर थी। कांग्रेस का अपना वोट न बढ़ा। रायबरेली और अमेठी सुरक्षित रहे। बाकी जीत सपा के समर्थन से। गांधी परिवार ने फिर दूरी बनाई। राहुल वायनाड चले गए। प्रियंका सक्रिय न रहीं।

## दैनिक पंचांग

18 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | कुंभ | 06.14 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मीन | 07.50 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.21 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.01 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 12.59 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.13 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 17.29 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 19.41 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 21.51 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | वृश्चिक | 00.06 ब.से |
| | | धनु | 02.22 बजे से |
| | | मकर | 04.27 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 49 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** प्रतिपदा 16.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 21.16 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 22.45 बजे को समाप्त।
**करण** बव 16.58 बजे तदनन्तर बालव 04.32 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 0.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 42'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872624
**जूलियन दिन** 2461089.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान
**तारीख** 29
**विशेष** चंद्र दर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### 19 गुमशुदा हुए मोबाईल को बरामद कर धारकों को किया सुपूर्द

**पाकुड़** : जिले में पुलिस द्वारा नव वर्ष में प्रोजेक्ट डिवाइस के तहत पाकुड़ जिलान्तर्गत चोरी/गुमशुदा मोबाईल को बरामद कर मोबाईल धारक को सुपूर्द करने का संकल्प लिया गया था। इस संकल्प के तहत दिनांक 07.01.2026 को नगर थाना क्षेत्रान्तर्गत चोरी / गुमशुदा हुए कुल-05 (पाँच) मोबाईल को बरामद कर मोबाईल धारकों को सुपूर्द किया गया था। पुन: पाकुड़ पुलिस द्वारा इस संकल्प के तहत मंगलवार को महेशपुर थाना-07, लिट्टीपाड़ा थाना-03, पाकुड़िया थाना-05, मुफसिल थाना-04 कुल-19 (उन्नीस) चोरी / गुमशुदा हुए मोबाईल को बरामद कर मोबाईल धारकों को सुपूर्द किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने कहा कि पाकुड़ पुलिस का प्रोजेक्ट डिवाइस के तहत चोरी / गुमशुदा हुए अन्य मोबाईलों को बरामद कर मोबाईल धारकों को वापस लौटाने का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### मारपीट को लेकर पीड़ित ने थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज**: मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवरन में मंगलवार को मारपीट की एक घटना को लेकर क्षेत्र में हलचल मच गई। मिली जानकारी के अनुसार बड़तल्ला गांव निवासी अमित कुमार शाह ने घटना को लेकर मिजाचौकी थाना में लिखित आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में अमित कुमार शाह ने राहुल गुप्ता, अशोक गुप्ता, गोलू कुमार सहित एक अन्य को नामजद अभियुक्त बनाया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आपसी विवाद के दौरान उक्त लोगों द्वारा मारपीट की गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।मामले की गंभीरता को देखते हुए मिजाचौकी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### डीसी ने जनता दरबार लगाकर सुनी आमजनों की समस्या



**साहिबगंज**: समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही डीसी द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

# शिक्षा सुधार व डिजिटल ट्रेनिंग को लेकर डीसी ने की समीक्षा, कम उपस्थिति पर सख्त निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा सुधार एवं शिक्षकों के डिजिटल प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा डिजिटल माध्यम से शिक्षकों के प्रशिक्षण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि शिक्षा एवं स्कूल अटेंडेंस के मामले में झारखंड के 24 जिलों में साहिबगंज का स्थान निचले पायदान पर है, जिसे डीसी ने निंदनीय बताया। उन्होंने सभी प्रखंडों के विद्यालयों की छात्र उपस्थिति रिपोर्ट की गहन समीक्षा की तथा कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। डीसी ने संबंधित बीआरपी एवं सीआरपी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया तथा स्पष्ट कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर उपस्थिति में ठोस सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सेवा मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शिक्षकों के डिजिटल प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा तकनीकी संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि शिक्षण व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाया जा सके। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी एवं सीआरपी उपस्थित थे।

## पीएम श्री विद्यालयों का संयुक्त सचिव करेंगे निरीक्षण, उपायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

**पाकुड़** : ज़िले में भारत सरकार के संयुक्त सचिव के आगामी 20 फरवरी को जिला स्थित पीएम श्री विद्यालयों के निरीक्षण एवं जायजा लेने के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर उपायुक्त द्वारा तैयारियों की समीक्षा हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर), स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ एवं अद्यतन रखा जाए। साथ ही पीएम श्री योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी तैयारियाँ पूर्ण कर लें। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों में नवाचार, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेल सुविधाएँ एवं छात्र-हित से जुड़ी व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## बाबूपुर पंचायत भवन में पेंशनर मिलन समारोह आठवां वेतन लागू करने की उठी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के तीनपहाड़ में राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर अनुमंडल पेंशनर समाज का वार्षिक पेंशनर मिलन समारोह मंगलवार को बाबूपुर पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमे अनुमंडल सहित राज्य स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित हुए।इस कार्यक्रम की शुरूआत अनुमंडल पेंशनर समाज के अध्यक्ष काशीनाथ भगत के द्वारा संघ का झंडा तोलन कर किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में कहा गया कि हम सभी को मिलकर पेंशनर समाज के संगठन को मजबूत बनाना होगा। इसके लिये हमें संगठित रहना होगा साथ ही कहा कि सरकार पेंशनधारियों को आठवां वेतन नही देना चाह रही है, लेकिन हम सभी पेंशनधारियों का मांग है कि इस को भी लागू किया जाय ताकि सभी को सुविधा मिल सके। साथ ही कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पेंशनर समाज द्वारा कनकलता बेसरा, सिसिलिया मुर्मू, हाजी अब्दुल कयूम, भुनेश्वर प्रसाद रॉय, स्वाधीन साहा, उषा रानी हेम्ब्रम सहित छह पेंशनरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए सम्मान पत्र दिया गया। वहीं इस कार्यक्रम का मंच संचालन सीताराम मंडल ने किया। मौके पर पंचायत के मुखिया अंजली सोरेन, महासचिव झारखंड राज्य पेंशनर समाज रांची सह राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ दिल्ली के महेश कुमार सिंह, वित्त सचिव झारखंड राज्य पेंशनर समाज रांची सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ दिल्ली चंद्रकांत सिंह, हरि प्रसाद मंडल, शोभा प्रसाद यादव, जनार्दन प्रसाद यादव, मिनाली मंडल, सचिदानंद मधुकर, अजित कुमार दत्त, शबनम बेसरा, मूलचंद मेहरा, रामकुमार यादव, निताई दास सहित अन्य उपस्थित थे।

## साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर विशेष मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : मालदा के संभागीय रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, मालदा मंडल में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए गहन टिकट जाँच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए, रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार की उपस्थिति में साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर एक विशेष मजिस्ट्रेट टिकट जाँच अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान मालदा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह की देखरेख में, वाणिज्य निरीक्षक, टिकट जांच कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों के सक्रिय समन्वय और भागीदारी के साथ चलाया गया ताकि रेलवे टिकट नियमों और विनियमों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित किया जा सके। गहन जांच अभियान के दौरान, बिना टिकट यात्रा, बिना बुकिंग के सामान और कूड़ा-करकट फैलाने सहित कुल 97 अनियमित यात्रा के मामले पकड़े गए, जिसके परिणामस्वरूप 52,100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। यह पहल मालदा डिवीजन की रेलवे टिकट नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने, रेलवे की आय की रक्षा करने और यात्रियों के बीच जिम्मेदार यात्रा व्यवहार को बढ़ावा देने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मालदा डिवीजन सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे असुविधा और जुमार्ने से बचने के लिए उचित और वैध टिकट के साथ यात्रा करें। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे परेशानी मुक्त और कागज रहित यात्रा के लिए रेलवन ऐप के माध्यम से डिजिटल टिकटिंग सुविधा का लाभ उठाएं और सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक यात्रा के लिए डिजिटल और संपर्क रहित भुगतान विकल्पों का उपयोग करें।

## रामगढ़ में ट्रांस कैफे की शुरूआत, ट्रांसजेंडर समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : जिले में सामाजिक समावेशन और सम्मानजनक आजीविका की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मंगलवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में ट्रांस कैफे का शुभारंभ किया गया। इस कैफे का संचालन ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य स्वयं करेंगे। जिला प्रशासन की पहल पर शुरू की गई यह योजना ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है। कैफे का उद्घाटन उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज एवं ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ट्रांस कैफे केवल एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक सोच में बदलाव की पहल है। इसका उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह पहल जिला प्रशासन, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी एवं किन्नर उत्थान समिति के सहयोग से संचालित की जा रही है। प्रशासन का मानना है कि इस कैफे के माध्यम से समुदाय के सदस्यों को न केवल आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच और स्वीकार्यता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि यह पहल सामाजिक समानता और आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस नवाचारपूर्ण प्रयास का समर्थन करें और हर कप के साथ एक सपने को समर्थन अभियान से जुड़कर ट्रांसजेंडर समुदाय का हौसला बढ़ाएं।

## सात सूत्री मांगों को लेकर रसोईया-संयोजिका संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**भुरकुंडा** : झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ ने अपनी सात सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के कारण राज्य के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना प्रभावित रहेगी, जिससे लाखों विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। संघ के अध्यक्ष अजित प्रजापति, महासचिव प्रेमनाथ विश्वकर्मा और कोषाध्यक्ष अनिता देवी केसरी ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपनी मांगों से अवगत कराया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के प्रथम दिन 18 फरवरी से हड़ताल प्रारंभ की गई है। 19 फरवरी को राज्यभर के रसोईया, संयोजिका और पदाधिकारी विधानसभा के समक्ष अधिकार महासभा एवं विराट प्रदर्शन आयोजित करेंगे। संघ की प्रमुख मांगों में रसोईया-संयोजिकाओं को न्यूनतम वेतन लागू करना, वर्ष में दो साड़ी सेट उपलब्ध कराना तथा संयोजिका एवं अध्यक्ष को भी रसोईया की तर्ज पर मानदेय से जोड़ना शामिल है। इसके अतिरिक्त स्थायी नियमावली बनने तक 60 वर्ष की आयु सीमा की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई है। संघ ने कार्य के दौरान चोट लगने या जलने की स्थिति में समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने, दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रितों को आर्थिक सहायता देने तथा सभी रसोईया-संयोजिकाओं को 10 लाख रुपये का निःशुल्क बीमा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है। साथ ही पेंशन योजना से जोड़ने, एपीएफ/पीएफ की कटौती और ग्रेच्युटी लागू करने की मांग को भी प्रमुखता से रखा गया है। संघ का कहना है कि वर्षों से सेवा देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। यदि सरकार सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। फिलहाल, हड़ताल के कारण स्कूलों में मध्याह्न भोजन व्यवस्था बाधित रहने की आशंका है, जिस पर अभिभावकों की भी नजर टिकी हुई थी।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशेष तनाव मुक्ति शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अर्शी खानम एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, साहेबगंज पुनम कुमारी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, नशा मुक्ति को प्रोत्साहित करना तथा बच्चों एवं किशोर-किशोरियों के संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अर्शी खानम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। मानसिक समस्याओं की समय पर पहचान, उचित परामर्श एवं उपचार से गंभीर परिस्थितियों को रोका जा सकता है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों, बालिकाओं एवं उनके परिवारों को प्रभावी परामर्श उपलब्ध कराने का आह्वान किया। वहीं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पुनम कुमारी ने किशोर-किशोरियों को नशा से दूर रखने, उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने तथा बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक है। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति, साहेबगंज, चाइल्ड हेल्पलाइन, मंथन संस्था, झारखंड विकास परिषद एवं पीसीआई-इंडिया (डीपीसी-पीसीआई इंडिया) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन केंद्रों पर शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा



**साहिबगंज** : सीबीएसई बोर्ड की ओर से आयोजित 10वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से शुरू हो गई। इसे लेकर जिला मुख्यालय में तीन परीक्षा केन्द्र पूर्व रेलवे हाई स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय में बनाया गया है। पहले दिन पहली पाली में सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे तक की परीक्षा हुई। पहले दिन 10 वीं के लिए गणित बेसिक व गणित स्टैंडर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई। इसमें जिला से करीब दो हजार परीक्षार्थी हैं।

### वन विभाग ने मृत डॉल्फिन का पोस्टमार्टम करने के बाद किया दाह संस्कार



**साहिबगंज**: राजमहल काली घाट गंगा नदी तट पर मंगलवार की सुबह एक मृत डॉल्फिन मिलने से सनसनी मच गई। दरअसल डॉल्फिन वाचर गंगा तट पर गश्त लगा रहे थे। इस दौरान उन्हें तट पर एक डॉल्फिन मछली के जाल में फसी पड़ी मिली। जांच करने पर डॉल्फिन मृत पाई गई। उन्होंने इसकी सूचना वन क्षेत्र पदाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे, वनरक्षी पप्पू यादव, इंद्रजीत कुमार दार, वाचर राजेश ठाकुर, श्याम कुमार रविदास टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन करते हुए मृत डॉल्फिन को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये तालझारी वन कार्यालय लेकर पहुंचे। जहां डिविजनल फॉरेस्ट ऑफीसर (डीएफओ) प्रवल गर्ग, सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद व वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे की उपस्थिति में पशु चिकित्सक डॉ उमेश कुमार, उधवा के भ्रमणशील पशु चिकित्या पदाधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने मृत डॉल्फिन के शव को पोस्टमार्टम किया। डीएफओ प्रवल गर्ग ने बताया कि मृत डॉल्फिन के शव का बिसरा फोरेंसिक जांच के लिए संग्रह किया गया है। बिसरा का सैंपल जांच के लिए रांची भेजा जाएगा। मृत डॉल्फिन 4 फीट लंबा और लगभग 35 किलो वजनी थी। इधर पोस्टमार्टम के बाद वन परिसर में ही डॉल्फिन का दाह संस्कार कर दिया गया। इस दौरान वाचर राजेश ठाकुर, श्याम कुमार रविदास एवं रमेश तुरी सहित अन्य मौजूद थें।

### बाबु टोला गांव में मां की मौत का सदमा, इलाज के दौरान रास्ते में बेटी ने भी तोड़ा दम

**साहिबगंज**: राधानगर थाना क्षेत्र के बाबुटोला गांव में सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां कुछ ही घंटों के अंतराल में मां और बेटी दोनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाबुटोला निवासी मजीद शेख की पत्नी हजेफा बीबी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। सोमवार की सुबह उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्होंने अंतिम सांस ली। मां के निधन की खबर जैसे ही उनकी विवाहित पुत्री नफीसा खातुन को मिली, वह अपने ससुराल पहाड़गांव से मायके पहुंची। मां के पार्थिव शरीर को देखते ही नफीसा खातुन (32 वर्ष) गहरे सदमे में आ गईं और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने तत्काल उनकी हालत को गंभीर देखते हुए इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के धुलियान ले जाने का निर्णय लिया। रास्ते में फरक्का के समीप उनकी तबीयत और बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि नफीसा को अचानक लकवे जैसा अटैक पड़ा था, जिसके कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। एक ही दिन में मां-बेटी की मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम पसर गया। एक साथ दो जनाजे उठने का दृश्य देख हर किसी की आंखें नम हो गईं।

### तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से पिता व पुत्र को मारा टक्कर, घायल

**साहिबगंज**: बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा पुल के समीप बाइक में सवार पिता पुत्र को पीछे से बाइक ने मारी ठोकर पिता पुत्र घायल। मिली जानकारी के अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र के सुरजा पहाड़िया (40) व उनका पुत्र लौकी मालतो (21) बरहेट से तालझारी प्रखंड कार्यालय जा रहे थे इसी दौरान बड़ा पुल के समीप पीछे से बाइक ने ठोकर मार दिया। जिससे पिता पुत्र घायल हो गया। घायलों को बोरियो सीएचसी लाया गया जहां सीएचसी में मौजूद डॉ. कुलदीप कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बरही के धनवार में नई मस्जिद बनने पर जलसा का आयोजन

**बरही** : बरही के धनवार पंचायत के कर्बला मोहल्ला में नई फातिमा मस्जिद बनने की खुशी में जलसा का आयोजन किया गया। जलसा का उद्घाटन मुख्यअतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कैयूम और मुफ्ती अब्दुल राशिद ने किया। जलसा का उद्घाटन करते हुए मो कैयूम ने कहा कि धनवार में नई मस्जिद बनने से लोगों में खुशी है। यह खुशी तब और बढ़ जाएगी जब पांचों वक्त के नमाज में मस्जिद अकीदतमंदों से भरी हुई हो। मो कैयूम ने धनवार अंजुमन कमेटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अंजुमन कमेटी के सभी मेंबरों की दिन रात की लग्न और मेहनत से सुंदर मस्जिद का निर्माण हो सका है। चंद्रपुरा से आए मौलाना मनोवर ने अपने तकरीर में कहा कि मस्जिद में नमाज पढ़ने से दुआएं मिलती हैं। मौलाना कमरुद्दीन एवं मौलाना अकिल साहब की तकरीर को लोगों ने खुब पसंद किया। मौलाना महबूब एवं हाफिज जमाल ने नात पढ़कर लोगों की वाहवाही बटोरी। मुफ्ती अब्दुल राशिद के सदारत में जलसा का आयोजन हुआ था। जलसा में गुलाम सरवर, मो इम्तियाज ,साबिर अली, शौकत अंसारी मो ताहिर, शमशेर अंसारी, मो अयूब मो मंजूर आलम, शहजाद अंसारी, मो जब्बार, हाफिज यूसुफ अंसारी, अलीम अंसारी, मो सादुल्लाह समेत धनवार पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

### हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल ने ग्राम पलान्डू में किया ग्राम सभा

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तालाश्वर पंचायत के प्लांडू गांव में पश्चिमी वन प्रमंडल के द्वारा ग्राम सभा किया गया इस ग्राम सभा में वनरक्षि महेश कुमार दास के द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई जैसे मछली पालन, मुर्गी पालन, गाय पालन, सुवर पालन, साथी बहुत सारी योजनाओं को ग्राम सभा के द्वारा परित किया गया जैसे कुआं, तालाब ,डीप बोरिंग ,पी सी सी मार्ग,चापाकल, इत्यादि मौके पर उपस्थित वन पदधिकारी दसरथ ठाकुर, समरेश योगी ,सतीश करमाली, विजय महतो, नारायण प्रसाद, सुबेदार करमाली, नागेश्वर महतो, राहुल करमाली, महावीर महतो, संतोष महतो ईश्वर कुमार महतो समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

# एनएचएआई ने दो राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए 6,220 करोड़ जुटाए

**- महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में फैले 310.35 किलोमीटर लंबी दो राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट (एनएचआईटी)के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इसमें महाराष्ट्र में एनएच-53 का 255.97 किमी अमरावती-चिखली-तार्सोद खंड और आंध्र प्रदेश में एनएच-16 का 54.38 किमी गुंडुगोलानु-चिन्ना-अवुतापल्ली खंड शामिल हैं। प्रस्ताव की स्वीकृत राशि 6,220.90 करोड़ रुपये। 'प्राधिकरण के चेयरमैन ने कहा` कि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के आगे विकास के लिए वित्तीय पूंजी जुटाने में आईएनवीआईटी (अवसंरचना निवेश ट्रस्ट) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस ठेके के साथ एनएचआईटी के माध्यम से मुद्रीकृत कुल परिसंपत्तियां 49,858 करोड़ रुपये होंगी। ष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित एक निवेश (आईएनवीआईटी) राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट ने अब तक सीपीपीआईबी, ओटीपीपी, ईपीएफओ, एनएचएआई और एसबीआई समूह जैसे प्रमुख निवेशकों से चार दौर में पूंजी जुटाई हैं। 700 से अधिक निवेशकों के साथ, एनएचआईटी की इकाइयों का वर्तमान बाजार पूंजीकरण लगभग 28,000 करोड़ रुपये है। एनएचआईटी की इकाइयां एनएसई और बीएसई दोनों पर सूचीबद्ध हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मौजूदा परिसंपत्तियों के मूल्य को बढ़ाने और निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों में परिसंपत्ति मुद्रीकरण एक रणनीतिक उपकरण के रूप में उभरा है। टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर (टीओटी) और अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनवीआईटी) जैसे मॉडलों का लाभ उठाकर, एनएचएआई ने सफलतापूर्वक धन जुटाया है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि में निवेश और विस्तार के अवसर मौजूद : वित्त मंत्री

**- नॉर्वे में निवेश और व्यापार सहयोग पर हुई चर्चा**

नई दिल्ली। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत में निवेश और व्यापार के बड़े अवसरों पर जोर दिया। विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाएं, रेयर अर्थ प्रोसेसिंग और कार्बन कैप्चर एवं स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते का लाभ उठाने की सहमति व्यक्त की। चर्चा में ब्लू इकॉनमी, ग्रीन इकॉनमी, साथ ही सॉवरेन वेल्थ और पेंशन फंड के माध्यम से निवेश के क्षेत्रों को बढ़ावा देने की रणनीतियों को शामिल किया गया। स्टोलटेनबर्ग ने वित्त मंत्री को बताया कि नॉर्वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस वर्ष के अंत में होने वाली यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उम्मीद जताई गई कि इस यात्रा से भारत-नॉर्वे द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत होगा।

सीतारमण ने ओस्लो में वित्त समिति, ईएफटीए समिति और भारतीय-नॉर्वेजियन मैत्री समूह के प्रमुख से भी मुलाकात की। उन्होंने समिति को गिफ्ट-आईएफएससी के दौरे के लिए आमंत्रित किया और इसे एक वैश्विक प्रतिस्पर्धी वित्तीय केंद्र बताते हुए निवेश के अवसरों और कर लाभों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नॉर्वे के सीईओ और निवेशकों के साथ गोलमेज चर्चा और प्रवासी भारतीय समुदाय से मिलने का कार्यक्रम भी रखा।

## एनएचएआई ने दो राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए 6,220 करोड़ जुटाए

**- महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल**

नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में फैले 310.35 किलोमीटर लंबी दो राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट (एनएचआईटी)के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इसमें महाराष्ट्र में एनएच-53 का 255.97 किमी अमरावती-चिखली-तार्सोद खंड और आंध्र प्रदेश में एनएच-16 का 54.38 किमी गुंडुगोलानु-चिन्ना-अवुतापल्ली खंड शामिल हैं। प्रस्ताव की स्वीकृत राशि 6,220.90 करोड़ रुपये। 'प्राधिकरण के चेयरमैन ने कहा` कि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के आगे विकास के लिए वित्तीय पूंजी जुटाने में आईएनवीआईटी (अवसंरचना निवेश ट्रस्ट) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस ठेके के साथ एनएचआईटी के माध्यम से मुद्रीकृत कुल परिसंपत्तियां 49,858 करोड़ रुपये होंगी। ष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित एक निवेश (आईएनवीआईटी) राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट ने अब तक सीपीपीआईबी, ओटीपीपी, ईपीएफओ, एनएचएआई और एसबीआई समूह जैसे प्रमुख निवेशकों से चार दौर में पूंजी जुटाई हैं। 700 से अधिक निवेशकों के साथ, एनएचआईटी की इकाइयों का वर्तमान बाजार पूंजीकरण लगभग 28,000 करोड़ रुपये है। एनएचआईटी की इकाइयां एनएसई और बीएसई दोनों पर सूचीबद्ध हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मौजूदा परिसंपत्तियों के मूल्य को बढ़ाने और निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों में परिसंपत्ति मुद्रीकरण एक रणनीतिक उपकरण के रूप में उभरा है। टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर (टीओटी) और अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनवीआईटी) जैसे मॉडलों का लाभ उठाकर, एनएचएआई ने सफलतापूर्वक धन जुटाया है। इस राशि को नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में पुनर्निवेश किया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मुद्रीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों की कुल राशि लगभग 28,077 करोड़ रुपये है।राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों की गुणवत्ता एवं दीर्घावधि में वृद्धि के लिए यह दृष्टिकोण न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है बल्कि निजी क्षेत्र की कार्यकुशलता तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों को भी शामिल करता है।

## एनआरआई का भारत की ओर रुझान, स्वास्थ्य बीमा खरीद में 126 फीसदी उछाल

**- कम प्रीमियम और डिजिटल सुविधा की वजह से वृद्धि दर्ज की गई**



नई दिल्ली।

डिजिटल बीमा प्लेटफॉर्म पॉ लिसी बाजार की ताजा रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में बसे भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भारत में खरीदी जा रही स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में सालाना आधार पर 126 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह रुझान दर्शाता है कि एनआरआई अब भारतीय स्वास्थ्य बीमा को केवल आपातकालीन जरूरत के लिए नहीं, बल्कि एक संपूर्ण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में देख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कम प्रीमियम, आसान डिजिटल प्रक्रिया और एआई आधारित टेलीमेडिकल जांच जैसी सुविधाओं ने इस वृद्धि को गति दी है। जहां खाड़ी देशों में स्वास्थ्य बीमा का प्रीमियम 2000 से 3000 डॉलर तक पहुंच जाता है, वहीं भारत में समान कवरेज 120 से 300 डॉलर के बीच उपलब्ध है। कई मामलों में हवाई यात्रा का खर्च जोड़ने के बाद भी भारत में इलाज अधिक किफायती पड़ता है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और कुवैत सहित खाड़ी देशों से कुल मांग का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा आ रहा है। यूरोप से करीब 25 प्रतिशत, जबकि अमेरिका और कनाडा से 17 प्रतिशत मांग दर्ज की गई है। एशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफ्रीका से 8 प्रतिशत ग्राहक भारतीय पॉलिसियां खरीद रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि परिवार फ्लोटर पॉलिसियों में 70 प्रतिशत और माता-पिता के लिए अलग कवरेज में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट है कि एनआरआई अपने भारत में रह रहे परिजनों की दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

# भारत में डिजिटल भुगतान की क्रांति, यूपीआई बना सबसे भरोसेमंद माध्यम

**- कुल डिजिटल लेन-देन में लगभग 11 गुना वृद्धि दर्ज की गई**

मुंबई। जहां कभी लेन-देन के लिए नकदी ही सबसे बड़ा सहारा हुआ करती थी, वहीं अब डिजिटल भुगतान आम बात हो गई है। डेबिट-क्रेडिट कार्ड के दौर के बाद मोबाइल आधारित भुगतान प्रणाली ने बाजार पर कब्जा जमा लिया है। खासकर नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा संचालित यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भुगतान व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। अब यूजर्स क्यूआर कोड स्कैन कर सेकेंडों में पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं, जिससे यह सुविधा लोगों की पहली पसंद बन गई है। वित्त मंत्रालय की स्टडी के मुताबिक भारत में डिजिटल भुगतान और संबंधित इंफास्ट्रक्चर में तेज़ी से वृद्धि हुई है। कुल डिजिटल लेन-देन में लगभग 11 गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

यूपीआई की हिस्सेदारी अब कुल डिजिटल भुगतान का 80 फीसदी तक पहुंच गई है। क्यूआर कोड की संख्या 9.3 करोड़ से बढ़कर 65.8 करोड़ हो गई है, जबकि थर्ड-पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स 16 से 38 तक पहुंच गए हैं, जो बढ़ती फिनटेक भागीदारी को दर्शाता है। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग में यूपीआई का उपयोग 66 फीसदी तक पहुंच गया है। यह संकेत है कि नई पीढ़ी तेज, आसान और कैशलेस लेन-देन को प्राथमिकता दे रही है। यूपीआई अब कुल भुगतान लेन-देन का 57 फीसदी हिस्सा संभाल रहा है, जबकि नकदी का हिस्सा केवल 38 फीसदी है। 65 फीसदी उपयोगकर्ता दिन में कई बार डिजिटल भुगतान करते हैं।

## ओला इलेक्ट्रिक का घाटा कम हुआ, राजस्व में गिरावट

मुंबई। ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही मे घाटा घटाकर 487 करोड़ रुपये किया, जो पिछले साल की समान तिमाही के 564 करोड़ रुपये से कम है। वहीं राजस्व 470 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर लगभग 55 फीसदी घटा। तिमाही में कुल 32,680 यूनिट्स डिलीवर की गईं। ग्रॉस मार्जिन रिकॉर्ड 34.3 फीसदी पर पहुंचा। कंपनी ने इस तिमाही को स्ट्रक्चरल रीसेट का दौर बताया। रिटेल नेटवर्क और ऑपरेटिंग मॉडल में बदलाव किए गए, लागत कम करने और सर्विस नेटवर्क मजबूत करने पर जोर दिया गया। आने वाले तिमाहियों में परिचालन व्यय 250-300 करोड़ रुपये प्रति तिमाही तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। ओला ने बैटरी उत्पादन दोगुना कर 72,418 सेल्स तक पहुंचाया। इन-हाउस 4680 भारत सेल पहली बार व्यावसायिक वाहन में तैनात किए गए। गीगाफैक्ट्री की वर्तमान क्षमता 2.5 जीडब्ल्यूएच है, जिसे मार्च 2026 तक 6 जीडब्ल्यूएच करने की योजना है।



## भारत का कुल निर्यात 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचने की संभावना

**अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल निर्यात 720.76 अरब डॉलर रहा**

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) 860 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इसमें सेवा निर्यात 410 अरब डॉलर के स्तर पर रहने का अनुमान है। अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल निर्यात 720.76 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के समान अवधि के 679.02 अरब डॉलर की तुलना में 6.15 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2026 में वस्तु निर्यात 36.56 अरब डॉलर रहा, जो साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़ा। प्रमुख बढ़त देने वाले उत्पादों में इंजीनियरिंग उत्पाद (10.40 अरब डॉलर, प्लस 10.37 फीसदी), पेट्रोलियम उत्पाद (3.77 अरब डॉलर, प्लस 8.55 फीसदी), मीट, डेयरी और पोल्ट्री (0.61 अरब डॉलर, प्लस 17.92 फीसदी), समुद्री उत्पाद (0.61 अरब डॉलर, प्लस 13.29 फीसदी) और लोहा एवं लौह अयस्क (0.21 अरब डॉलर, प्लस 31.54 फीसदी) शामिल हैं। अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल आयात 823.41 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। जनवरी में आयात में तेज़ी मुख्य रूप से सोना और चांदी की कीमतों बढ़ने से हुई। इसी दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 102.65 अरब डॉलर हो गया। जनवरी में अमेरिका को वाणिज्यिक निर्यात 6.58 अरब डॉलर तक पहुंचा, मासिक आधार पर 4.5 फीसदी की गिरावट के साथ। 7 फरवरी से अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क घटा दिया।

## भारत में जनवरी में बेरोजगारी दर पांच फीसदी तक बढ़ी


**- ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी सुस्ती प्रमुख कारण बनी**




नई दिल्ली। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में जनवरी, 2026 में बेरोजगारी दर बढ़कर 5 प्रतिशत हो गई, जबकि दिसंबर, 2025 में यह 4.8 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बताया कि यह वृद्धि मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में फसल कटाई के बाद आई मौसमी सुस्ती और कुछ श्रमिकों द्वारा अस्थायी रूप से काम की तलाश न करने के कारण हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर दिसंबर के 3.9 प्रतिशत से बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों में यह 6.7 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई। एनएसओ ने कहा कि शहरी श्रम बाजार की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर रही। पुरुषों में बेरोजगारी दर लगभग स्थिर रही, जबकि महिलाओं में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एनएसओ ने इसे अल्पकालिक उतार-चढ़ाव बताया, न कि श्रम बाजार की संरचनात्मक कमजोरी। जनवरी में कुल एलएफपीआर 55.9 प्रतिशत रही, ग्रामीण में 58.7 प्रतिशत और शहरी में 50.3 प्रतिशत। महिला एफएफपीआर जनवरी में 35.1 प्रतिशत रही, ग्रामीण में 39.7 फीसदी और शहरी में 25.5 फीसदी रही। कुल डब्ल्यूपीआर जनवरी में स्थिर रही। ग्रामीण क्षेत्र में यह 56.2 प्रतिशत, शहरी में 46.8 प्रतिशत। पुरुष और महिला डब्ल्यूपीआर में ग्रामीण क्षेत्रों में मामूली गिरावट, शहरी क्षेत्रों में स्थिरता रही। एनएसओ ने बताया कि यह आंकड़ा 3,73,158 व्यक्तियों से संकलित किया गया है। जनवरी, 2025 से पीएलएफएस की पद्धति में संशोधन के बाद अब मासिक और तिमाही अनुमान जारी किए जाते हैं।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

मुम्बई।




भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। इस कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक बढ़कर 83,450.96 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक उछलकर 25,725.40 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान ही लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में तेजी आई। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 224.90 अंक बढ़कर 59,881.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 95.80 अंक उछलकर 17,146.70 पर बंद हुआ।

आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में आये उछाल से बाहर ऊपर आया है। वहीं एफएमसीजी, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑटो, फार्मा, पीएसई, हेल्थकेयर, इन्फा लाभ में रहे। दूसरी ओर कमोडिटीज, रियल्टी, ऑयलएंडगैस और फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स पैक में बीईएल, एलएंडटी, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक, सन फार्मा, इंडिगो, एसबीआई, टीसीएस, पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे। टाटा स्टील, ट्रेंट, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक के शेयर गिरावट पर रहे। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले।

शुरुआती कारोबार में मुनाफावसूली के चलते बाजार नीचे आया। सेंसेक्स 83,197 अंक कीगिरावट के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 165.35 अंक की गिरावट के साथ 83,111.80 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 25,637 पर खुला और कुछ ही मिनटों में 25,600 के नीचे फिसल गया। बाजार सोमवार को हरे निशान पर बंद हुआ।

मंगलवार को एशियाई शेयरों में मामूली बढ़त हुई।

## भारतीय कंपनियों के लिए एआई नौकरियों के बड़े अवसर लेकर आई: नैसकॉम

**- नौकरियों में कटौती नहीं होगी, बल्कि कामकाज की प्रकृति बदल जाएगी**

नई दिल्ली। उद्योग संगठन नैसकॉम में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रमुख ने कहा कि एआई का तेजी से विकास भारतीय कंपनियों के लिए बड़े अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे नौकरियों में कटौती नहीं होगी, बल्कि कामकाज की प्रकृति बदल जाएगी। एआई के बढ़ते उपयोग से भूमिकाओं और कार्यों में परिवर्तन होगा, जिससे पेशेवरों की क्षमताओं की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत एआई को लागू करने और इसका लाभ उठाने के लिए कौशल निर्माण में तेजी ला रहा है। आने वाले महीनों में लगभग डेढ़ लाख लोगों को एआई आधारित विकास कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर कॉलेजों के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त सुनिश्चित करेगा। यह भी कहा कि वैश्विक स्तर पर एआई के इस्तेमाल के लिए और अधिक पेशेवरों की जरूरत है, और भारत इस मामले में एक मजबूत स्रोत है। अल्प अवधि में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, लेकिन लंबी अवधि में भारतीय कंपनियों को इस तकनीक से लाभ होगा।

# भारत में बिजली क्षेत्र में एआई से स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को मिलेगा बढ़ावा: आईईए विशेषज्ञ

**- बिजलीकरण बढ़ने के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर और पवन की हिस्सेदारी बढ़ी**

नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए)के ऊर्जा विशेषज्ञ सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि भारत में बिजली प्रणालियों की जटिलताएँ तेजी से बढ़ रही हैं। उनका कहना था कि बिजलीकरण बढ़ने के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर और पवन–की हिस्सेदारी बढ़ी है। इससे बिजली प्रणाली में अस्थिरता और उतार-चढ़ाव बढ़ गए हैं, क्योंकि पहले ज्यादातर बिजली स्रोत स्थिर थे। सिंह ने बताया कि इन जटिलताओं को संभालने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) अहम हो सकती है। एआई बिजली उत्पादन और खपत का वास्तविक समय में विश्लेषण कर सकता है, जिससे नेटवर्क अधिक स्वचालित और स्थिर बन सके।

विशेष रूप से, बैटरी और ऊर्जा भंडारण का प्रबंधन एआई द्वारा बेहतर तरीके से किया जा सकता है, ताकि सौर और पवन ऊर्जा के उतार-चढ़ाव को संतुलित किया जा सके। भारत में परिवर्तनीय बिजली उत्पादन का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।




सौर और पवन ऊर्जा के लिए हर मिनट मौसम और बादलों की स्थिति पर निगरानी आवश्यक है। एआई सिस्टम इन डेटा को प्रोसेस करके उत्पादन और मांग का संतुलन बनाए रख सकते हैं। सिंह ने बताया कि अब दीर्घकालिक स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य हैं, जो पहले नहीं थे। इसके लिए सिस्टम को अधिक स्वचालित बनाने की जरूरत है। नए बाजार मॉडल और स्मार्ट ग्रिड में एआई तेजी से निर्णय लेने में मदद करेगा।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 7 पैसे की की बढ़त के साथ ही 90.67 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.73 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी ने हालांकि स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.72 पर खुला। हालांकि बाद में फिसलकर 90.73 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसा की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को आठ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.14 पर रहा।



## स्पाइस लॉग फूड वर्क के शेयर में उछाल, शेयर पर निवेशकों की नजर

मुंबई। स्पाइस लॉग फूड वर्क के शेयरों में पिछले दिन करीब 5 फीसदी की तेजी देखी गई। दिन की शुरुआत 36.60 रुपए पर हुई, जबकि इंट्रा-डे हाई 40.44 रुपए रहा। दोपहर 1:40 बजे शेयर 40.40 रुपए पर था। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में स्टॉक 24 फीसदी बढ़ा और एक महीने में 10 फीसदी से अधिक की तेजी दर्ज हुई। कंपनी का प्रदर्शन लंबी अवधि में भी आकर्षक रहा है। बीते एक साल में शेयर ने 196 फीसदी का रिटर्न दिया और पिछले पांच साल में इसमें 3,200 फीसदी से अधिक की उछाल आई, जिससे यह मल्टीबैगर साबित हुआ। हाल ही में घोषित तिमाही रिपोर्ट में सालाना आधार पर शुद्ध लाभ 1.04 लाख रुपए से बढ़कर 2.21 लाख रुपए हुआ। हालांकि, तिमाही आधार पर पिछले सितंबर तिमाही की तुलना में मुनाफा 61 फीसदी घट गया।

# राजद विधायक बोले- मनरेगा का 60% पैसा चढ़ावा में चला जाता है, विधानसभा अध्यक्ष ने टोकते हुए क्या कहा



पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा में मंगलवार दोपहर कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कुछ ऐसी बातें हुईं, जो चर्चा में हैं। पहली बार राजद के टिकट पर विधायक बने गौतम कृष्ण ने सरकार पर जमकर हमला बोला। इतना ही नहीं उन्होंने आवास योजना में भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने कुछ ऐसी बातें भी कर दीं, जिसका बचाव सीधे विधानसभा अध्यक्ष को करना पड़ा। आइए जानते हैं क्या-क्या हुआ? बिहार विधानसभा में बजट सत्र पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और प्रखंड विकास पदाधिकारी रहे गौतम कृष्ण ने कटौती प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने सदन में एनडीए सरकार पर हमला बोला। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार को भी घेरने की कोशिश की। राजद विधायक गौतम कृष्ण ने कई गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं 14 महीने तक प्रखंड विकास पदाधिकारी रहा। मेरे ऊपर जो आरोप लगे, उसे बिना सुने हुए मंत्री ने मुझ पर कार्रवाई कर दी गई। आपका विभाग आंख पर पट्टी बांधकर काम करता है। विधायक ने कहा कि मुझे 14 महीने तक किस तरह से तंग किया गया? इसका मैंने अपने त्याग पत्र में जिक्र किया था। उन्होंने मंत्री श्रवण कुमार पर हमला करते हुए कहा कि आप अगर भ्रष्टाचारियों का साथ नहीं देते आज मैं इस सदन में नहीं रहता। मुझ जैसे ईमानदार अधिकारी को दूध की मक्खी की तरह निकालकर फेंक दिया गया। मनरेगा में किस तरह भ्रष्टाचार व्याप्त था। 60 फीसदी पैसा चढ़ावा में ही चला जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के घर कागज पर तो हैं लेकिन आप कोसी के इलाके में चले जाएं, किसी गरीब के घर आपको पक्के नहीं दिखेंगे। सारे पैसे लूट लिए जाते हैं। प्रेम कुमार के बाद राजू तिवारी ने भी कसा तंज राजद विधायक को टोकते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि अब मनरेगा खत्म हो गया। अब जी राम जी आ गया। अब पैसों की लूट नहीं होती है। यह सब पहले होता था। अब पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार सरकार के नेतृत्व में सारा पैसा डीबीटी के माध्यम से गरीबों के खाते में चला जाता है। इसके बाद लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के विधायक राजू तिवारी ने तंज कसते हुए कहा कि यूपीए के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि दिल्ली से चला हुए 100 रुपया गरीबों तक पहुंचते-पहुंचते 25 पैसा बन जाता है। राजद विधायक जो आरोप लगा रहे हैं, वह जंगलराज में ही होता था। इसके बाद राजद विधायक रुके नहीं वह बोलते रहे। उन्होंने कहा कि यह सब जानते हैं भ्रष्टचार आज हर जगह फैल चुकी है। गरीबों का क्या हाल है? सरकार की ऐसी कोई भी योजना नहीं है, जिसमें लूटपाट नहीं होती हो। भाजपा विधायक बोले- एनडीए के राज में ही बीडीओ बने थे इसके बाद भाजपा विधायक विजय खेमका ने कहा कि विधायक गौतम कृष्ण एनडीए के राज में ही बीडीओ बने थे। आज बिहार में विकास ही विकास हो रहा है। लेकिन, विपक्ष को यह नजर नहीं आ रहा है।

जंगलराज का जो इतिहास रहा है। जंगलराज ने बिहार को पूरे देश में बदनाम किया। राजद वालों ने बिहार का चारा खा लिया। अब कोर्ट में इसकी सुनवाई चल रही है। नक्सलवाद, डकैती, फिरौती, हत्या जंगलराज में आम बात थी। आज सुशासन का राज इन्हें पच नहीं रहा है।

## सिविल सर्जन ने जताया एतराज, कहा- ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य वरना रुक जाएगा वेतन



पटना (एजेंसी)। जिले के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक तथा एएनएम को प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे अपने कार्यस्थल से ऑनलाइन जुड़कर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। जो ऐसा नहीं करेंगे उनके वेतन में कटौती की जाएगी। इस आदेश से अब सभी हड़कंप में हैं। स्वास्थ्य विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली और अस्पतालों से कर्मियों की नदारद रहने की शिकायतों को देखते हुए नवनियुक्त सिविल सर्जन योगेन्द्र प्रसाद मंडल ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने जिले की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पहला फरमान जारी किया है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा है कि अब जिले के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक तथा एएनएम को प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे अपने कार्यस्थल से ऑनलाइन जुड़कर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। सिविल सर्जन योगेन्द्र प्रसाद मंडल ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि विधान सभा सत्र चल रहा है और अनुश्रवण के दौरान पाया गया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थापित कई स्वास्थ्य कर्मी कार्य अवधि में उपस्थित नहीं रहते हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए अब सभी स्वास्थ्यकर्मी एवं एएनएम को प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे अपने कार्यस्थल से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर जिला एवं प्रखंड स्तर से जुड़ना अनिवार्य होगा। नितिन नवीन के बाद अब बिहार के एक और मंत्री का इस्तीफा आएगा? जानिए, क्यों आया यह सवाल सिविल सर्जन योगेन्द्र प्रसाद मंडल ने यह भी कहा है कि जिस दिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग निर्धारित होगी, उस दिन बिना प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की स्वीकृति के अवकाश लेना या ड्यूटी से अनुपस्थित रहना स्वीकार्य नहीं होगा। ऐसी लापरवाही से आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। आदेश में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक को विशेष जिम्मेदारी दी गई है कि उनके क्षेत्र के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रतिदिन संचालित रहें। यदि कोई कर्मी अवकाश पर जाता है तो उसका अवकाश पंजी नियमित रूप से संधारित किया जाए। पत्रकारों को लेकर नीति पर घिर गई नीतीश कुमार सरकार; विधानसभा में माले विधायक को क्या दिया जवाब? सिविल सर्जन योगेन्द्र प्रसाद मंडल ने स्पष्ट रूप से निर्देश जारी किया है कि किसी भी परिस्थिति में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद नहीं होना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। विशेष एवं अकास्मिक परिस्थिति में स्वास्थ्य कर्मी अपने नियंत्रण अधिकारी को व्हॉट्सअप के माध्यम से सूचित करेंगी। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन प्रतिदिन होना निश्चित है। जो स्वास्थ्य कर्मी इन नियमों में अनदेखी करती पायी गयी, उनका वेतन या मानदेय रोक दिया जाएगा।

## मैट्रिक एग्जाम- स्टूडेंट ने परीक्षा हॉल से फेसबुक लाइव किया



पटना (एजेंसी)। बिहार मैट्रिक वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो हो गई। इसके लिए 1699 सेंटर्स बनाए गए हैं। परीक्षा में कुल 15.12 लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। सीवान में मैट्रिक परीक्षा के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। दारौंदा प्रखंड के गोरखनाथ क्ळक में बनाए गए परीक्षा केंद्र के अंदर से एक युवक ने फेसबुक लाइव कर दिया। सेंटर के अंदर मोबाइल बैन था। वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। सेंटर के स्टूडेंट्स और जिम्मेदार लोगों से पूछताछ की जा रही है वैभव सूर्यवंशी ने नहीं दिया एग्जाम आज से ही उइरए बोर्ड का भी एग्जाम भी शुरू हुआ है। क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी इस बार दसवीं का पेपर नहीं दे रहे हैं। पोद्दार इंटरनेशन स्कूल में उनका सेंटर था। उनके घर वालों ने बताया कि वो टूनामेंट की तैयारी में व्यस्त हैं। वैभव के स्कूल के प्रिंसिपल एएनके सिन्हा ने बताया, वैभव आज एग्जाम देने नहीं आए। उनके पास कई ऑप्शन हैं। हो सकता है ऑनलाइन पढ़ाई करें या बाकी परीक्षाओं में आएं। आज की परीक्षा में हमने वैभव को अपसेंट मार्क किया है। हमने वैभव को माइंड में रखते हुए सुरक्षा और बाकी चीजों के लिए पूरे इंतजाम किए थे। 7 शहरों में दीवार फांदकर सेंटर में पहुंचे छात्र इधर, बिहार बोर्ड के दसवीं के एग्जाम में पटना के मिलर स्कूल में एक छात्रा 10 फीट ऊंची दीवार कूदकर सेंटर के अंदर घुसा, हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर निकाल दिया। लेट होने की वजह से उसे गेट से एंट्री नहीं मिल पाई थी। बक्सर में भी एक छात्रा सेंटर की दीवार फांदकर अंदर पहुंची। बेगूसराय में भी तीन छात्राएं दीवार फांदकर सेंटर के अंदर घुस गईं। पटना के गर्दनीबाग बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी छात्रा गेट पर चढ़कर सेंटर के अंदर जाती दिखी। गोपालगंज के वीएम इंटर कॉलेज सेंटर में भी छात्रा दीवार से अंदर पहुंची। मुंगेर जिले के जमालपुर में एनसी घोष प्लस टू हाई स्कूल में एक छात्र दीवार फांदकर सेंटर में घुसा।

## एथलेटिक्स का नया युग, 400 मीटर दौड़ के लिए अत्याधुनिक अकादमी और प्रतिभा पहचान कार्यक्रम की मंजूरी

पटना (एजेंसी)। पोर्टब्लेयर में आयोजित एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में बिहार में खेल और एथलेटिक्स के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (अत्रक्ष) की एग्जीक्यूटिव कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में बिहार में खेल और एथलेटिक्स के विकास के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रण शंकरण ने बताया कि बैठक में राज्य में खेल प्रतिभाओं को नई दिशा देने और उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए कई पहलें तय की गई हैं। बैठक में विशेष रूप से बिहार में 400 मीटर दौड़ के लिए

ATHLETICS FEDERATION OF INDIA

अत्याधुनिक एथलेटिक्स अकादमी स्थापित करने पर सैद्धांतिक सहमति दी गई। इस संबंध में फेडरेशन जल्द ही विस्तृत प्रस्ताव बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को भेजेगी। यह अकादमी राज्य के उभरते धावकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी। राज्य में एथलेटिक्स प्रतिभाओं की पहचान को वैज्ञानिक और व्यवस्थित आधार पर करने के लिए फेडरेशन ने एक उच्चस्तरीय समिति बनाने का निर्णय लिया है। इस समिति की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज करेंगी। समिति बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पास उपलब्ध खिलाड़ियों के डेटा का विश्लेषणकर संभावनाशील प्रतिभाओं का चयन करेगी। बैठक में प्रशिक्षण स्तर को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। इसके तहत राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार स्टेट स्पेसिफिक कोच डेवलपमेंट प्रोग्राम संचालित किया जाएगा, जिससे स्थानीय प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ेगी और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा। पोर्टब्लेयर बैठक में लिए गए इन निर्णयों को बिहार में एथलेटिक्स के विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद है।

## बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा, सेंटर पर क्या लेकर न जाएं? गड़बड़ी करने पर मिलेगी कड़ी सजा



पटना। बिहार के सभी जिलों में कुल 1699 केंद्रों पर मैट्रिक परीक्षा का आयोजन हो रहा है। किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए खास तैयारी की गई है। बिहार बोर्ड की ओर से दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। आइए जानते हैं बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने परीक्षा से पहले क्या जानकारी साझा की है बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से 17 फरवरी यानी आज से मैट्रिक परीक्षा ली जा रही है। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। इस परीक्षा के लिए हर जिले में चार मॉडल सेंटर बनाए गए हैं। इस बार पहली पाली में सात लाख 58 हजार 633 और दूसरी पाली में सात लाख 54054 छात्र परीक्षा देंगे। इनमें 7,85,726 छात्राएं और 7,26, 961 छात्र शामिल हैं। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष प्रशांत किशोर ने सभी डीएम और एसपी को परीक्षा के दौरान पूरी तरह से भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया है। पटना समेत सभी जिलों के जिलाधिकारी ने हर सेंटर पर मजिस्ट्रेट और पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में परीक्षार्थी के अलावा कोई अन्य शख्स की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर पौने एक यानी 12:45 तक चलेगी। इसी तरह दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पौने पांच यानी 4:45 तक चलेगी। परीक्षार्थियों से अपील की है कि परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले ही केंद्र के अंदर चले जाएं। हर पाली में 15 मिनट का समय परीक्षार्थी को प्रश्नों को पढ़ने और समझने के लिए दिया जाएगा। 17 फरवरी को दो पालियों पाली में मातृभाषा की परीक्षा होगी। परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले गेट बंद करने का आदेश बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि हर परीक्षा केंद्रों तीन स्तर पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले मुख्य द्वार को बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगी। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और पुलिसकर्मियों को मोबाइल या किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की इजाजत नहीं है। कोई भी छात्र या अन्य व्यक्ति परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करते पकड़े गए तो उनपर कड़ी कार्रवाई होगी। हर परीक्षा केंद्र की निगरानी सीसीटीवी के जरिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान सरकार जीरो पटना डीएम ने क्या-क्या निर्देश दिया है? पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने कहा कि जिले में स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## तीन साल पुराने हत्याकांड में उम्रकैद, कोर्ट ने धारा 302 में ठहराया दोषी, लगाया 25 हजार जुमार्ना



पटना (एजेंसी)। रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के रूपैठा गांव में 2 जून 2023 को हुए हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। जिला जज 9 सुचित्रा सिंह की अदालत ने अभियुक्त अफजाल अंसारी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के रूपैठा गांव में तीन साल पहले हुए हत्याकांड में सोमवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए जिला जज 9 सुचित्रा सिंह की अदालत ने अभियुक्त अफजाल अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने उस पर 25 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है। चाकू मारकर की थी हत्या यह घटना 2 जून 2023 की शाम करीब छह बजे की है। करगहर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी अफजाल अंसारी रूपैठा गांव के कुदूस आलम की गाड़ी चलाता था। उसी दिन गाड़ी के हिसाब किताब को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ। बात बढ़ते बढ़ते इतनी उग्र हो गई कि अफजाल अंसारी ने कुदूस आलम के पेट, पसली और गुप्तांग में चाकू घोंप दिया। गंभीर रूप से घायल कुदूस आलम को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। छह गवाहों की हुई गवाही मामले में करगहर थाना कांड संख्या 193/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसका ट्रायल सत्रवाद संख्या 124/2024 में चल रहा था। अपर लोक अभियोजक लक्ष्मण राय ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में छह गवाहों की गवाही दर्ज कराई गई। सबूतों के आधार पर कोर्ट ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार दिया। सोमवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद अदालत ने अफजाल अंसारी को 25 हजार रुपये के अर्थ दंड के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## छात्रा मौत-पप्पू यादव ने दो नेताओं के नाम लिए:पूछा- कौन है संजय, कौन है गुप्ता, जल्द पूरे सबूत सार्वजनिक करूंगा, सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा



पटना (एजेंसी)। पप्पू यादव ने बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी से उळ्ळष फुटेज की जांच की मांग की। साथ ही कहा कि प्रभात मेमोरियल अस्पताल और कुछ प्रशासनिक लोगों की भूमिका की जांच होनी चाहिए और वे इस केस को सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने बोरिंग रोड के नागेश्वर कॉलोनी में रहने वाले संजय नाम के एक नेता और गुप्ता नाम के एक अन्य व्यक्ति का जिक्र किया, लेकिन पूरा नाम नहीं बताया। सम्राट चौधरी भाई को कौन भूमिहार का नेता बदनाम करना चाहता था। बोरिंग रोड के नागेश्वर कॉलोनी में कौन से ऐसे नेता हैं जिनका नाम संजय है- अंतिम नाम नहीं बोलूंगा- जिसका घर खगड़िया में है। कौन है एक गुप्ता..? जैसे संजय के बाद का नाम नहीं बोला, वैसे ही गुप्ता के पहले का नाम नहीं बोलूंगा। इनके ऑफिस में कौन-कौन जाता था, इन सभी के उळ्ळष फुटेज की जांच करिए। क्या उसमें मनीष रंजन गए थे या नहीं। पप्पू यादव ने कहा कि मनीष रंजन राजनीतिज्ञों के सप्लायर हैं और एपस्टन के नायक हैं। सांसद ने कहा कि वो जल्द ही नीट मामले के सारे सबूत सार्वजनिक करेंगे। पूरे मामले का दस्तावेज के साथ पदार्फाश करेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि यह पूरा मामला पटना में हुए एक बड़े षड्यंत्र की तरफ इशारा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रा को इलाज के दौरान नशे में रखने वाली सुइयां दी गईं। उनका दावा है कि उनके पास इसके सबूत मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बच्ची को संदिग्ध ओपिओइड पॉइजनिंग का मामला बताया गया, लेकिन समय पर जरूरी टेस्ट और एंटीडोट नहीं दिया गया। सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि बिना परिवार की अनुमति के प्रेग्नेंसी टेस्ट कराया गया। बाद में फेंटेनिल इंजेक्शन दिए जाने पर भी उन्होंने सवाल उठाए और क्ळ्व में दी गई दवाओं का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की। जांच एजेंसियों पर भी उठाए सवालउन्होंने कहा कि रक्ळ और की जांच कमजोर नहीं थी, बल्कि सिस्टम ने उसे कमजोर बनाया। जब मामला उइक को सौंपा गया तो कुछ लोगों में बेचैनी क्यों दिखी, इसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने , उक्ऊऔर रक्ळ की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि जेल में उनके खिलाफ साजिश रची गई। उन्होंने कहा कि 28 घंटे तक उन्हें ऐसी जगह रखा गया जहां सांप और चूहे थे। 6 से 13 तारीख के बीच उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। उन्होंने जेल सुपरिटेंडेंट के फोन रिकॉर्ड और फुटेज की जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि 7 दिनों तक वे डर के कारण ठीक से सो नहीं सके और प्रशासन उन पर झूठा आरोप लगाने की साजिश कर सकता था। उन्होंने कोर्ट में वीडियोग्राफी की मांग पहले ही कर दी थी। अंत में पप्पू यादव ने कहा कि यह सिर्फ मेडिकल लापरवाही का मामला नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक साजिश भी हो सकती है। उन्होंने हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने की बात कही और दोषियों के नाम सार्वजनिक कर सख्त कार्रवाई की मांग की। ठएएळ छात्रा मौत मामले में उइक की जांच का आज चौथा दिन है।

## संक्षिप्त डायरी

### होली बाद 6km दौड़ेगी मेट्रो; पटना-जंक्शन से हर तरफ जाएगी

पटना(एजेंसी)। पटना मेट्रो को शुरू हुए 4 महीने हो गए हैं। अभी मेट्रो सिर्फ 3 स्टेशन (न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माइल और भूतनाथ स्टेशन) के बीच ही चल रही है। दूरी 2.9 km और किराया 15 रुपए है। मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा होली बाद शुरू होगी। इससे मेट्रो सेवा की लंबाई बढ़कर 6.107 km हो जाएगी। 3 km से अधिक दूरी तक यात्रा करने के लिए 30 रुपए किराया देना होगा। वहीं, अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए टनल का निर्माण तेजी से हो रहा है। दैनिक भास्कर की खास रिपोर्ट में जानिए, पटना मेट्रो के निर्माण का अपडेट क्या हैङ्ख? पटना जंक्शन से लेकर राजेन्द्र नगर स्टेशन व अन्य जगहों पर क्या काम चल रहा है? आपके इलाके में कब तक मेट्रो आएगी पटना में मेट्रो ट्रेन की दो लाइनें बन रहीं हैं। एक है ब्लू लाइन जो पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से पटना जंक्शन जाएगी। दूसरी है रेड लाइन जो दानापुर कैंट से खेमनीचक जाएगी। पटना मेट्रो के कुल 25 स्टेशन होंगे। नेटवर्क की लंबाई 32 km होगी। वर्तमान में न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माइल और भूतनाथ स्टेशन तक 2.9 km में मेट्रो का परिचालन हो रहा है, जिसका किराया 15 रुपए है। मार्च में भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक 6.107 km में मेट्रो की आवाजाही शुरू होगी। 3 km से ऊपर, मेट्रो का किराया 30 रुपए होगा।

### शिवरात्रि की मेहंदी हाथों में और लाड़ले की मौत की खबर आई, बेसुध मां पूछती रही- मेरा बेटा कहां है

पटना (एजेंसी)। भिवाड़ी के खुशखेड़ा रीको एरिया स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। इसमें जान गंवाने वाले मजदूरों के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। - 16 फरवरी को भिवाड़ी के खुशखेड़ा रीको एरिया स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। इसमें जान गंवाने वाले मजदूरों के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बदहवास मां, बेसुध पत्नी और बेबस पिता। सब चीखते-चिल्लाते। बार-बार एक ही सवाल पूछ रहे हैं- मेरा बेटा कहां है, मेरा पति कैसा है? कोई तो बता दे। ये मंजर था भिवाड़ी थाने का। सोमवार (16 फरवरी) को अवैध पटाखा फैक्ट्री में जिंदा जले मजदूरों के परिवार वालों को देर शाम थाने लाया गया था। यहां रो-रोकर उनका बुरा हाल था। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह इनको संभाला। भिवाड़ी के खुशखेड़ा-कारौली औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ था। 7 लोगों ने जान गंवाई थी। इस हादसे का शिकार होने वाले 6 मजदूर बिहार के मोतिहारी और चंपारण जिलों के रहने वाले थे। मृतकों में से कुछ के परिजन भी भिवाड़ी में ही रहते थे। इन्हें मोतिहारी का ही रहने वाला फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन यहां लाया था, जो फिलहाल पुलिस हिरासत में है।डेढ़ महीने पहले ही बिहार से आए फैक्ट्री में काम करने के लिए ये मजदूर डेढ़ महीने पहले ही बिहार से भिवाड़ी आए थे। 15 फरवरी को इन लोगों ने शिवरात्रि मनाई थी। महिलाओं ने मेहंदी लगाई थी। 16 फरवरी की सुबह घरों से पुरुष मजदूरी के लिए निकले थे। घर से निकले एक-दो घंटे ही हुए थे कि परिजनों को फैक्ट्री में आग की सूचना मिली।

### दरभंगा में बुर्का हटवाकर चेकिंग,लेट से पहुंचने पर नो एंट्री

दरभंगा(एजेंसी)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आज से मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो गई है। दरभंगा में 10वीं की एग्जाम के लिए 63 एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। तीन लेयर में जांच के बाद ही एंट्री दी गई। हर सेंटर पर वीडियोग्राफी की गई। पहली पाली की परीक्षा खत्म हो गई है। सीसीटीवी से निगरानी रखी गई। महात्मा गांधी महाविद्यालय में बुर्का हटवाकर छात्रा की जांच की गई। इसके बाद ही एंट्री मिली। कई सेंटर्स के बाहर स्टूडेंट्स के जूते-मोजे उतरवाए गए। लेट से पहुंचने पर एंट्री नहीं दी गई। प्रथम पाली के लिए प्रवेश सुबह 9 बजे तक ही दी गई। जबकि द्वितीय पाली के लिए प्रवेश दोपहर 1:30 बजे तक ही दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। इस साल मैट्रिक परीक्षा में कुल 61,770 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर एग्जाम सेंटर पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी सुबह 8 बजे तक केंद्र पर पहुंच गए थे। एग्जाम सेंटर के मेन गेट पर ही परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। मोबाइल, ब्लूटूथ, पेजर, किताब, कॉपी, चीट-पुर्जा, व्हाइटनर, इरेजर पर पूरी तरह से बैन है। वैध प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र से मिलान के बाद ही छात्र-छात्राओं को एग्जाम सेंटर में एंट्री मिली। एग्जाम सेंटर कैंपस में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित है। केंद्र के बाहर भीड़ जमा नहीं होने दी जाएगी। परीक्षार्थी जूता-मोजा पहनकर नहीं आएंगे, केवल चप्पल पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे।

### मुजफ्फरपुर में पुलिसकर्मी पर हमला, बेला थाना मुंशी को लगी गोली, कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

तिरहुत-मुजफ्फरपुर(एजेंसी)। मुजफ्फरपुर में बेला थाना के मुंशी विकास कुमार पर बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की। गोली पेट के पास लगी, जिससे वह जमीन पर गिर गए। मौके पर अफरातफरी मच गई। एक अपराधी पप्पू सहनी को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि अन्य फरार हो गए। बेला थाना के मुंशी विकास कुमार पर बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग कर दी। गोली पेट के पास लगी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद पुलिस कर्मियों ने उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। कुछ हमलावर मौके से फरार हो गए, जबकि एक शातिर अपराधी को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, पुलिस साइबर फ्रॉड के मामले में बेला थाना में छापेमारी कर रही थी। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसी गोलीबारी में विकास कुमार घायल हो गए। मौके पर मौजूद बेला थाना के एक दारोगा ने तत्परता दिखाते हुए अपराधी को पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान पप्पू सहनी के रूप में हुई है। वह कुख्यात पंकज सहनी गिरोह का शागिर्द है। पप्पू सहनी पहले भी साइबर फ्रॉड के मामले में जेल जा चुका है। घायल पुलिसकर्मी विकास कुमार सिंह छपरा जिले के उंधा गांव के रहने वाले हैं और वर्तमान में बेला थाने में मुंशी के पद पर तैनात हैं। वरिष्ठ अधिकारियों का बयान तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस की छापेमारी के दौरान अपराधियों ने फायरिंग की। घायल पुलिसकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





# नेचुरोपैथी में बनाएं अपना कॅरियर

**एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।**

आज के समय में लोगों का लाइफस्टाइल जिस तरह का है, उसके कारण हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से ग्रस्त रहता ही है। लेकिन हर समस्या के लिए दवाइयों का इस्तेमाल करना उचित नहीं माना जाता। अगर आप भी लोगों का इलाज प्राकृतिक तरीके से करने में विश्वास रखते हैं तो नेचुरोपैथी में अपना भविष्य बना सकते हैं। यह एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा है, जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों की सहायता से व्यक्ति का इलाज किया जाता है। यह इलाज की एक बेहद पुरानी पद्धति है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे व्यक्ति को सामान्य चिकित्सा व मानव शरीर रचना विज्ञान के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एक सफल नेचुरोपैथ बनने के लिए आपके भीतर धैर्य, कम्युनिकेशन और लिसनिंग स्किल्स, आत्मविश्वास, मरीज की जरूरतों को समझना, मोटिवेशनल्स स्किल्स व रोगियों के भीतर विश्वास पैदा करने का भी कौशल होना चाहिए।

## क्या होता है काम

एक नेचुरोपैथ का मुख्य काम सिर्फ रोगी का इलाज करना ही नहीं होता, बल्कि वह अपने पेशेंट के खानपान और उसके लाइफस्टाइल में भी बदलाव करता है, ताकि व्यक्ति जल्द से जल्द ठीक हो सके। इतना ही नहीं, एक नेचुरोपैथ को मनोविज्ञान का भी ज्ञान होना चाहिए ताकि वह रोगी की स्थित किो समझकर उसे बेहतर उपचार दे सके।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके बाद आप बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी और यौगिक साइंस कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें डिप्लोमा कोर्स भी अवेलेबल हैं।



## संभावनाएं

एक नेचुरोपैथ वेलनेस सेंटर्स, न्यूटिशन सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ केयर सेंटर आदि में जॉब तलाश सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप एकेडमिक्स, कम्युनिटी हेल्थ सर्विस केयर, सोशल वेलफेयर, मैन्युफैक्चरिंग और नेचुरल प्रॉडक्ट्स कंपनी आदि में भी काम कर सकते हैं। भारत में प्राकृतिक चिकित्सक सरकारी और निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किए जाते हैं। वैसे लग्जरी होटल व हेल्थ रिसॉर्ट में भी नेचुरोपैथ सर्विसेज दी जाती हैं, वहां पर भी जॉब की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आप विभिन्न अखबार, मैगजीन में लिख सकते हैं या फिर खुद का यूट्यूब चैनल चलाकर भी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। एक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सक खुद का सेंटर भी खोल सकता है।

## आमदनी

एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी, नई दिल्ली।
- महर्षि पतंजलि इंस्टीटयूट फॉर योगा नेचुरोपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च, गुजरात।
- बोर्ड ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सिस्टम ऑफ मेडिसिन, मेरठ।
- सीएमजे यूनिवर्सिटी, मेघालय।
- प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रांची।
- एसडीएम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सांइस, कर्नाटक।
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर।
- महावीर कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योग, छत्तीसगढ़।



**एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है।**

# अगर आपको भी है टैटू बनाने का पैशन...

पिछले कुछ समय से टैटू बनवाने का क्रेज युवाओं में काफी बढ़ गया है। वैसे तो टैटू पुराने समय से बनाए जाते रहे हैं लेकिन कुछ सालों से इसके स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है। वर्तमान समय में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बड़े-बड़े स्टार्स भी बॉडी पर टैटू बनवाते हैं, फिर चाहे बात दीपिका पादुकोण की हो या प्रियंका चोपड़ा की, हर कोई टैटू बनवा चुकी है। आज के समय में बहुत से ऐसे युवा हैं जो न सिर्फ टैटू बनवाने का क्रेज रखते हैं, बल्कि वह टैटू बनाना भी सीखना चाहते हैं। अगर आपको भी टैटू बनाने का पैशन है तो आप इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं देख सकते हैं-

## क्या होता है काम

एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है। इसके अलावा टैटू बनाने के बाद शुरूआत में स्किन की सही तरह से केयर करनी भी जरूरी होती है, इसलिए एक टैटू मेकर का काम है कि वह अपने क्लाइंट को स्किन केयर के बारे में भी सारी जानकारी दे ताकि उन्हें बाद में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

## स्किल्स

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है आपका क्रिएटिव माइंड। आज के समय में पहले की तरह सिंपल टैटू नहीं बनाए जाते। इसलिए एक टैटू मेकर क्लाइंट की जरूरत को समझकर और अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग करके शरीर के विभिन्न



हिस्सों पर अलग-अलग कलर कॉम्बीनेशन और केमिकल्स के जरिए बेहतरीन आकृति को उकेरता है। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में आपकी सफलता आपका पैशन तय करता है। अगर आप इस काम से दिल से प्यार करते हैं, तभी आपको इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक टैटू मेकर को हमेशा अपडेट रहना चाहिए। उसे लेटेस्ट ट्रेंड की जानकारी होनी चाहिए। एक टैटू बनाना देखने में भले ही आसान लगे लेकिन यह एक कठिन काम है। इसमें आपको बेहद पेशेंस और एकाग्रता की जरूरत होती है। कई बार लोगों को टैटू से त्वचा में संक्रमण भी फैल जाता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि आप इससे भी अच्छी तरह वाकिफ हों और हर तरह की सावधानी बरतते हुए ही अपना काम करें।



## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएं देख रहे छात्रों के लिए कोई मिनिमम योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन टैटू बनाने में आजकल मशीनों का प्रयोग किया जाता है, इसके लिए आप किसी टैटू स्टूडियो या संस्थान से शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए टैटू मेकिंग सीख सकते हैं। यह कोर्स एक से दो महीने का होता है।

## संभावनाएं

एक टैटू मेकर के लिए काम की कोई कमी नहीं है। टैटू मेकिंग का काम सीखने के बाद आप घर से ही काम की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आप बजट अच्छा है तो अलग से टैटू मेकिंग स्टूडियो भी खोला जा सकता है। अगर आप क्लाइंट के घर जाकर काम कर सकते हैं तो ऑनलाइन काम को प्रमोट करना अच्छा रहेगा। इससे आपको कम समय में ही अच्छा काम मिलने लगेगा। इसके अतिरिक्त बड़े-बड़े मॉल्स में भी टैटू मेकिंग का काम शुरू किया जा सकता है।

## आमदनी

इस क्षेत्र में कमाई अनुभव और आपके काम के अनुसार बढ़ती है। वैसे कोर्स करने के बाद शुरूआती दौर में एक टैटू मेकर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपए आसानी से कमा सकता है। लेकिन कुछ सालों के अनुभव के बाद जब आप अपना नाम स्थापित कर लेते हैं तो आपकी आमदनी लाखों में भी हो सकती है।

# कम्युनिकेशन डिजाइनिंग से दें कॅरियर को एक नई उड़ान

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके। देश के प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान डिजाइनिंग संबंधी कई कोर्स संचालित करता है। इन कोर्सेस में दाखिला लेकर छात्र न सिर्फ अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं, बल्कि सफलता की नई कहानी भी लिख सकते हैं। आज हम आपको राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्स की जानकारी दे रहे हैं।




### बैचलर ऑफ डिजाइन बी.डेस

यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम है जो आठ विषयों में उपलब्ध है। 12वीं स्तर के 20 वर्षीय विद्यार्थी इन कोर्सेस में दाखिला ले सकते हैं।

### एनीमेशन फिल्म डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि करीबन चार वर्ष की होती है और इसमें महज 15 सीटें ही एनआईडी में उपलब्ध होती हैं। इस कोर्स को करने के बाद छात्र विभिन्न टीवी चैनल में एनिमेटर, करैक्टर डिजाइनर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, क्रिएटिव डायरेक्टर, प्रोडूसर, कंसलटेंट आदि के रूप में काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन

सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन कला और रचनात्मकता के क्षेत्रों में शिल्प, वास्तु, चिकित्सा, सत्कार, सज्जा उत्पादों आदि शैलियों में कार्यात्मक सम्भावनायें भी प्रदान करता है। एनआईडी का यह विभाग भारतीय कला और शिल्प से प्रेरणा लेता है और छात्रों को भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन और नयी तकनीकों की क्षमता को समझने में मदद करता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र एनज़ीओ, डिजाइन स्टूडियो, शिल्प उद्योग में भी रोजगार के अवसर ढूंढ सकते हैं या खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### एक्सबिशन डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके।

### फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन

फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन कोर्स के तहत छात्रों को छोटी एजुकेशनल, कल्चरल, सोशल, एंटरटेनिंग व मार्केट कम्युनिकेशन संबंधी शार्ट फिल्में बनाने करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र ऑडियो-विजुअल कम्युनिकेशन के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ऐसे छात्रों के लिए एड एजेंसी, फिल्म प्रॉडक्शन हाउस, टीवी चैनल्स व अन्य कई सरकारी क्षेत्रों व एनजीओ के रास्ते हमेशा खुले रहते हैं।

### फर्नीचर डिजाइन

फर्नीचर डिजाइन भी वास्तव में एक कला है और इस कला की पूरी जानकारी एनआईडी के चार वर्षीय फर्नीचर डिजाइन कोर्स से प्राप्त होती है। कोर्स में विभिन्न प्रकार के मैटीरियल, उनके इस्तेमाल और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करके कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### ग्राफिक डिजाइन

पिछले कुछ समय से ग्राफिक डिजाइनर की मांग काफी बढ़ी है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक लोग ग्राफिक्स का सहारा लेने लगे हैं। इसके जरिए चीजों को आसानी से समझा जा सकता है और यही कारण है कि यह कोर्स छात्रों के बीच खासा पसंद किया जाता है।

### जीडीजीपी (ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन)

4 वर्ष का यह कोर्स विजयवाड़ा और कुरुक्षेत्र में उपलब्ध है। इसमें छात्रों का 12वीं पास होना आवश्यक है और उम्मीदवार की आयु 20 से अधिक न होनी चाहिए।

### प्रॉडक्ट डिजाइन

प्रॉडक्ट डिजाइन उन वस्तुओं की रचना करना है, जो लोगों के लिए फायदेमंद है। वस्तुए बड़ी व्यवस्था का मुख्य अंश होती है। कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट्स का मुख्य केंद्र उपयोगकर्ताओं की जरूरत, उत्पाद और आर्थिक प्रभाव के लिए प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर रहता है।

### टेक्सटाइल डिजाइन

टेक्सटाइल डिजाइन के कोर्स के तहत छात्रों के भीतर कपड़ा अथवा टेक्सटाइल की समझ का ज्ञान विकसित किया जाता है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है।

### स्नातकोत्तर डिजाइन (एम.डेस.)

किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त छात्र इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। 25 वर्ष की अवधि का यह कोर्स अहमदाबाद, बेंगलुरु और गांधीनगर कैंपसों में उपलब्ध है। इन कोर्सेस में दाखिला लेने वाले आवेदक की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह कोर्स लगभग 19 विषयों में उपलब्ध है, जो इस प्रकार है-

- ऐनीमेशन फिल्म डिजाइन
- अपैरल डिजाइन
- सिरामिक व ग्लास डिजाइन
- डिजाइन फॉर रिटेल एक्सपीरियंस
- डिजिटल गेम डिजाइन
- फिल्म व वीडियो कम्यूनिकेशन डिजाइन
- फर्निचर डिजाइन
- ग्राफिक डिजाइन
- इन्फोरमेशन डिजाइन
- इंटरैक्शन डिजाइन
- लाइफस्टाइल ऐक्सेसरी डिजाइन
- न्यू मीडिया डिजाइन
- फोटोग्राफी डिजाइन
- प्रोडक्ट डिजाइन
- स्ट्रैटिजिक डिजाइन प्रबंधन
- टेक्सटाइल डिजाइन
- टॉय ऐंड गेम डिजाइन
- ट्रांसपोर्टटेशन व ऑटोमोबाइल डिजाइन
- यूनिवर्सल डिजाइन

# टी20 वर्ल्ड कपः ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्वकप से बाहर हुई , जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंची

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मुकाबला रद्द होने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्वकप क्रिकेट से बाहर हो गयी है। ये इस विश्वकप का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर है। ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के साथ ही ग्रुप बी से श्रीलंका के बाद जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गयी है। जिम्बाब्वे-आयरलैंड के बीच मैच नहीं हेने से एक-एक अंक बंट गया जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया जहां बाहर हो गयी। वहीं जिम्बाब्वे इस ग्रप बी से क्वालीफाई करने वालद दूसरी टीम बनी।

श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया पर बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। वहीं जिम्बाब्वे को सुपर-8 राउंड में पहुंचने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी और कैंडी में वह उसे मिल गया। आज यहां सुबह से मौसम खराब था। जिससे ऑस्ट्रेलिया की सभी उम्मीदें टूट गयीं।

साल 2021 में विजेता रही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम पिछले तीन टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। वहीं साल 2009 के बाद से ये ऑस्ट्रेलिया का सबसे खराब प्रदर्शन भी है। इस बार ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज से भी हार का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे से अपना पहला ही मैच हारने के बाद, श्रीलंका से हारना ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा झटका रहा।

जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मैच शुरु ही नहीं हो पाया। ऐसे में शाम 5-30 बजे बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया। वहीं ये पहला अवसर है जब जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप इतिहास में दूसरे दौर तक पहुंची है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में हुए 2022 टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे सुपर-12 ग्रुप में सबसे अंत में रही थी।जिम्बाब्वे अब क्रिकेट विश्व कप के किसी भी प्रारुप में सबसे आगे पहुंच गयी है, इससे पहले 1999 के एकदिवसीय विश्व कप में वह पांचवें स्थान पर थी और नेट रन-रेट के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचने से रह गई थी। जिम्बाब्वे अब सुपर-8 राउंड के ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया की जगह उतरेगी। यहां उसका सामना भारत, वेस्टइंडीज या 2024 के फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका से होगा। पिछले टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे क्वालीफाई तक नहीं कर पाई थी।



# आईसीसी रैंकिंग : दीप्ति शर्मा पिछड़ी, पाकिस्तान की गेंदबाज फिर से नंबर 1 बनीं



**दुबई (एजेंसी)।** सादिया इकबाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार शानदार परफॉर्मेंस के बाद आईसीसी महिला टी20आई बॉलिंग रैंकिंग में फिर से नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। पाकिस्तान की लेफ्ट-आर्म स्पिनर आईसीसी महिला प्लेयर रैंकिंग के लेटेस्ट अपडेट में ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड और भारत की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा को पीछे छोड़ते हुए टॉप पर वापस आ गई हैं। इकबाल की यह बढ़त साउथ अफ्रीका में पाकिस्तान की हालिया तीन मैचों की टी20आई सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की वजह से हुई है, जहां वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं।

इकबाल ने पूरी सीरीज में 5 विकेट लिए, जिसमें बेनोनी में आखिरी मैच में उनका शानदार परफॉर्मेंस 3-18 था जिसने स्टैंडिंग में टॉप पर उनकी वापसी में अहम भूमिका निभाई। उस अहम स्पेल ने रैंकिंग में उन्हें दो पायदान ऊपर चढ़ा दिया जिससे वह 2024 के आखिर में और फिर पिछले साल कुछ समय के लिए उसी पोजीशन पर वापस आ गईं। सदरलैंड ने पिछले महीने ही नंबर 1 रैंकिंग हासिल की थी, लेकिन इकबाल की लगातार अच्छा खेलने और मैच जिताने वाले असर ने अब उन्हें फिर से आगे कर दिया है। ताजा रैंकिंग अपडेट में पाकिस्तान के लिए और भी अच्छी खबर आई। कैप्टन फातिमा सना ने सीरीज के आखिरी मैच में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के बाद कई कैटेगरी में बड़ी छलांग लगाई। 22 साल की फातिमा टी20आई बैटिंग रैंकिंग में 31 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें नंबर पर आ गईं और टी20आई ऑलराउंडरों में भी पांच पायदान ऊपर छठे नंबर पर आ गईं। फातिमा की इस बढ़त को प्रोटियाज के खिलाफ आखिरी मैच में प्लेयर ऑफ द मैच के प्रदर्शन से और बढ़ावा मिला, जहां उन्होंने सिर्फ 30 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए और दो अहम विकेट भी लिए। उनके हाथों आउट होने वालों में साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट भी शामिल हैं, हालांकि प्रोटिया बैटर ने खुद भी थोड़ी बढ़त हासिल की है, और टी20आई बैटिंग रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गईं।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया में अपनी टी20आई सीरीज़ के बारिश से प्रभावित शुरुआती मैच में कई भारतीय गेंदबाजों को उनकी मेहनत का इनाम मिला। रेणुका सिंह 6 स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर, अरुंधति रेड्डी 19 स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर, और श्री चरणी आठ स्थान चढ़कर 39वें स्थान पर पहुंच गईं, जो गेंद से उनके मजबूत योगदान को दिखाता है।

# शमी ने रणजी में आठ विकेट लेकर टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम में वापसी करने में असफल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं को करारा जवाब दिया है। शमी ने हाथ में पट्टी बांधकर जिस प्रकार 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिए। उससे उनका फार्म और फिटनेस दोनो ही साबित हुए हैं। ये उनके प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शमी की इस गेंदबाजी से ही बंगाल को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ सेमीफाइनल में पहली पारी में 26 रन की बढ़त मिली। अब फाइनल में बंगाल और कर्नाटक का मुकाबला होने की संभावना है। दूसरे और तीसरे दिन शमी ने जबरदस्त गेंदबाजी की। शमी ने पांच विकेट लेने के बाद सटीक लाइन-लेंथ के साथ तीन विकेट और निकाले। इस प्रकार कुल आठ विकेट झटके। इस दौरान उनकी तेज गेंदबाजी में धार देखी गयी।

35 साल की उम्र में, बिना किसी बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध और राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद बाद भी शमी ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को उनकी ओर ध्यान देने मजबूर किया है। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर और शमी के बीच पिछले एक साल में फिटनेस को लेकर मतभेद रहे हैं। आगरकर का मानना है कि शमी पांच दिवसीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं पर शमी हर बार अपने प्रदर्शन से जवाब देते आए हैं। इस बार भी शायद वह यही दिखाना चाहते हैं। बंगाल ने 249/5 से आगे खेलते हुए 328 रन बनाए। सुदीप घरामी की 146 रनों की पारी खेली जबकि आकिब नबी ने 5/87 लेकर प्रभावित किया। नबी ने इस सीजन में रणजी ट्रॉफी में अपने 50 विकेट भी पूरे किए लेकिन जब जम्मू-कश्मीर ने जवाबी पारी शुरू की, तो मैच पर पूरी तरह शमी हावी रहे। दूसरे दिन नई गेंद से शमी ने शुबहम खजूरिया और यावर हसन को जल्दी आउट कर जम्मू-कश्मीर को 13/2 पर ला दिया और बाद में उन्होंने पारस डोगरा और अब्दुल समद के बीच 147 रनों की खतरनाक साझेदारी को तोड़ा। समद (82) और डोगरा (58) दोनों को आउट कर शमी ने मैच का रुख पलट दिया। डोगरा ने अपनी पारी के दौरान रणजी ट्रॉफी में 10,000 रन भी पूरे किए.

# टी20 विश्वकप में आज नीदरलैंड पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले टी20 विश्कप मैच में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं और वह पहले ही सुपर आठ में पहुंच गयी है। ऐसे में उसके खिलाड़ियों का लक्ष्य इस मैच से अपनी लय को और बेहतर करना होगा। वहीं अब तक रन नहीं बना पाये सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का भी लक्ष्य बड़ी पारी खेलकर फार्म हासिल करना रहेगा। अभिषेक अभी तक खेले दोनो ही मैचों में अपना खाता नहीं खोल पाये थे। इसके अलावा अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ अपनी तैयारियों का और पक्का करना चाहेंगे। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक पारी खेलकर छाये हुए ईशान किशन इस बार भी अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे।

ईशान के अच्छे प्रदर्शन के कारण ही अब तक इस टूर्नामेंट में अभिषेक के असफल होने के बाद भी भारतीय टीम हर मैच जीती है। वहीं तिलक वर्मा भी अपने नाम के अनुरुप खेलते आये हैं। पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट गिरने के बाद उन्होंने ईशान के साथ मिलकर पारी संभाली थी। दोनो के बीच एक अच्छी साझेदारी हुई। ऑलराउडर शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने भी पाकिस्तान के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बल्लेबाजी में तो असफल रहे पर गेंदबाज में उन्होंने शुरुआती विकेट लेकर कमी पूरी कर दी। पाक के खिलाफ बड़ी पारी नहीं खेल पाये कप्तान सूर्यकुमार यादव भी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव का प्रदर्शन प्रभावी रहा है जो ये इस मैच में भी बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं अमेरिका और नामीबिया के खिलाफ मैच में भारतीय बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाये थे ऐसे में भारतीय टीम नीदरलैंड को कम आंकने की भूल नहीं करेगी। नीदरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण में बहुत अच्छे स्पिनर नहीं हैं पर फिर भी भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। नीदरलैंड की स्पिन आक्रमण में आर्यन दत्त और रोएलॉफ वैन डेर मेरवे शामिल है जो भारतीय बल्लेबाजों के सामने परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे।

भारत इस मैच सुपर आठ से पहले कुछ गेंदबाजों को आराम दे सकता है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं।इस मैच में भारत दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। अगर बुमराह को आराम दिया जाता है तो मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को के अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। ऐसे में स्पिन विभाग की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के पास रहेगीहैं। नीदरलैंड की टीम इस मैच में बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना चाहेगी। नामीबिया पर जीत के बाद पिछले मैच में उसे अमेरिका से करारी हार मिली थी जिससे वह उबरना चाहेगी।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंडः** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, जैक लायन-कैशेट, मैक्स ओडोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

# निसंका ने हवा में छलांग लगाकर पकड़ा असंभव सा कैच

कोलंबो । श्रीलंका के पाथुम निशंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में एक ऐसा कैच लिया जिससे सभी हैरान हो गये । निशंका ने ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सेवल का ये कैच हवा में छलांग लगाकर पकड़ा। निसंका को कैच लेते देखकर बल्लेबाजी कर रहे मैक्सवेल को भी अपने आउट होने का भरोसा नहीं हुआ । सोशल मीडिया पर इसका एक वीडिया आया है जो काफी पसंद किया गया है । इस कैच को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा कैच बताया गया है। इसी के साथ ही मैक्सवेल की 22 रनों की पारी समाप्त हो गयी। मैक्सवेल ने दुशान हेमन्था की गेंद पर शॉट लगाया और गेंद हवा में पाथुम के पास से निकली पर उन्होंने हवा में छलांग लगाते हुए कैच लेने का प्रयास किया और किस्मत से गेंद उनके हाथों में आ गयी । श्रीलंका ने इस मैच में टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया और उसका ये फैसला सही साबित हुआ । ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोई भी बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाया ।

# मंधाना को 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड



नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को यहां एक कार्यक्रम में 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । मंधाना को ये अवार्ड एकदिवसीय विश्व कप 2025 में भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है । मंधाना ने साल का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिये जाने पर खुशी जतायी है। मंधाना भारतीय टीम की उपकप्तान हैं और साल 2025 में उन्होंने काफी रन बनाये थे । वह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में दूसरी सबसे अधिक शतक लगाने वाली खिलाड़ी हैं । वहीं युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी जबकि पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया । इसके अलावा पूर्व निशानेबाज अंजलि भागवत को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज रही हैं । पुरस्कार विजेताओं का चयन लिएंडर पेस, दीपा मलिक और अंजू बॉबी जॉर्ज की जूरी ने किया ।

# टी20 विश्वकप2026 में युवराज सिंह समरा का ऐतिहासिक शतक, न्यूजीलैंड के खिलाफ रचा कीर्तिमान

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई में मंगलवार को खेले गए मुकाबले ने टी20 विश्व कप 2026 में एक नई कहानी लिख दी। कनाडा के युवा बल्लेबाज युवराज सिंह समरा ने अपने नाम के अनुरूप ऐसा प्रदर्शन किया कि क्रिकेट जगत हैरान रह गया।

बता दें कि टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में कनाडा क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 173 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। कनाडा की पारी की रीढ़ बने 19 वर्षीय ओपनर युवराज सिंह समरा, जिनका नाम भारतीय दिग्गज युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, समरा के पिता बलजीत कमरा ने अपने बेटे का नाम भारत के पूर्व ऑलराउंडर से प्रेरित होकर रखा था। गौरतलब है कि समरा ने महज 58 गेंदों में शतक जड़ते हुए 110 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल रहे। यह पारी न केवल कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी टीम स्कोर में अहम रही, बल्कि टी20 विश्व कप इतिहास में किसी एसोसिएट देश के बल्लेबाज का पहला शतक भी बनी।



समरा ने मार्च पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय टी20 में पदार्पण किया था और यह उनका 19वां मुकाबला था। इससे पहले बहामास के खिलाफ 15 गेंदों में अर्धशतक लगाकर उन्होंने अपनी क्षमता का संकेत दिया था। हालांकि, न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ विश्व मंच पर शतक जमाना उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा क्षण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि न्यूजीलैंड इस मुकाबले में सुपर 8 की दौड़ में बने रहने के लिए उतरा था, लेकिन शुरुआती ओवरों में समरा ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए मैट हेनरी और जेम्स नीशम पर दबाव बनाया। कप्तान दिलप्रीत बाजवा के साथ उनकी 116 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम द्वारा पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही।

हालांकि अंतिम तीन ओवरों में न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए दो विकेट झटके और रनगति पर अंकुश लगाया, जिससे कनाडा 180 के आंकड़े को पार नहीं कर सका। इसके बावजूद समरा की पारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि उभरती टीमें अब बड़े मंच पर चुनौती देने के लिए तैयार हैं और युवा प्रतिभाएं वैश्विक क्रिकेट संतुलन को बदलने की क्षमता रखती हैं।

## गावस्कर, कपिल सहित दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों ने पाक सरकार को पत्र लिखकर इमरान को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा

नई दिल्ली । भारतीय टीम के दो पूर्व कप्तानों सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित दुनिया भर के 14 दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान सरकार को एक पत्र लिखकर पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा है । इमरान दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं और उनकी कप्तानी में ही पाक टीम ने साल 1992 में एकमात्र विश्वकप जीता था । संन्यास के बाद राजनीति में आये इमरान प्रभानमंत्री भी रहे है पर आजकल वह भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है । काल कोठरियों में बंद इमरान की हाल बेहद खराब बतायी जा रही है । उनके परिवार और समर्थकों की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने 73 साल इमरान की चिकित्सा जांच के आदेश दिये थे जिनपर सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है । सरकारी आंकड़ों के अनुसार उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता था पर इसकी जगह पर डॉक्टरों की टीम को रावलपिंडी की अडियाला जेल भेज दिया गया । इमरान के खिलाफ खेले गावस्कर और कपिल सहित भारतीय क्रिकेटरों ने उनकी बिगड़ती हालत पर चिन्ता जतायी है । साथ ही कहा कि इमरान की आंखों की रोशनी भी तेजी से जा रही है । पिछले ढाई साल से उनकी खराब सेहत की खबरें आ रही हैं जिससे हम दूखी हैं । हम चाहते हैं कि उनके मानवीय अधिकारों का सम्मान किया जाये और इंसानियत से पेश आया जाये । हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे शीर्ष कद के व्यक्ति के साथ एक पूर्व राष्ट्रीय नेता और वैश्विक खेल हस्ती के रूप में गरिमा और बुनियादी मानवीय सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए ।

# भारत के विक्रम राठौर लाये श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी में बदलाव : जयसूर्या

कोलंबो । श्रीलंका की आईसीसी टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज कोच विक्रम राठौर और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर की अहम भूमिका रही है । श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान और कोच कोच सनथ जयसूर्या ने भी इनकी प्रशंसा की है । श्रीलंका की टीम इस बार सुपर-आठ में पहुंची है जबकि पिछले दो टूर्नामेंट में वो ग्रुप स्तर से भी से आगे नहीं बढ़ पायी थी । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका ने शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया। इसमें राठौर की कोचिंग और टिप्स की अहम भूमिका रही है । उनके आने से हमारे बल्लेबाजों का मनोबल बढ़ा है । मैच के बाद जयसूर्या ने कहा कि कहा, 'आर श्रीधर हमारे क्षेत्ररक्षण कोच हैं, वो भारत से हैं । वहीं विक्रम राठौर हमारे बल्लेबाजी कोच हैं । दोनों काफी अच्छे इंसान हैं । अभ्यास के दौरान जो भी हम चाहते हैं, वो सब करते हैं, जो क्षेत्ररक्षण के लिए बहुत अच्छा है। आईपीएल के अनुभव के साथ वो खिलाड़ियों के साथ अच्छी तरह काम कर रहे हैं और टीम को बेहतर बना रहे हैं । उनके आने से हमारे बल्लेबाजों का मनोबल बढ़ा है ।' उन्होंने टीम की दमदार गेंदबाजी की भी तारीफ की। पहले आठ ओवर में 100 रन बनाने के बाद श्रीलंका ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया । अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के हैमस्ट्रिंग इंजरी के बावजूद श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को 20 ओवर में 181 रन पर रोक दिया । मुझे लगता है कि महीश तीक्षणा और बाकी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया ।



# प्रतिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल , छह माह बाद टीम में हुई वापसी

मुम्बई । सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी हुई है । प्रतीका टखने की चोट के कारण पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रही थीं । उन्हें ये चोट पिछले साल अक्टूबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय लगी थी । इसके बाद उनकी जगह पर शेफाली वर्मा को शामिल किया गया था। भारतीय टीम ने तब विश्वकप जीता था। विश्कप में प्रतिका ने जबरदस्त प्रदर्शन कर 300 से अधिक रन बनाये थे। बीसीसीआई के अनुसार 'महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज के लिए प्रतिका को टीम में शामिल किया है क्योंकि इस बल्लेबाज ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अब पूरी तरह से फिट हैं ।' ब्रिसबेन में पहले मैच के बाद एकदिवसीय सीरीज के अन्य दो मैच 27 फरवरी और एक मार्च को होबार्ट में खेले जाएंगे । वह पहले से ही पर्थ में छह मार्च से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल है ।



टीम इस प्रकार है : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), काशवी गौतम, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल ।

# दुबई पैरा एथलेटिक्स 2026 : भारत का परचम, 43 मेडल के साथ पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में बना नंबर 1

**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने दुबई 2026 ग्रां प्री - 17वीं फाज़ा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 पदकों के साथ पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। भारत ने कुल 16 स्वर्ण, 13 रजत और 14 कांस्य पदक अपने नाम किए।

कोलंबिया और केन्या ने 20-20 पदक जीते, जिनमें क्रमशः 11 और 6 स्वर्ण पदक शामिल रहे। मेज़बान यूएई 31 पदकों (6 स्वर्ण) के साथ चौथे स्थान पर रहा। यह सीजन का पहला वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री था।

भारत के लिए यह प्रदर्शन खास रहा क्योंकि अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होना है। ऐसे में भारतीय एथलीटों ने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की।

दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने पुरुषों की जेवलिन F64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की। वहीं पेरिस 2024 के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप (जेवलिन F41) और धर्मबीर नैन (क्लब थ्रो F51) ने भी गोल्ड जीतकर सीजन की बेहतरीन शुरुआत की।

पेरिस 2024 पैरालंपिक्स की डबल ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर T35 में स्वर्ण और 200 मीटर T35 में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य अपना पर्सनल बेस्ट सुधारना और भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा गोल्ड जीतना है। यह तो बस शुरुआत है।'

भाग्यश्री एम. जाधव ने महिलाओं की शॉट पुट और जेवलिन F34 में भावनात्मक जीत दर्ज कर शानदार वापसी की। अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में रिंकू हुड्डा (जेवलिन F46), वरुण सिंह भाटी (हाई जंप T42), दिलीप महादू गावित (400 मीटर T46) और साहिल सलीम सैय्यद (डिस्कस F54/55) शामिल रहे।

रजत पदक विजेताओं में सुनील कुमार, प्रणव सूरमा और गुरुभास्कर सक्कप्पन शामिल रहे, जबकि कांस्य पदक रंजीत चंदा, पूनम राम, फातिमा खातून, दीपेश कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने जीते।

फाज़ा चैंपियनशिप लंबे समय से वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स सर्किट का अहम हिस्सा रही है। दुबई में शीर्ष स्थान हासिल कर भारत ने आने वाली वैश्विक प्रतियोगिताओं से पहले मजबूत संदेश दे दिया है।



# बीजेपी के राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया रद्द

## -कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी सरकार पर 40 फीसदी कमीशन का लगाया था आरोप

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को राहत देते हुए बीजेपी की राज्य इकाई द्वारा दायर मानहानि की शिकायत को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस सुनील दत्त यादव की एकल पीठ ने राहुल गांधी की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने निचली अदालत द्वारा जारी समन और पूरी कार्यवाही को चुनौती दी थी। यह विवाद 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान शुरू हुआ था। कांग्रेस पार्टी ने राज्य की तत्कालीन बीजेपी सरकार पर 40फीसदी कमीशन का आरोप लगाते हुए प्रमुख अखबारों में करप्शन रेट कार्ड विज्ञापन प्रकाशित किए थे। बीजेपी ने इसे मानहानि बताते हुए राहुल गांधी, सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने फैसले सुनाते हुए साफ किया कि राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले में कार्यवाही को जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। राहुल गांधी के वकीलों ने दलील दी थी कि विज्ञापन पार्टी द्वारा जारी किया गया था और राहुल गांधी का इसे सोशल मीडिया पर साझा करना मानहानि की श्रेणी में नहीं आता, क्योंकि वे उस समय किसी आधिकारिक पार्टी पद पर नहीं थे और न ही इसमें उनकी सीधी भूमिका थी। इससे पहले निचली अदालत ने उन्हें पेशी से स्थायी छूट दी थी, लेकिन अब हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद यह मामला पूरी तरह खत्म हो गया है।



# सलीम खान की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल पहुंचे सलमान, फैंस हुए चिंतित

मुंबई (एजेंसी)। सुपरस्टार और बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के पिता हिंदी सिनेमा के दिग्गज लेखक सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की हालत की सूचना मिलते ही सलमान आनन-फानन अस्पताल पहुंचे। सलीम खान के अस्पताल में भर्ती होने की खबर फैलते ही फैंस सोशल मीडिया पर उनकी सेहत को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं और जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। फिलहाल परिवार की ओर से साफ नहीं किया गया है कि उन्हें किस वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिता की तबीयत बिगड़ने के बीच सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे कार से उतरकर तेजी से अस्पताल के अंदर जाते दिख रहे हैं। वीडियो में उनके चेहरे पर चिंता और मायूसी साफ नजर आती है। बता दें 90 साल के सलीम खान को हिंदी सिनेमा के इतिहास के सबसे प्रभावशाली लेखकों में गिना जाता है। 1970 के दशक में जावेद अख्तर के साथ उनकी जोड़ी सलीम-जावेद ने इंडस्ट्री को कई यादगार और ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इस जोड़ी ने दीवार, जंजीर और डॉन जैसी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड के 'एंग्री यंग मैन' दौर को नई पहचान दी और अमिताभ बच्चन को सुपरस्टार बनाया। अभी तक सलीम खान की सेहत को लेकर परिवार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फैंस और इंडस्ट्री उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।



# जम्मू-जुवेनाइल सेंटर से 2 पाकिस्तानी सहित 3 नाबालिग फरार: मामले में 6 अधिकारी सस्पेंड

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर से 2 पाकिस्तानी नागरिक सहित 3 नाबालिग फरार हुए। इसी मामले में मंगलवार को 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए। नाबालिगों के सेंटर से फरार होने की घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई थी। 22 सेकंड के वीडियों में दिख रहा हैं कि शाम करीब 5.15 बजे दो नाबालिग झगड़ा कर रहे हैं। तभी सेंटर के दो कर्मचारी पास ही खड़े उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। तभी कैप पहना हुआ नाबालिग पीछे से आकर कर्मचारी के सिर पर फायर कर देता है। फायर होते ही दोनों कर्मचारी पीछे हटते हैं। इसमें नाबालिग फिर से गन लोड कर दूसरा फायर करने की कोशिश करता है, लेकिन फायर नहीं होता। इसके बाद तीन नाबालिग सेंटर से भाग निकलते हैं। वहीं, जुवेनाइल सेंटर से फरार नाबालिग में एक की मां भी लापता हैं। पुलिस के मुताबिक महिला की तलाश की जा रही है। नाबालिग की फायरिंग में एसओपी विनय कुमार और हेड कांस्टेबल पर्वीन कुमार को घायल हुए हैं। उनका इलाज जारी है। नाबालिग के पास पिस्टल कैसे पहुंची, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। फरार कैदियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। टीम की अलग-अलग जगहों पर छापेमारी जारी है। जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। नागरिकों से जानकारी देने का अनुरोध किया है।

# शिल्पा शिंदे ने 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में आने वाले नए मजेदार ट्विस्ट की दी झलक

**मुंबई** : शिल्पा शिंदे एक बार फिर 'ओजी अंगूरी भाबी' के रूप में अपने आइकॉनिक किरदार से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। एण्डटीवी के लोकप्रिय कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में कानपुर की गलियां फिर से गलतफहमियों, नोकझोंक और ठहाकों से गुलजार हो उठी है। शो की आत्मा बनी अंगूरी भाबी अपनी मासूमियत और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के साथ एक बार फिर दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रही हैं। शिल्पा इस किरदार में गर्मजोशी, पुरानी यादों की मिठास और नई ऊर्जा का सुंदर संगम लेकर लौटी हैं। अंगूरी की दुनिया में दोबारा कदम रखने, सह-कलाकारों से फिर जुड़ने और हंसी के नए अध्याय की शुरूआत पर शिल्पा ने खुलकर बात की। अंगूरी की दुनिया में लौटना कैसा रहा? क्या आपके अभिनय में कोई बदलाव आया है? अंगूरी की मासूमियत और सादगी आज भी वैसी ही है, और यही उसे इतना प्यारा बनाती है। लेकिन एक कलाकार के तौर पर मैं भी आगे बढ़ी हूं।

# चुनावी राज्यों में कांग्रेस की आंतरिक कलह बढ़ा रही मुसीबत, बगावती सुरों ने बढ़ाई नेतृत्व की टेंशन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी के भीतर गहराती गुटबाजी और नेतृत्व पर उठते सवालों ने संगठन के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। केरल, असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में पार्टी के भीतर असंतोष के सुर मुखर हो रहे हैं। वरिष्ठ नेताओं की बयानबाजी और गठबंधन सहयोगियों के साथ बढ़ते तनाव ने पार्टी आलाकमान की रातों की नींद उड़ा दी है।

केरल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के हालिया बयान ने पार्टी को असहज कर दिया है। अय्यर ने भविष्यवाणी की है कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी। हालांकि पार्टी ने उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है, लेकिन अय्यर अपने स्टैंड पर कायम हैं। उन्होंने तर्क दिया कि एक कांग्रेसी के रूप में वह यूडीएफ की जीत चाहते हैं, लेकिन एक गांधीवादी होने के नाते वह सच बोलने के लिए बाध्य हैं। केरल की राजनीति में हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन की परंपरा रही है, जिसे 2021 में विजयन ने तोड़ दिया था। अब अय्यर की इस टिप्पणी ने कांग्रेस की सत्ता में वापसी की उम्मीदों को करारा झटका दिया है।

उधर असम में भी स्थिति सामान्य नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के इस्तीफे ने पार्टी के भीतर मचे घमासान को सार्वजनिक कर दिया। बोरा का आरोप था कि केंद्रीय नेतृत्व उन्हें नजरअंदाज कर रहा है और राज्य इकाई में उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। बेहाली प्रकरण और माजुली यात्रा जैसे निर्णयों पर असंतोष जताते हुए उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे को अपना त्यागपत्र भेजा था। हालांकि, राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने इस्तीफा वापस ले लिया है, लेकिन पार्टी के भीतर मुस्लिम नेताओं की उपेक्षा और आंतरिक मतभेद अभी भी बरकरार हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस घटनाक्रम को कांग्रेस का गहराता संकट बताते हुए कटाक्ष किया है।

तमिलनाडु में कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती सत्ताधारी डीएमके के साथ गठबंधन को बचाए रखना है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के बाद कोई सत्ता साझेदारी नहीं होगी। कांग्रेस द्वारा अधिक सीटों और सरकार में हिस्सेदारी की मांग को स्टालिन ने षड्यंत्र करार दिया है। मणिक्कम टैगोर जैसे नेताओं की चेतावनी और अभिनेता विजय की नई पार्टी के उभार ने राज्य के समीकरणों को और जटिल बना दिया है। राहुल गांधी के लिए यह गठबंधन टूटने का खतरा सबसे बड़ा सिरदर्द बन गया है, क्योंकि तमिलनाडु में डीएमके के बिना कांग्रेस की स्थिति बेहद कमजोर हो सकती है। पश्चिम बंगाल में तो इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख घटक, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस, पूरी तरह आमने-सामने हैं। ममता बनर्जी ने 2026 के विधानसभा चुनाव में एकला चलो की राह अपनाते हुए अकेले लड़ने का ऐलान किया है, जिसके जवाब में कांग्रेस ने भी राज्य की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की बात करने वाले दल राज्य स्तर पर एक-दूसरे के धुर विरोधी नजर आ रहे हैं। इन तमाम परिस्थितियों के बीच भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि जब पार्टी के अपने ही नेता नेतृत्व पर भरोसा नहीं कर रहे, तो जनता उन पर विश्वास कैसे करेगी।

# अमेरिकी प्रतिबंधों के घेरे में आए तीन ईरानी तेल टैंकरों को भारत ने किया जब्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। अपने समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुपालन को लेकर भारत पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। ताजा घटनाक्रम में भारतीय अधिकारियों ने ईरान से जुड़े उन तीन तेल टैंकरों को जब्त किया है, जिन पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब टैरिफ विवादों के कारण तनावपूर्ण रहे भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और अमेरिका ने हाल ही में भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए इन टैंकरों की पहचान स्टैलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि इन जहाजों ने तटीय राज्यों के कानूनों से बचने और अपनी पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपने नाम और विवरण बदले थे। भारतीय नौसेना और तट रक्षक बल का मुख्य उद्देश्य शिप-टू-शिप यानी एक जहाज से दूसरे जहाज में तेल के अवैध हस्तांतरण को रोकना है। अक्सर तेल के मूल स्रोत को छिपाने और प्रतिबंधों से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। भारतीय अधिकारियों की इस मुस्तैदी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि समुद्री सीमाओं की कड़ी निगरानी के लिए करीब 55 युद्धपोत और 10 से 12 टोही विमान तैनात किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इन तीनों में से दो टैंकर सीधे तौर पर ईरान से जुड़े हैं। स्टैलर रूबी पर ईरान का झंडा लगा है, जबकि अल जाफजिया ने साल 2025 में ईरान से जिबूती तक तेल का परिवहन किया था। वहीं, एस्फाल्ट स्टार लंबे समय से चीन के समुद्री क्षेत्र के आसपास सक्रिय था। दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ग्लोबल पीस, चिल 1 और ग्लोरी स्टार 1 नामक जहाजों पर प्रतिबंध लगाया था, जिनके आईएमओ नंबर भारत द्वारा पकड़े गए इन जहाजों से मेल खाते हैं।

# नवनीत राणा का बड़ा बयान: देश में बाबरी बनाने वालों को कब्र के लिए भी जगह नहीं मिलेगी



**छतरपुर (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की नेता और पूर्व सांसद नवनीत राणा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में कथित तौर पर बाबरी मस्जिद की तर्ज पर ढांचा तैयार करने की योजना को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम में पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात के बाद उन्होंने एक विवादित और आक्रामक बयान जारी किया। नवनीत राणा ने हुमायूं कबीर की योजनाओं पर प्रहार करते हुए सीधे शब्दों में कहा कि हिंदुस्तान में बाबरी बनाने की सोच रखने वालों को कब्र के लिए भी जगह नसीब नहीं होगी।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने धार्मिक और प्रतीकात्मक हथियारों का जिक्र करते हुए खुद को महाराष्ट्र की बेटी बताया। उन्होंने कहा कि वह मैदान में माला और तलवार, दोनों के साथ खड़ी हैं। संतों की शिक्षाओं का हवाला देते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के समय में हाथों में सिर्फ माला होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि माला के साथ-साथ भाला होना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह जरूरत पड़ने पर तलवार लेकर मैदान में उतरने से पीछे नहीं हटेंगी। मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद जैसी संरचना बनाने के प्लान के विरोध में बोलते हुए नवनीत राणा ने चेतावनी दी कि जो लोग देश के भीतर फिर से बाबरी जैसी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा दे रहे हैं, उन्हें इसके गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। उन्होंने दावा किया कि ऐसे तत्वों के लिए भारत की धरती पर कोई स्थान शेष नहीं बचेगा। नवनीत राणा का यह बयान उस समय आया है जब मुर्शिदाबाद की घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। उनके इस आक्रामक रुख और माला के साथ भाला वाले बयान ने इस बहस को और तेज कर दिया है। फिलहाल उनके इस बयान पर विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार है, लेकिन उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए हैं कि वह इस मुद्दे पर किसी भी तरह के समझौते के मूड में नहीं हैं।

# हिमाचल विधानसभा में हंगामा, राज्यपाल ने 2 मिनट में खत्म किया अभिभाषण



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आगाज़ एक ऐसी असाधारण घटना के साथ हुआ जिसने राज्य के संसदीय इतिहास में नया विवाद खड़ा कर दिया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार के बीच रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर मतभेद सदन के भीतर खुलकर सामने आ गए। राज्यपाल ने दुर्लभ कदम उठाते हुए अपना अभिभाषण महज 2 मिनट 1 सेकंड में समाप्त कर दिया और सदन के पटल पर सरकार द्वारा तैयार किए गए दस्तावेज़ के महत्वपूर्ण हिस्सों को पढ़ने से इनकार कर दिया।

जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ सरकार द्वारा तैयार अभिभाषण के वे अंश थे जिनमें केंद्र सरकार और कुछ संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज की तीखी आलोचना की गई थी। राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि दस्तावेज़ के पृष्ठ 1 से 16 तक की सामग्री संस्थागत ढांचे के प्रतिकूल है और वे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां नहीं पढ़ सकते। इसके चलते उन्होंने केवल शुरुआती दो पैराग्राफ और अंतिम हिस्सा पढ़ा, जबकि वित्तीय स्थिति और केंद्र से मिलने वाली सहायता से जुड़े पैरा 3 से 16 को छोड़ दिया। सदन से बाहर निकलते समय उन्होंने विधायकों से शेष पाठ स्वयं पढ़ने को कहा, जिससे विपक्षी खेमे और सत्ता पक्ष के बीच हलचल तेज हो गई। इस पूरे टकराव के केंद्र में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) है। संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत यह अनुदान उन राज्यों को दिया जाता है जिनकी आय और अनिवार्य खर्चों के बीच बड़ा अंतर होता है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए यह राशि वित्तीय रीढ़ की हड्डी के समान है। विवाद तब गहराया जब 16वें वित्त आयोग ने वित्त वर्ष 2026-27 से इस अनुदान को बंद करने का निर्णय लिया, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आरडीजी राज्य का अधिकार है और वह इसके लिए लड़ते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि यह किसी पार्टी का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के हक का मामला है। राज्य पर वर्तमान में संशोधित वेतन एरियर के करीब 8,500 करोड़ रुपये और महंगाई भत्ते के 5,000 करोड़ रुपये का भारी बोझ है। यदि आरडीजी बंद होती है, तो कर्मचारियों के वेतन और भत्तों के भुगतान पर अनिश्चितकालीन संकट आ सकता है। राज्यपाल और सरकार के बीच हुआ यह तीखा टकराव संकेत दे रहा है कि आगामी बजट सत्र के दौरान राजभवन और सचिवालय के बीच का यह सियासी शीतयुद्ध विधानसभा की चर्चाओं को और अधिक आक्रामक बनाएगा।

# असम सीएम सरमा मीरजापुर पहुंचे, राहुल गांधी को बताया मानसिक बीमार

मीरजापुर (एजेंसी)। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार रात में विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी की पूजा अर्चना की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। वह वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद विंध्यधाम पहुंचे। यहां विधायक समेत कई लोगों ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मां का दर्शन करने के बाद हिमंत सरमा ने कहा कि राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार है। देश में कोई भी राहुल वादी नहीं है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी को एक बराबर सम्मान दिए जाने की बात पर उन्होंने कहा कि इन लोगों की बात का कोई मतलब नहीं हो सकता। एक हिंदू रक्षक थे तो दूसरा हिंदू भक्षक फिर दोनों बराबर सम्मान के अधिकारी कैसे हो सकते है। उन्होंने कहा कि असम की हालत बहुत खराब है।

# हाथों में दूषित पानी लेकर विधानसभा पहुंचे विधायक, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के आज दूसरे दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस ने इंदौर के भागीरथपुरा के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस विधायक हाथों में दूषित पानी और तख्तियां लेकर पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विपक्ष ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ ही मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। वहीं इस पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने पलटवार भी किया हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर पलटवार किया है। भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा का कांग्रेस को नैतिक रूप से इस्तीफा मांगने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस की नीतियों के कारण यह स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस ने जो किया, हम आगे सुधारेंगे।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार टैक्स लेती है तो क्या स्वच्छ पानी पिलाने की जवाबदारी नहीं है। राज्यपाल के अभिभाषण में कहते है मेरी सरकार स्वच्छ पानी पिला रही है, तो कहां स्वच्छ पानी मिल रहा है ? सरकार क्यों बहस से डर रही है। इंदौर की जनता श्मशान घाट जा रही है और मंत्री कुर्सी पर बैठे हुए है। तत्काल मुख्यमंत्री को मंत्री से इस्तीफा लेना चाहिए। दरअसल, इंदौर में हुए पानी कांड ने मध्य प्रदेश समेत पूरे देश को झकझोर कर रखा दिया था। भागीरथपुरा इलाके में दूषित (गंदा) पानी पीने से 25 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। हालांकि सरकारी रिकॉर्ड में आंकड़ें अलग है। इस मामले पर जमकर सियासत भी हुई थी। विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कार्रवाई और मंत्री से इस्तीफे की मांग की थी। वहीं दूसरी तरफ उज्जैन के तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा कि इंदौर प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पूरे विश्व में शर्मसार किया है। दूषित पानी पीने से लगभग 35 से 40 लोगों की मौत हो गई। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें पदोन्नति देकर ऊपर भेज दिया गया। इन मासूम लोगों की मौत के लिए जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। बीजेपी को शर्म आना चाहिए।

### बुधवार को पेश होगा बजट

बता दें कि एमपी विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही सोमवार 16 फरवरी से शुरू हो चुकी है। जो 6 मार्च तक चलेगी। आज मंगलवार को सत्र का दूसरा दिन है। कल यानी बुधवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इस सत्र में कुल 3478 प्रश्नों की विधानसभा को सूचनाएं, 236 ध्यानाकर्षण, 10 स्थगन प्रस्ताव, 41 अशासकीय संकल्प पेश होंगे। शून्य काल में विधानसभा में 83 सवाल होंगे।

# तवांग की बर्फबारी में फंसी गाड़ी तो किरेन रिजिजू धक्का लगाते दिखे,

## मंत्री का संदेश– पहाड़ी इलाकों में हर परिस्थिति के लिए रहें तैयार



**तवांग (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में भारी बर्फबारी के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे स्थानीय लोगों और कर्मचारियों के साथ मिलकर बर्फ में फंसी एक गाड़ी को धक्का देते नजर आ रहे हैं। मंत्री ने यह वीडियो अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर साझा किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में देखा जा सकता है, कि तवांग क्षेत्र में बर्फबारी इतनी तेज है कि सड़क पर वाहन मुश्किल से आगे बढ़ पा रहे हैं। इसी दौरान एक वाहन बर्फ में फंस गया, जिसके बाद रिजिजू खुद गाड़ी से उतरकर लोगों के साथ उसे धक्का लगाने लगे। कुछ प्रयासों के बाद वाहन को आगे बढ़ाने में सफलता मिली। इस वीडियो को साझा करते हुए रिजिजू ने पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि तवांग जैसे दुर्गम इलाकों में मौसम अचानक बदल सकता है, इसलिए हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना जरूरी है। उन्होंने यात्रियों से आवश्यक सामान और सुरक्षा उपायों के साथ ही सफर करने की सलाह दी। केंद्रीय मंत्री ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की, जो लगातार बर्फ हटाने और सड़कों को चालू रखने में जुटा है। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों में बीआरओ की चौकसी और तत्परता सराहनीय है।

तवांग क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार हिमपात हो रहा है, जिससे कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई है। बर्फ की मोटी परत के कारण छोटे और बड़े वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। बीआरओ की टीमें मशीनों और कर्मियों के साथ सड़क साफ करने में लगी हैं ताकि आवश्यक सेवाएं और यातायात सुचारु रूप से चल सके। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो को लोग व्यापक रूप से साझा कर रहे हैं। कई यूजर्स ने इसे 'जमीनी स्तर पर सक्रिय नेता' की मिसाल बताते हुए मंत्री की सराहना की है।

# मछुआरों के बच्चों ने 48 गांव प्लास्टिक फ्री कर 6 बीच तैयार किए... अब रोज 300 पर्यटक आ रहे

**कन्याकुमारी (एजेंसी)।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में हिंद महासागर के तट पर बसे 48 गांवों को मछुआरों के बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए 6 बीच तैयार किए हैं। करीब 15 किमी में फैले मछुआरों के गांवों के इन बीच पर पहले सिर्फ मछलियां ही पकड़ी जाती थीं। अब रोज यहां 250-300 पर्यटक पहुंच रहे हैं। यह सब बिना किसी एनजीओ के प्रयास या सरकारी फंड के मुमकिन हुआ है। यहां 'नेगिजी इल्ल नेथल पडई' (प्लास्टिक मुक्त तटीय ब्रिगेड) नाम की पूरी टीम काम कर रही है। इसमें 850 स्कूली बच्चे और 500 ग्रेजुएट हैं। ये सभी इन्हीं गांवों के हैं। ये हर वीकेंड ग्रुप बनाकर गांवों व तट साफ करते हैं।

7 सालों से चल रही इस मुहिम को इंजीनियर मेलबिन रॉबिन ने 2019 में शुरू की थी। उन्होंने 2017 के 'ओखी चक्रवात' में अपने दो भाइयों को खो दिया था। चक्रवात के बाद उन्होंने देखा कि प्लास्टिक के मलबे की वजह से तबाही ज्यादा हुई थी। इसलिए दो दोस्तों के साथ तट की सफाई शुरू की। यह ग्रुप किसी से फंडिंग या मदद नहीं मांगता। इकट्ठा किए प्लास्टिक को बेचकर जो पैसा मिलता है, उसी से वॉलंटियर्स के लिए दस्ताने, जूते और सफाई के उपकरण खरीदते हैं।

वॉलंटियर्स ने मछुआरों को तैयार किया है कि वे समुद्र में इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक वापस जमीन पर लाएं। अब तक इस टीम ने तटों से 7,400 किलो प्लास्टिक कचरा हटाया है। इसके साथ ही चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में 1,200 से अधिक नारियल और जामुन के पेड़ लगाए गए हैं।

मछुआरों के बच्चों की यह ब्रिगेड सिर्फ सफाई नहीं करती, बल्कि लोगों का व्यवहार बदल रही है। उन्होंने 'डोर-टू-डोर' दूध के पैकेट कलेक्शन की शुरुआत की है। पिछले साल सिर्फ तीन गांवों से ही 5 लाख से ज्यादा दूध के पैकेट इकट्ठा कर रीसाइकिल के लिए भेजे गए। जो परिवार सबसे ज्यादा प्लास्टिक रीसाइकिल करता है, उसे यह ब्रिगेड साइकिल या अन्य जरूरी घरेलू सामान उपहार में देती है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**